*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

09 अप्रैल, 2024
चैत्र, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 168







## इडी के सामने पेश हुईं कांग्रेस विधायक

# अधिकारियों ने अंबा से पूछे दर्जनों सवाल

- हां-नर-मौन और कुछ का जवाब देकर अपना जवाब दिया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मनी लांड्रिंग मामले का सामना कर रहीं कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद की मुसीबतें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के नोटिस पर अंबा प्रसाद सोमवार को एजेंसी के रांची स्थित जोनल कार्यालय पहुंचीं। वह दोपहर में करीब ढाई बजे इडी कार्यालय पहुंची थीं। यहां उन्होंने कथित जबरन वसूली और जमीन हड़पने के मामलों से जुड़ी जांच के संबंध में पूछे गये सवालों का जवाब दिया। सूत्रों के मुताबिक इडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ के लिए दर्जन भर से अधिक सवाल पहले ही तैयार कर रखे थे। सवालों के जवाब में अंबा उलझीं। कुछ का उन्होंने स्पष्ट जवाब दिया। कुछ सवालों में हां-न कह कर टाल दिया, तो कुछ पर चुप्पी साध ली। उनके बयान से इडी अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए हैं। दर्ज बयानों की आगे जांच की जायेगी। पूछताछ के लिए अंबा को फिर से बुलाया जा सकता है।

गौरतलब है कि इडी ने 12 मार्च को अंबा प्रसाद और उनके करीबियों के 20 परिसरों में छापेमारी की थी। उन पर अवैध रेत खनन, जमीनों पर कब्जा और जबरन वसूली करने का आरोप है। छापेमारी में करीब 35 लाख रुपये की अवैध नकदी के साथ ही डिजिटल उपकरण, सर्कल कार्यालयों, बैंकों आदि के नकली टिकट और हस्तलिखित रसीदें और डायरियों आदि के रूप में आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किये गये थे। इस मामले में उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से भी 3 अप्रैल को पूछताछ हुई थी। इडी ने अंबा को 4 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वह पेश नहीं हुईं थीं। इसके बाद उन्हें फिर 8 अप्रैल को पेश होने के लिए समन भेजा गया था, जिस पर उन्होंने एजेंसी कार्यालय पहुंच कर अपना बयान दर्ज कराया। इडी के समन को लेकर अंबा प्रसाद ने कहा कि यह पहली बार नहीं है। मैं बचपन से ही चुनौतियों का सामना कर रही हूं। मेरा जीवन संघर्ष का रहा है, लेकिन मैं एक बात पर विश्वास करती हूं कि अंत में सच्चाई की जीत होगी।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# कांग्रेस के अन्याय से झारखंड भी अछूता नहीं: बाबूलाल मरांडी

- कहा, मोदी की गारंटी विकसित भारत, वहीं कांग्रेस की गारंटी भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और सनातन विरोध



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि कांग्रेस ने देश के साथ अन्याय किया है। उसने झारखंडवासियों के साथ अन्याय किया है। कांग्रेस को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी, जबकि कांग्रेस की गारंटी मतलब भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, आतंकवाद, टुकड़े-टुकड़े गैंग का समर्थन, सनातन को गाली और राम के अस्तित्व को नकारना। बाबूलाल सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज और प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे।

बाबूलाल ने कहा कि कांग्रेस के समय गांव तक सुविधाएं नहीं पहुंची थीं। गांव में सड़कें नहीं थीं। बिजली नहीं थी। चिकित्सा व्यवस्था का हाल बुरा था। कांग्रेस ने कभी गांव की चिंता नहीं की। कांग्रेसी गांव की बात रोज करते जरूर थे, पर उन्होंने गांव के लिए कोई काम नहीं किया। एक समय कांग्रेस ने पूरे देश में संकट पैदा कर रखा था। कांग्रेस को क्षमा मांग कर न्याय पत्र निकालना चाहिए।

बाबूलाल ने कहा कि भाजपा के शासनकल में आज गांव में सड़क है। बिजली है। चिकित्सा की सुविधा है। आज केरोसिन की कोई चर्चा नहीं करता। कुछ लोगों का शौक है लालटेन पकड़ने की। कांग्रेस के शासनकाल में शहरों में भी गैस सिलिंडर नहीं मिलता था। आज हर गरीब के घर गैस चूल्हा है। भाजपा के शासनकाल में बैंकों को गरीबों की चौखट तक पहुंचाया गया। लोगों का खाता खुलवाया। ग्रामीणों को सारी सुविधाएं उनके खातों में पहुंच रही हैं।

बाबूलला ने कहा कि भाजपा के शासन से पहले देश में उग्रवाद और आतंकवाद की घटनाएं होती थीं। आज प्रधानमंत्री मोदी आतंकवादियों की आंखों में आंख डाल कर बात करते हैं। भारत आज आतंकवादियों को उनके घर में घुस कर मारता है। कांग्रेस के राज में दंगा चरम पर था, पर आज चारों ओर शांति है। देश में अमन चैन और शांति है। देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि दुनिया निर्बल को नहीं पूछती है। देश आज आर्थिक रूप से आगे बढ़ता जा रहा है। भारत आज विश्व की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का है और इस दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं।

मरांडी ने कहा कि इंडी अलायंस वाले सनातन को गाली देते हैं। कांग्रेस चुप रहती है, एक शब्द नहीं कहती। मौन रहना भी कार्य को स्वीकृति प्रदान करना ही माना जाता है। सनातन पर सभी कुछ बोल देते हैं, पर दूसरे मजहब पर कोई कुछ बोल कर तो दिखाये। समझ लीजिए तब क्या हो जायेगा। उन्होंने कहा कि राहुल जी मुहब्बत की दुकान की बात करते हैं। अदालत का कोई फैसला अपने पक्ष में होने पर कांग्रेस के नेता वाह-वाह करते हैं, पर कभी फैसला खिलाफ जाने पर ये गाली देते हैं। नफरत की दुकान चलाने वाली कांग्रेस पार्टी न्याय नहीं अन्याय कर रही है। कांग्रेस पार्टी वर्षों से देशवासियों के साथ अन्याय ही करती आ रही है। 70 वर्षों में इन्होंने सिर्फ नारा दिया है, काम कुछ नहीं किया, जबकि नरेंद्र मोदी की गारंटी ही गारंटी है और पूरी दुनिया इस बात को जानती है।

## न्यूज रील्स

### टीएमसी ने चुनाव आयोग कार्यालय पर दिया धरना

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को चुनाव आयोग मिलने पहुंचा इसमें डेरेक ओब्रायन, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने सीबीआइ, इडी और एनआइए प्रमुख को बदलने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। जिस तरह से एजेंसियां काम कर रही और केवल टीएमसी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है, यह शर्मनाक है। इसके बाद सभी आयोग के कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गये।

### केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर के खिलाफ एफआइआर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल पुलिस ने केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर के खिलाफ उनकी चाची और टीएमसी सांसद ममता बाला ठाकुर की शिकायत पर एफआइआर दर्ज की है। ममता का आरोप है कि शांतनु ने जबरन बनगांव स्थित उनके घर पर कब्जा करने की कोशिश की। वहीं, शांतनु का कहना है कि ममता ठाकुर के आरोप निराधार है। मैं उस घर का कानूनी उत्तराधिकारी हूं। इसके बाद भी ममता ने घर पर कब्जा जमाया हुआ है।

### कर्नाटक के बेल्लारी में 5.60 करोड़ कैश जब्त

बेल्लारी। कर्नाटक के बेल्लारी से पुलिस ने एक शख्स के पास से 5.50 करोड़ रुपये कैश जब्त किये हैं। साथ ही 3 किलो सोना और 103 किलो चांदी भी बरामद की गयी है। पुलिस शख्स को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूछताछ और पूरी जांच के बाद ही पता चलेगा कि इतनी बड़ी रकम किस काम के लिए ले जायी जा रही थी।

### केजरीवाल को हटाने को लेकर तीसरी याचिका

नयी दिल्ली। तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने को लेकर दिल्ली हाइकोर्ट में सोमवार को तीसरी याचिका लगायी गयी। ये याचिका आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक संदीप कुमार ने लगायी है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए कहा, इस तरह की याचिकाएं पब्लिसिटी स्टंट पाने के लिए होती हैं। आप पर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए। कोर्ट ने सुनवाई की तारीख 10 अप्रैल तय की है।

# गांडेय उपचुनाव का आज से मोर्चा संभालेंगी कल्पना सोरेन, कार्यकर्ताओं से करेंगी संवाद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गांडेय।** उपचुनाव को लेकर कल्पना सोरेन 9 अप्रैल से गांडेय विधानसभा सीट का मोर्चा संभालेंगी। पार्टी प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार कल्पना सोरेन मंगलवार को गांडेय में रहेंगी। इस दौरान दिन के 11.30 बजे वह पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगी और उन्हें उपचुनाव में पूरी मुस्तैदी के साथ जुट जाने का आह्वान करेंगी। उन्हें जीत का मंत्र देंगी। कल्पना सोरेन के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिख रहा है।

कार्यक्रम को लेकर तैयारी भी पूरी कर ली गयी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी प्रमुख हेमंत सोरेन जेल में हैं और उनकी जगह अब उनकी पत्नी कल्पना सोरेन चुनावी संग्राम में पार्टी का मोर्चा संभालने खुल कर सामने आ चुकी हैं। वह राज्य की गांडेय विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी हैं। कल्पना सोरेन की सियासत में लांचिंग के लिए झामुमो नेतृत्व गांडेय को सेफ सीट मान रहा है। इस सीट से इस्तीफा देनेवाले डॉ सरफराज अहमद को झामुमो ने राज्यसभा भेज दिया है।

कल्पना सोरेन के गांडेय दौरे को सफल बनाने के लिए वहां झामुमो कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। कल्पना सोरेन को लेकर कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है। बता दें कि गांडेय में कल्पना सोरेन का मुकाबला भाजपा के उम्मीदवार से होगा।

# आप नेता दुर्गेश पाठक से इडी ने की पूछताछ

- केजरीवाल के पीए भी पहुंचे एजेंसी कार्यालय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता दुर्गेश पाठक से पूछताछ की। उन्हें एजेंसी ने समन जारी कर बुलाया था। इसके अलावा इडी के समन पर केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) विभव कुमार भी सोमवार को एजेंसी के कायार्लय पूछे और उनसे पूछताछ हुई। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार से शराब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिग मामले में पूछताछ की। विभव कुमार से जांच एजेंसी द्वारा पहले भी इसी मामले में पूछताछ हो चुकी है।




# कांग्रेस ने पूर्वोत्तर के साथ सौतेला व्यवहार किया: मोदी

- कहा, हमने धारणा बदली, अब नॉर्थ-इस्ट न दिल्ली से दूर है, न दिल से दूर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आजादी के बाद पूर्वोत्तर राज्य दशकों तक हाशिए पर रहे। कांग्रेस सरकारों ने यहां के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया। हमने इस धारणा को बदला कि पूर्वोत्तर बहुत दूर है। आज पूर्वोत्तर न दिल्ली से दूर है और न दिल से दूर है। पूर्वोत्तर ने दुनिया को दिखाया है कि जब नीयत सही होती है, तो नतीजे भी सही होते हैं। प्रधानमंत्री एक अंग्रेजी अखबार को दिये इंटरव्यू में बोल रहे थे। मोदी ने इस्ट की चुनौतियों और उससे निपटने के लिए केंद्र की पहल पर चर्चा की। उन्होंने असम में उग्रवाद, अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन के दावे, मणिपुर हिंसा, नगालैंड में राजनीतिक संघर्ष और मिजोरम में घुसपैठ की समस्या पर बात की।

मोदी ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है और रहेगा। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। मणिपुर हिंसा को लेकर उन्होंने कहा कि वहां की स्थिति से संवेदनशीलता से निपटना होगा। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 साल के कार्यकाल के दौरान उन्होंने नॉर्थ-इस्ट के विकास के लिए क्या कदम उठाये। उन्होंने कहा कि 2015 के बाद से हमारे मंत्रियों ने 680 से अधिक बार नॉर्थ ईस्ट का दौरा किया। पिछले 10 साल में हमने पूर्वोत्तर के अलगाव को खत्म किया है और इसे भारत के पूर्व के प्रवेश द्वार के रूप में विकसित किया है। मोदी ने कहा कि जब नीयत सही होती है, तो नतीजे भी सही होते हैं।

# देश में दो विचारधारा की लड़ाई: राहुल गांधी

- शहडोल और मंडला में कांग्रेस नेता ने भाजपा पर साधा निशाना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिवनी/शहडोल।** कांग्रेस सासंद राहुल गांधी ने सोमवार को मंडला और शहडोल लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सभा की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र के वादों को दोहराया। साथ ही कई मुद्दों पर मोदी सरकार को निशाने पर लिया। राहुल गांधी ने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को खत्म करेंगे, क्योंकि सेना भी इसे नहीं चाहती है। हमारी सरकार बनने पर देश के किसानों का कर्जा माफ करेंगे। साथ ही किसानों को कानूनी न्यूनतम समर्थन मूल्य देंगे। उन्होंने महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपये देने की भी बात कही।

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी ने 22-25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्जा माफ किया है। मनरेगा को चलाने में 65 हजार करोड़ रुपये लगते हैं। मोदी जी ने 24 साल का मनरेगा का पैसा कर्जे के रूप में माफ कर दिया। लेकिन वह किसानों का, गरीबों का, मजदूरों का कर्जा माफ नहीं करते। इससे पहले मंडला लोकसभा क्षेत्र राहुल गांधी ने कहा, आदिवासी इस देश के और इस जमीन के पहले मालिक हैं। राहुल ने कहा कि मध्यप्रदेश में एक भाजपा नेता ने आदिवासी के सिर पर पेशाब किया। ये इनकी विचारधारा है। राहुल ने युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरी, एससी, एसटी और ओबीसी के छात्रों को दोगुनी स्कॉलरशिप, किसानों को एमएसपी और गरीब महिलाओं के खाते में हर साल एक लाख रुपये जमा करने का वादा किया।

# 'बाहरी' को सांसद चुनने के कलंक को मिटाना चाहता है चतरा

## ■ कभी नक्सलियों का गढ़ रहे झारखंड के चतरा को अब भी है विकास की आस

## ■ भाजपा ने स्थानीय को उम्मीदवार बनाया, इंडी गठबंधन के सामने है बड़ा चैलेंज

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड के 14 संसदीय क्षेत्रों में जो आठ अनारक्षित हैं, उनमें से एक है चतरा, जो पूरी दुनिया में केवल इसलिए चर्चित है, क्योंकि यहां से आज तक जितने भी सांसद चुने गये हैं, उनमें से कोई भी यहां के वोटर नहीं रहे, यानी चतरा ने अब तक 'बाहरी' सांसद को ही चुना है। लेकिन इस बार यह संसदीय क्षेत्र इस कलंक को मिटाने के लिए छटपटा रहा है। इसलिए चुनाव की घोषणा से पहले से ही इस मुद्दे का शोर चतरा में सुनाई देने लगा था, जिसने सभी दलों को सतर्क कर दिया। भाजपा ने अपने सीटिंग सांसद सुनील कुमार सिंह का टिकट काट कर एक स्थानीय नेता कालीचरण सिंह को चतरा से उम्मीदवार बनाया है, जिसके कारण अब इंडी अलायंस के सामने बड़ी चुनौती उत्पन्न हो गयी है। इस गठबंधन में शामिल दलों के बीच चतरा सीट को लेकर रस्साकशी चल रही है। उत्तरी छोटानागपुर डिवीजन का यह जिला बेहद पिछड़ा तो है ही, विकास के लिए उसकी छटपटाहट को भी शिद्दत से महसूस किये जाने की जरूरत है। चतरा कभी पूरी दुनिया में चर्चित हुआ था, क्योंकि नक्सलियों ने इसे पहला 'लिबरेटेड जोन' (स्वतंत्र क्षेत्र) घोषित किया था। बिहार के गया से सटे होने के कारण चतरा कभी नक्सलियों का गढ़ हुआ करता था, लेकिन अब यहां आम तौर पर शांति है। गरीबी और पिछड़ेपन के अलावा पलायन जैसे मुद्दे यहां भी हैं, लेकिन इस बार चारों तरफ 'स्थानीय सांसद' का ही शोर सुनाई दे रहा है। इसलिए राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ गयी है। चतरा संसदीय क्षेत्र का क्या है राजनीतिक माहौल और क्या हो सकते हैं चुनावी मुद्दे, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड का चतरा संसदीय क्षेत्र देशभर में चर्चा का विषय बनता रहता है, क्योंकि यह देश का एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जहां से अब तक कोई भी स्थानीय नेता सांसद नहीं बन पाया है। इस बात से चतरा की जनता में भी खासी नाराजगी रहती है। इसे देखते हुए भाजपा ने मौजूदा सांसद सुनील सिंह का टिकट काट कर स्थानीय नेता कालीचरण सिंह को टिकट थमाया है। अगर वह जीत का परचम लहराते हैं, तो चतरा में एक नया इतिहास लिखा जायेगा। उनके सामने इंडी गठबंधन की ओर से किस पार्टी से उम्मीदवार होगा, इसकी घोषणा अब तक नहीं की गयी है, लेकिन ऐसे संकेत हैं कि यहां से राजद प्रत्याशी उतार सकता है। 'स्थानीय' प्रत्याशी देना उसके लिए बड़ी चुनौती है। अभी तक की जो स्थिति है और मतदाताओं का जो रुझान है, उससे लगता है कि चतरा से बाहर का कोई प्रत्याशी आया, तो वह स्थानीय और बाहरी की जंग में बाहर हो जायेगा, ऐसा चतरा के निवासी कहते हैं। उनका कहना है कि चतरा की धरती पर उम्मीदवारों की कमी नहीं है। यहां के लोग इतने नाकाम नहीं हैं कि चुनाव नहीं लड़ सकते। आखिर हम कब तक बाहर के लोगों को अपना रहनुमा चुनते रहेंगे। उनकी पीड़ा है कि 2019 तक सारी राष्ट्रीय पार्टियों ने बाहर से लाकर हमारे ऊपर उम्मीदवार थोप दिया। नतीजा यह रहा कि वह जीतने के बाद मेहमान बन गया। साल में कभी कभार उसके दर्शन होते थे। ऐसे में वह यहां की समस्याओं से कितना रूबरू होता। परिणाम यह रहा कि इस इलाके में स्थापित उद्योग भी दम तोड़ बैठे और आज उनका ढांचा मात्र खड़ा है। कारखाने के लालच में किसानों ने अपनी जमीन देकर ट्रक खरीद लिया कि उससे कमाई करेंगे। कारखाना बंद होने के बाद ट्रक दरवाजे पर खड़े हो गये। कुछ तो बैंक ने किश्त नहीं देने के कारण खींच लिया। जिसकी किश्त जमा हो गयी थी, उनमें से कई ट्रक खड़े-खड़े जर्जर हो गये। आज उनका ढांचा मात्र बचा है। जमीन देकर ट्रक खरीदने वाले किसान कंगाल हो गये हैं। उनके सामने भुखमरी की नौबत आ गयी है। जिन युवकों को रोजगार मिला था, वह बेरोजगार होकर फांकाकशी कर रहे हैं। अब तो कारखाने को चोरों ने खोखला कर दिया है। अरबों के कबाड़ चोरी हो चुके हैं। झारखंड का चतरा संसदीय क्षेत्र राज्य की आठ सामान्य सीटों में से एक है। बिहार के गया जिले से सटे चतरा को कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है।




### राजनीतिक परिदृश्य

चतरा वैसे तो सामान्य सीट है, लेकिन इस सीट के जातीय समीकरण पर एक नजर डालें, तो यहां अनुसूचित जाति के वोटरों का अधिक प्रभाव है। चतरा में अनुसूचित जाति की आबादी 28.24 प्रतिशत है, वहीं अनुसूचित जनजाति की आबादी 19.39 प्रतिशत है। चतरा के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं, जिसमें से दो पर भाजपा के विधायक हैं, तो एक-एक राजद, कांग्रेस और झामुमो के पास है। सिमरिया से किशुन कुमार दास और पांकी में डॉ शशि भूषण मेहता विधायक हैं। ये दोनों भाजपा के हैं। चतरा से राजद के सत्यानंद भोक्ता, मनिका से कांग्रेस के रामचंद्र सिंह और लातेहार से झामुमो के बैद्यनाथ राम विधायक हैं।

### प्रमुख चुनावी मुद्दे

सबसे खास बात यह है कि चतरा लोकसभा क्षेत्र ऐसा क्षेत्र है, जहां से आज तक कोई भी स्थानीय व्यक्ति सांसद नहीं बन सका है। यानी चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद हमेशा किसी दूसरे क्षेत्र के रहने वाले लोग रहे हैं। यहां सांसद बनने के बाद उनका दर्शन दुर्लभ हो जाता है और प्रतिनिधियों पर क्षेत्र से गायब रहने का आरोप लगता है। इसलिए लोग इस बार इस दाग को मिटाने के लिए आतुर दिख रहे हैं। शिक्षा के मामले में भी यह इलाका पूरी तरह पिछड़ा हुआ है। इसके अलावा भूमि सर्वेक्षण में अनियमितता और भूमि विवाद इस पूरे इलाके के मुख्य मुद्दे हैं। लेकिन इन मुद्दों पर जन प्रतिनिधियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है।

### चुनावी इतिहास

वर्ष 1957 से अब तक चतरा संसदीय क्षेत्र का सांसद बनने का सौभाग्य चतरा के स्थानीय लोगों को नहीं मिला है। कोडरमा और हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से विभाजित होकर चतरा संसदीय क्षेत्र का निर्माण हुआ। अभी तक चतरा संसदीय क्षेत्र से जितने भी सांसद निर्वाचित हुए हैं, सभी चतरा जिले के बाहर के मतदाता रहे हैं। चतरा संसदीय क्षेत्र से 1957 में पहली बार महारानी विजया राजे सांसद बनीं। उनका संबंध पदमा (रामगढ़) के राजघराने से था। वह मूलतः हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की मतदाता थीं। वह लगातार तीन बार चतरा से सांसद बनीं। वर्ष 1971 के चुनाव में शंकरदयाल सिंह चतरा के सांसद निर्वाचित हुए। वह अविभाजित बिहार के औरंगाबाद जिले के थे। वर्ष 1977 में सुखदेव प्रसाद वर्मा सांसद चुने गये। श्री वर्मा बिहार के जहानाबाद के रहने वाले थे। इसके बाद 1980 में गया निवासी रंजीत सिंह चतरा के सांसद बने। वर्ष 1984 में धनबाद के योगेश्वर प्रसाद योगेश चतरा से सांसद निर्वाचित हुए। लगातार दो बार 1989 और 1991 में चतरा के लिए निर्वाचित सांसद उपेंद्रनाथ वर्मा का संबंध गया के मानपुर से था। इनके बाद धीरेंद्र अग्रवाल को वर्ष 1996 और वर्ष 1998 में लगातार दो बार चतरा के लिए सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वह भी गया के निवासी थे। चतरा संसदीय क्षेत्र से 1999 में संसद सदस्य बनने वाले नागमणि मूलतः जहानाबाद जिले के निवासी हैं। वर्ष 2004 में एक बार फिर धीरेंद्र अग्रवाल को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। वर्ष 2009 के संसदीय आम चुनाव में चतरा के मतदाताओं ने इतिहास रचते हुए झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी को मौका दिया। श्री नामधारी ने यह चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ा था। श्री नामधारी का संबंध पलामू के डालटनगंज से है। इसके बाद 2014 में बक्सर और रांची से ताल्लुक रखने वाले सुनील कुमार सिंह ने चतरा की मार्फत लोकसभा में प्रवेश किया। 2019 में भी वह सांसद चुने गये। इस प्रकार चतरा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद चतरा के मतदाता नहीं रहे। बाहरी उम्मीदवारों का दबदबा रहा और चतरा के निवासी यह बर्दाश्त करते रहे। अब इंतजार है 2024 के संसदीय चुनाव का। देखना है चतरा के मतदाता इस बार क्या गुल खिलाते हैं।

### क्या है 'बाहरी' सांसद का मुद्दा

चतरा लोकसभा क्षेत्र का अब तक इतिहास रहा है कि यहां से कोई भी स्थानीय निवासी सांसद नहीं बना है। क्षेत्र में मजबूत समझे जाने वाले किसी भी राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय दल ने चतरा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत निवास करने वाले किसी भी व्यक्ति को अपना प्रत्याशी आज तक नहीं बनाया है। अब, जब मजबूत राजनीतिक दलों के द्वारा स्थानीय लोगों को प्रत्याशी ही नहीं बनाया जाता है, तो फिर स्थानीय सांसद की कल्पना साकार कैसे होगी। स्थानीय सांसद नहीं होने के कारण सांसदों का संपर्क आम लोगों से नहीं रहता है। बाहरी होने के कारण सांसदों के प्रति आम लोगों के मन में भी अपनत्व की भावना नहीं बन पाती है। इसका प्रभाव यह पड़ता है कि सांसद दो-चार लोगों के बीच घिर कर रह जाते हैं और जनता से पूरी तरह कट जाते हैं। परिणाम होता है कि दोबारा जब सांसद चुनाव मैदान में उतरते हैं तो उन्हें आम लोगों के साथ-साथ अपने ही लोगों के विरोध का सामना करना पड़ता है।

### 2014 के बाद बदल गया है माहौल

वर्ष 2014 के बाद देश के कई अन्य हिस्सों की तरह ही चतरा संसदीय क्षेत्र का माहौल भी बदल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय राजनीति में आने के बाद लोकसभा चुनाव में भाजपा अब पूरी तरह प्रधानमंत्री के चेहरे पर ही निर्भर हो गयी है। भाजपा के नेता और कार्यकर्ता भी जानते हैं कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर ही भाजपा को वोट करती है। इस बात में सच्चाई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम ही भाजपा उम्मीदवार की जीत की गारंटी होती है।

इस बार भाजपा ने कालीचरण सिंह को प्रत्याशी बनाया है, जो अपने 'स्थानीय' ब्रांड को भुनाने की खूब कोशिश कर रहे हैं। अब तक उनके प्रतिद्वंद्वी की घोषणा नहीं हुई है और यह उनके पक्ष में जाता दिखाई दे रहा है। इंडी अलायंस में अब तक यह भी तय नहीं हैं कि चतरा से कौन सी पार्टी का उम्मीदवार होगा। वैसे राजद यहां से ताल ठोक रहा है। ऐसे में स्थानीय उम्मीदवार देना इंडी अलायंस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। यदि वह भी किसी स्थानीय को प्रत्याशी बनाता है, तो फिर चतरा के सिर से इस बार 'बाहरी' को चुनने का कलंक मिट जायेगा।

---

# ढुल्लू ने सरयू को भेजा नोटिस

## वकील ने कहा, माफी मांगें, नहीं तो मुकदमा किया जायेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विधायक ढुल्लू महतो ने जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय को कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में उनके वकील के द्वारा कहा गया है कि या तो अपनी कही गयी बातों के लिए विधायक सरयू राय माफी मांगें अन्यथा उनके खिलाफ मुकदमा किया जायेगा।

गौरतलब है कि विधायक सरयू राय ने धनबाद में प्रेस कांफ्रेंस कर ढुल्लू महतो के खिलाफ कई आरोप लगाये थे। उन्होंने कहा था कि ढुल्लू के खिलाफ 50 मामले लंबित हैं। दो-तीन मामलों को मिला कर चार साल से अधिक की सजा हुई है। सरयू राय को भेजे नोटिस में कहा गया है कि आपने कई तरह के झूठे आरोप लगा कर हमारे क्लाइंट की छवि धूमिल करने की कोशिश की है। आपने कई तरह के अनपार्लियामेंट्री शब्दों का प्रयोग किया है। आपका प्रेस कांफ्रेंस पूरी तरह से मेरे क्लाइंट की सामाजिक छवि को धूमिल करने के लिए था। नोटिस में कहा गया है कि या तो आप माफी मांगें अथवा आपके खिलाफ मुकदमा किया जायेगा।

# नोटिस घटिया, जवाब देने लायक नहीं : सरयू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो तथा विधायक सरयू राय के बीच सियासी रार बढ़ती ही जा रही है। ढुल्लू महतो ने सरयू राय को कानूनी नोटिस भेजा था। इसे सरयू राय ने फाड़ कर रद्दी की टोकरी में डाल दिया है। सोमवार को मीडिया में सूचना जारी करते हुए कहा है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में 800 वोटों से जीत कर विधायक बने ढुल्लू महतो ने उन्हें एक धमकी भरा कानूनी नोटिस भेजा है। यह कानूनी नोटिस घटिया दर्जे का है। जवाब देने लायक नहीं है। यह रद्दी की टोकरी में फेंकने लायक ही है। ऐसे में उन्होंने इसे फाड़ कर रद्दी की टोकरी में फेंक ही दिया है। अब नोटिस का जवाब देने पर कानूनी कार्रवाई करने की धमकी देनेवाले ढुल्लू महतो को यदि हिम्मत है तो सीधे न्यायालय का दरवाजा खटखटायें। उन पर मानहानि का मुकदमा कर दें। सरयू राय के मुताबिक, उन्हें कानूनी नोटिस भेजना इनकी चुनावी चाल है। अपने ऊपर के आपराधिक मुकदमों से जनता का ध्यान भटकाने की साजिश है। वह यह साजिश सफल नहीं होने देंगे। इसका पर्दाफाश करेंगे। सरयू राय ने बताया है कि उन्हें भेजे गये कानूनी नोटिस में श्री महतो ने उन्हें सामंती मनोवृत्ति का बताया है। पिछड़े समुदाय एवं गरीब लोगों के विरोधी मानसिकता का बताया है। यदि श्री महतो को शौक है कि उन्होंने जो आरोप उन पर लगाये हैं, उससे धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लोगों को अवगत होना चाहिए, तो वे इसका पंपलेट और पोस्टर बनवा कर धनबाद लोकसभा क्षेत्र के चौक चौराहे पर लगवा देंगे। वे उन घटनाओं का भी उल्लेख पोस्टर में कर देंगे, जिनमें श्री महतो ने न केवल पिछड़े वर्ग, बल्कि अपने सजातीय समुदाय के ऊपर घृणित अत्याचार किया है। उनकी हकमारी करते रहे हैं। सरयू राय ने भाजपा नेताओं को भी ढुल्लू मामले में ध्यान देने को कहा है। कहा है कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी सहित अन्य नेताओं को भी इसकी जानकारी होनी चाहिए कि श्री ढुल्लू महतो पर 46 मुकदमे होने की जानकारी स्वयं धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक ने झारखंड उच्च न्यायालय को पत्र लिख कर दी है। इनमें से चार मुकदमों पर सजा हो चुकी है, शेष चार मुकदमे धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय को लिखे गये पत्र के बाद दर्ज हुए हैं। वे पुनः दोहराना चाहते हैं कि ढुल्लू महतो ने अपने ऊपर आपराधिक मुकदमे दर्ज होने का अर्द्धशतक बनाया है।

---

### निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पर ली चुटकी

# जमानत बचाने के लिए भी गोड्डा सीट से नहीं मिल रहे प्रत्याशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गोड्डा लोकसभा सीट पर कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है। सांसद निशिकांत दुबे की मानें, तो इस सीट के लिए पार्टी के पास कोई प्रत्याशी ही नहीं है, जिनका नाम इसके लिए सामने आ रहा है, वे सभी किसी न किसी कारण से हाथ खड़ा कर दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर चुटकी ली। कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार गोड्डा लोकसभा से कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। मंत्री आलमगीर आलम और विधायक इरफान अंसारी ने डर से इस सीट से इनकार कर दिया है। दुष्कर्म के आरोपी विधायक प्रदीप यादव ने सजा के डर से और अन्य उम्मीदवारों ने जमानत बचाने के चक्कर में गोड्डा सीट से चुनाव लड़ने से मना किया है।

# आजसू ने फर्जी कॉल से मतदाताओं को भ्रमित करनेवालों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय सचिव बनमाली मंडल ने अरगोड़ा थाने में सोमवार को एक आवेदन दिया। इसमें मोबाइल नंबर 8069167870 से कॉल करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि इस मोबाइल नंबर से गिरिडीह लोकसभा के मतदाताओं को कॉल करके गलत जानकारी देकर दिग्भ्रमित किया जा रहा है। यह व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी कार्यालय से कॉल करने का दावा करते हुए लोगों को गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी को वोट नहीं देने की बात कह रहा है। कहा कि इस तरह के कॉल से न सिर्फ चंद्रप्रकाश चौधरी और हमारे गठबंधन की छवि ही धूमिल हो रही है, बल्कि मतदाताओं को भी प्रभावित किया जा रहा है। इस तरह के आपराधिक मानसिकता वाले लोग निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया को भी बाधित कर रहे हैं। एफआइआर दर्ज होने के बाद अरगोड़ा थाना प्रभारी ने दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

---

### बीजेपी प्रदेश प्रभारी के बयान पर जेएमएम ने जतायी कड़ी आपत्ति

# पुलिस तत्काल संज्ञान लेते हुए इन्हें जेल भेजे : सुप्रियो भट्टाचार्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बयान जारी कर बीजेपी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए विरोध किया है। पिछले शनिवार को जमशेदपुर दौरे के क्रम में यहां बातचीत के दौरान उनकी जुबान फिसल गयी थी। इस पर जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बीजेपी की नजर में मां बहन बेटी की क्या सोच है, यह किसी से छुपा नहीं है। सरायकेला में बीजेपी प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने जो कहा, वह महिलाओं को अपमानित करने जैसा है। लक्ष्मीकांत वाजपेयी आपकी सोच क्या है। क्या सोच लेकर झारखंड आये हैं। क्या यही सोच पीएम की भी है। क्योंकि वह उत्तरप्रदेश से सांसद हैं। कुछ दिन पूर्व हमने इसी भाषा का विरोध जताया था। उत्तरप्रदेश से आकर इस तरह की भाषा का प्रयोग करेंगे। पुलिस इस पर तत्काल संज्ञान ले और जेल भेजे।



### इंडी गठबंधन के न्याय पत्र से घबरा गयी है बीजेपी

बीजेपी इंडी गठबंधन के न्याय पत्र से घबरा गयी है। 10 साल में प्रधानमंत्री ने क्या किया, अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करे। इस तरह की सोच रखेंगे तो आप के साथ भी ऐसा ही व्यवहार होगा। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल बताये कि इस तरह के बयान पर क्या कर रहे हैं। 21 अप्रैल की महारैली से बीजेपी घबरा गयी है। न्याय पत्र से पीएम की घबराहट साफ दिखाई दे रही है। बाबूलाल जी बोल रहे हैं कि सनातन धर्म वाले लोग आयेंगे। बोलिए न सरना धर्म वाले लोग आयेंगे।

### बाबूलाल मरांडी का क्या हाल बीजेपी करेगी हमें पता है

बीजेपी बाबूलाल का ऐसा हाल करेगी, वह हम जानते हैं। बीजेपी राज्य में जेवीएम बन गयी है। यह राज्य मुद्दों पर चुनाव लड़ रहा है। हेमंत सोरेन के खिलाफ हुए अन्याय के खिलाफ चुनाव के लिए लड़ा जा रहा है। जेएमएम राज्य के युवाओं बेरोजगारों के मुद्दे पर वोट मांग रहे हैं। महिला पहलवानों पर हुए अत्याचार से पता चलता है कि बीजेपी की क्या सोच है। हेमंत सोरेन की पत्नी जब चुनावी मैदान में आयी तो सभी के पेट में दर्द होने लगा। निशिकांत दुबे एक्स पर पोस्ट करने लगे। झारखंड झुकेगा नहीं, लक्ष्मीकांत वाजपेयी को समय पर जवाब दिया जायेगा।

### क्या बोल गये थे बीजेपी प्रदेश प्रभारी

प्रेस कांफ्रेंस में अपना संक्षिप्त परिचय देते-देते लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने अचानक कह दिया कि उनकी मां-बहन करके आ जाता था। उन्होंने कहा कि मैंने स्कूटर से काम किया है। जब उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी, तब भाजपा कार्यकर्ताओं से अफसर ज्यादती किया करते थे। स्कूटर से जितनी देर वहां पहुंचने में लगती थी, बस वही समय लगता था। उनकी मां बहन करके आ जाता था। फिर अपने कार्यकर्ताओं को बेदाग साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ता था। उन्होंने कहा कि मां के पेट से जन्म लिया हूं। जब नंबर आयेगा, तब देखा जायेगा। मरना-जीना सब पहले से तय है।

# महिलाओं की चुनावी जंग का अखाड़ा बना झारखंड

अक्षय

**इस** बार के लोकसभा चुनावों में झारखंड एक नयी इबारत लिखने जा रहा है। झारखंड की राजनीति में इस समय महिला उम्मीदवार और महिला मतदाता, दोनों की अहम भूमिका होने जा रही है। यहां चुनावी जंग में महिला नेताओं का बड़ा इम्तिहान है। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में पहली बार तीन महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। विपक्षी इंडिया गठबंधन ने भी एक महिला प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। इसके अतिरिक्त दो अन्य सीटों पर महिला नेताओं की उम्मीदवारी पर विचार चल रहा है।



## कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी

अन्नपूर्णा देवी कोडरमा से भाजपा की सांसद हैं और केंद्र सरकार में शिक्षा राज्यमंत्री भी। भाजपा ने उन्हें दूसरी बार इस सीट पर प्रत्याशी बनाया है। अन्नपूर्णा देवी राजनीति में 26 सालों से सक्रिय हैं। सियासी मैदान में उनकी एंट्री पति रमेश प्रसाद यादव के साल 1998 में निधन के बाद हुई थी। रमेश प्रसाद यादव कोडरमा से राजद के विधायक थे। उनके निधन के बाद इस सीट पर उपचुनाव हुआ तो अन्नपूर्णा देवी पहली बार बिहार विधानसभा पहुंचीं। उन्हें बिहार की राबड़ी देवी सरकार में मंत्री बनाया गया। इसके बाद अन्नपूर्णा देवी ने राजद के टिकट पर साल 2000, 2005 और 2009 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की। झारखंड में साल 2013 में बनी हेमंत सोरेन की सरकार में भी अन्नपूर्णा देवी को मंत्री बनाया गया था। लेकिन साल 2014 में उन्हें कोडरमा विधानसभा सीट से हार का सामना करना पड़ा। 2019 में अन्नपूर्णा देवी राजद छोड़ भाजपा में शामिल हो गयीं। भाजपा ने उन्हें कोडरमा सीट पर लोकसभा का प्रत्याशी बनाया। लोकसभा चुनाव में उन्हें जीत हासिल हुई और वे केंद्र सरकार में राज्यमंत्री बनीं। इस बार के चुनाव में अन्नपूर्णा देवी का मुकाबला भाकपा माले के प्रत्याशी विनोद सिंह से है। विनोद सिंह बगोदर इलाके के विधायक हैं।

## सिंहभूम से गीता कोड़ा

उधर, सिंहभूम सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद गीता कोड़ा को प्रत्याशी बनाया है। वे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं और उन्होंने पिछला चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर जीता था। करीब दो महीने पहले उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी। उनका मुकाबला इस बार झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार से होगा। झामुमो ने अब तक अपना प्रत्याशी तय नहीं किया है।

## दुमका से सीता सोरेन

भाजपा की ओर से चुनाव मैदान में उतारी गयीं तीसरी महिला हैं- सीता सोरेन। सीता सोरेन को दुमका सीट पर प्रत्याशी बनाया गया है। वे झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख शिबू सोरेन की बड़ी बहू हैं। दुमका लोकसभा के अंतर्गत आने वाली जामा विधानसभा सीट से सीता तीन बार विधायक रह चुकी हैं। उन्होंने करीब महीना भर पहले परिवार और झामुमो से बगावत कर दी और भाजपा में शामिल हो गयीं। दुमका सीट पर उनका मुकाबला झामुमो के वरिष्ठ नेता नलिन सोरेन से होगा। नलिन सोरेन दुमका लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली शिकारीपाड़ा सीट से लगातार सात बार विधायक चुने गये हैं।

## पलामू से ममता भुइयां

राजद ने पलामू सीट पर ममता भुइयां को प्रत्याशी बनाया है। वह महीने भर पहले तक भाजपा में थीं। उनका ताल्लुक भी सियासी परिवार से है। वह जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से कई बार विधायक रहे दुलाल भुइयां के भाई की पत्नी हैं। यहां उनका मुकाबला भाजपा के दो बार के सांसद वीडी राम से होगा।

## जानकारी

### झारखंड की चार सीटों पर महिलाएं हैं भाग्यविधाता

**झारखंड** में लोकसभा की 14 सीटों के लिए चार चरणों में मतदान होगा। यहां पहले चरण में 13 मई को, दूसरे चरण में 20 मई को, तीसरे चरण में 25 मई और चौथे चरण में 1 जून को वोट डाले जायेंगे। भाजपा ने सभी 13 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दुमका सीट से सीता सोरेन को टिकट दिया गया है। गिरिडीह की सीट पर भाजपा के सहयोगी दल ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन ने अपना उम्मीदवार उतारा है। झारखंड में 2019 के चुनाव में भाजपा ने 14 में से 11 सीटों पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और आजसू पार्टी को एक-एक सीट मिली थी। राज्य में इस बार का चुनाव भी बड़ा दिलचस्प होने जा रहा है, क्योंकि लोकसभा चुनावों से ठीक पहले यहां सत्ता में बड़ा परिवर्तन हुआ है। इस बार के चुनावों की बात करें तो झारखंड में चार लोकसभा सीट पर महिला मतदाता निर्णायक भूमिका निभायेंगी, क्योंकि यहां मतदाता सूची में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। इनमें राजमहल, सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा लोकसभा सीट शामिल हैं। ये सभी चारों सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। इनमें से सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा में 13 मई को मतदान होगा। राजमहल सीट पर एक जून को मतदान होगा। इस बार चुनाव में भाजपा और इंडी गठबंधन आमने-सामने हैं। दोनों ही गठबंधन इन सीटों पर महिला मतदाताओं का समर्थन जुटाने में जुटे हैं।

#### खूंटी लोकसभा सीट

झारखंड की मतदाता सूची के अनुसार, खूंटी लोकसभा सीट पर पुरुषों की तुलना में सबसे अधिक महिला मतदाता हैं। इस सीट पर कुल छह लाख 67 हजार 946 महिला मतदाता हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या छह लाख 44 हजार 311 है। खूंटी सीट का प्रतिनिधित्व भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा करते हैं। उन्होंने 2019 में कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से महज 1445 मतों के मामूली अंतर से जीत हासिल की थी। पार्टी ने फिर उन्हें इस सीट से प्रत्याशी बनाया है।

#### सिंहभूम लोकसभा सीट

सिंहभूम एक और आदिवासी लोकसभा सीट है, जहां पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाता की संख्या अधिक है। इस क्षेत्र में कुल 14 लाख 32 हजार 963 मतदाताओं में से सात लाख 27 हजार 734 महिला और सात लाख पांच हजार 167 पुरुष मतदाता हैं। सिंहभूम लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबला बड़ा ही दिलचस्प होने वाला है, क्योंकि यह पारंपरिक रूप से झारखंड पार्टी और कांग्रेस का गढ़ रहा है। दोनों दल पांच-पांच बार इस सीट से जीत दर्ज कर चुके हैं। झारखंड की इकलौती कांग्रेस सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा हाल में भाजपा में शामिल हो गयीं और उन्हें सिंहभूम सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। गीता कोड़ा ने वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा के लक्ष्मण गिलुआ को हराया था।

#### लोहरदगा लोकसभा सीट

लोहरदगा लोकसभा सीट पर सात लाख सात हजार 402 पुरुष मतदाताओं के मुकाबले सात लाख 19 हजार 616 महिला मतदाता हैं। भाजपा ने इस सीट से झारखंड से अपने राज्यसभा सदस्य समीर उरांव को खड़ा किया है। हालांकि यहां से भाजपा के सुदर्शन भगत लगातार तीन बार से सांसद हैं, लेकिन इस बार पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया है। समीर उरांव का मुकाबला कांग्रेस के सुखदेव भगत से होगा।

#### राजमहल लोकसभा सीट

राजमहल सीट पर कुल 16 लाख 82 हजार 219 मतदाताओं में से आठ लाख 41 हजार 217 महिला और आठ लाख 40 हजार 995 पुरुष मतदाता हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के विजय कुमार हांसद ने 2019 में राजमहल लोकसभा सीट पर जीत हासिल की थी। उन्होंने भाजपा के हेमलाल मुर्मू को हराया था। भाजपा ने इस बार अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी को यहां से प्रत्याशी बनाया है। झामुमो से विजय हांसदा ही उतरेंगे।

## चुनाव खर्च

# झारखंडी टोपी की कीमत 400 रुपये

सलोनी



**लोकसभा** चुनाव में प्रत्याशी प्रचार के दौरान अगर किसी एक नेता को झारखंडी टोपी पहनाता है, तो उसके खर्च में चार सौ रुपये जुड़ेंगे। चुनाव आयोग ने टोपी का रेट 350 से 400 रुपये निर्धारित किया है। इस तरह मफलर का रेट 200 रुपये, सिल्क शॉल का रेट 1600 रुपये और तीर-धनुष का रेट 250 रुपये तय किया गया है। कार्यकर्ताओं को दिये जाने वाले चाय-समोसे पर 15-15 रुपये, मटन-चिकन पर 255 रुपये और मिठाई पर 500 रुपये तक खर्च कर सकेंगे। निर्वाचन समितियों ने चुनाव खर्च पर निगरानी की प्रक्रिया के तहत प्रत्याशियों के लिए दरें तय कर दी हैं। हर चीज का हिसाब चुनाव आयोग को देना होगा। एक लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशी लोगों को मांसाहारी भोजन कराने के लिए 120 रुपये प्रति थाली खर्च कर सकते हैं। यह थाली चिकन-चावल की होगी। मटन-भात की कीमत 170 रुपये प्रति थाली होगी। मछली-भात की थाली की कीमत 150 रुपये होगी। मूल्य तालिका के हिसाब से शाकाहारी थाली की कीमत एक सौ रुपये होगी, जबकि यदि इसमें पनीर की सब्जी रहेगी, तो 30 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। नाश्ते पर 50 से 80 रुपये के बीच खर्च किया जा सकता है। मिठाइयों में लड्डू 240 से 480 रुपये किलो, बर्फी पिस्ता 650 से 800 रुपये और रसगुल्ले के दाम 300 से लेकर 400 रुपये निर्धारित हैं।

## कार के रेट भी तय

एक प्रत्याशी की प्रचार संबंधी खर्च सीमा 95 लाख तय गयी है। जिला निर्वाचन समितियों की ओर से प्रचार अभियान शुरू होने के बाद खर्चे पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। टोपी, मफलर, मालाओं, गुलदस्ते, लाउडस्पीकर, डीजे, पंडाल, पोस्टर, झंडे, बैज, एलईडी स्क्रीन, गुब्बारे, गेट, वाटर टैंक, कैप, फोटो और वीडियोग्राफी, फर्नीचर, टेंट, शामियाना, पर्दे, कालीन, दरी, सोफा, होटल रूम, गेस्ट हाउस, अस्थायी पार्टी/अभियान कार्यालय समेत साइकिल रिक्शा से लेकर महंगे वाहनों और किराये पर हेलिकाप्टर के लिए भी दरें तय की गयी हैं।

## प्राकृतिक फूलों की माला 100 रुपये तक

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्राकृतिक फूलों की माला की कीमत 40 से 100 रुपये (प्रति यूनिट) है। कुर्सी 15 रुपये, वीआइपी कुर्सी 35 रुपये और सोफा 700 से 1000 रुपये, एंप्लीफायर और माइक्रोफोन के साथ लाउडस्पीकर का किराया 1500 से 2700 रुपये, पंखे की दरें 70 रुपये प्रति दिन तय की गयी हैं। नन-एसी कार पर हर दिन 2000, एसी कार पर 2200, एसयूवी पर 3000 और लग्जरी कार पर हर दिन 5000 रुपये तक खर्च किया जा सकेगा। टेंपो के लिए किराया तीन सौ रुपये प्रति दिन और इ-रिक्शा के लिए 200 रुपये तय है।

# कांशीराम के सभास्थल पर रामायण के 'श्रीराम' ने जमा लिया था कब्जा

राजवीर

**1988** के लोकसभा उपचुनाव में इलाहाबाद सीट पर जसरा के रामलीला मैदान पर बसपा के सभास्थल पर कांग्रेसियों के कब्जा जमाने की घटना अब भी लोग भूले नहीं हैं। बताते हैं कि बसपा संस्थापक कांशीराम के समर्थकों ने जहां रातभर पसीना बहाकर मंच बनवाया और झंडे-बैनर लगाये थे, वहां सुबह कांग्रेसियों ने रामायण सीरियल में राम का किरदार निभाने वाले अभिनेता अरुण गोविल की सभा करा दी थी। वह उपचुनाव बहुत दिलचस्प माना जाता है। इसके पहले लोकसभा चुनाव में अमिताभ बच्चन ने हेमवती नंदन बहुगुणा को हरा कर इलाहाबाद पर रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की थी। इसके बाद उपचुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह जहां संयुक्त विपक्ष के प्रत्याशी थे, वहीं पर लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र सुनील शास्त्री कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। उस समय भारतीय राजनीति में कांशीराम तेजी से आगे बढ़ रहे थे। वह भी बहुजन समाज पार्टी से चुनाव मैदान में उतरे थे। पूरे देश की नजर इलाहाबाद के उपचुनाव पर थी। राजनीतिक दलों की ओर से अपने-अपने उम्मीदवारों के समर्थन में स्टार प्रचारकों की आवाजाही लगी थी। मतदाताओं को लुभाने के लिए एक से एक स्टार प्रचारक मैदान में उतारे जा रहे थे। जसरा बाजार के रामलीला मैदान में कांशीराम की सभा के लिए बसपाइयों ने रातभर मेहनत की थी। बताते हैं कि मैदान की साफ-सफाई के बाद वहां झंडे-बैनर भी लगा दिए गए थे। अचानक उसी सुबह लोगों को पता चला कि जसरा रामलीला के मैदान पर उसी दिन रामायण सीरियल के राम की सभा प्रस्तावित कर दी गयी।

## फूल और आरती की सामग्री लेकर पहुंचे थे ग्रामीण

कांग्रेस प्रत्याशी सुनील शास्त्री के समर्थन में जसरा रामलीला मैदान पर सुबह से ही कांग्रेसियों की भीड़ लगने लगी। प्रचारित किया जाने लगा कि कुछ देर में ही वहां अरुण गोविल आने वाले हैं। देखते-देखते पूरा मैदान व बाजार अरुण गोविल को देखने वालों से भर गया। उस चुनाव के साक्षी रहे लोग बताते हैं कि अरुण गोविल के लिए गांव के दूर-दूर से लोग अपने घरों से फूल और आरती की सामग्री लेकर आए थे। कांशीराम पहुंचे तो कार्यक्रमस्थल का नजारा ही बदल गया था। इसके बाद वह समर्थकों के साथ जसरा बाजार में दलित बस्ती के अंदर काका गुटकाई के घर के सामने सभा की। अरुण को देखने के लिए जुटी भीड़ को देख समय थोड़ा झटका लगा, जब वह सभास्थल पर वीआइपी कार से पहुंचे। वह मुख्य सड़क से ही अपनी गाड़ी के ऊपर खड़े होकर भीड़ को संबोधित कर आगे बढ़ गये। उन्होंने सभास्थल के मंच तक जाना भी जरूरी नहीं समझा। इस चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 2,02,996 मत प्राप्त कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। सुनील शास्त्री ने 92,245 मत प्राप्त किया था। बसपा के उम्मीदवार के रूप में कांशीराम को 69,517 मिले थे।

## रोचक किस्से

### जंक्शन पर उतरीं सरोज, तो अखबार से मालूम पड़ा कि मिल गया टिकट

**लोकसभा** चुनाव 1991 में इलाहाबाद संसदीय सीट से जनता दल से टिकट पाने के लिए सरोज दुबे ने खासी मेहनत की। उस दौरान किसी को भी पता नहीं था कि जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी सिंह इलाहाबाद संसदीय सीट से टिकट किसे देंगे। तब सरोज दुबे समेत तमाम नेताओं ने दिल्ली में डेरा डाल दिया था, लेकिन वीपी सिंह ने सभी को चुनाव प्रचार के लिए वापस इलाहाबाद जाने को कह दिया। मायूस सरोज दुबे व अन्य नेता ट्रेन से जब इलाहाबाद जंक्शन (अब प्रयागराज जंक्शन ) पर उतरे तो यहां स्टेशन पर ही अखबार देख सब फूले नहीं समाये, क्योंकि उसमें खबर छपी थी कि सरोज दुबे को वीपी सिंह ने इलाहाबाद से प्रत्याशी बनाया है। 1991 के लोकसभा चुनाव में वीपी सिंह जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। पूरे देश में टिकट बांटने का जिम्मा उन्होंने खुद ले रखा था। उस समय दिल्ली जाने के लिए प्रयागराज एक्सप्रेस प्रमुख ट्रेन थी। तब संभावित प्रत्याशी सरोज दुबे, केके श्रीवास्तव समेत बहुत से कार्यकर्ता दिल्ली पहुंच गये। वहां वीपी सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं ने इलाहाबाद लोकसभा सीट से सरोज दुबे को प्रत्याशी बनाने का अनुरोध किया। तब वीपी सिंह ने इलाहाबाद से पहुंचे लोगों से बातचीत में कहा कि तू सब यहां समय न खराब करा, जा जैसा होए बतुवे ह्व। उनके कहने पर सभी लोग दिल्ली से इलाहाबाद आने की तैयारी में जुट गये, क्योंकि अचानक आना था इस वजह से रिजर्वेशन नहीं मिला। तब तत्काल आरक्षण जैसी सुविधा भी नहीं थी। स्टेशन पहुंचे और सभी लोग मायूस होकर प्रयागराज एक्सप्रेस के जनरल कोच में चढ़ गये। ट्रेन ठसाठस भरी थी। वहां किसी तरह अन्य यात्रियों के चप्पल, जूता समेटकर फर्श में ही अंगोछा बिछाकर सब वहीं बैठ गये। सुबह जब जंक्शन पर सब उतरे, तो किसी ने एएच व्हीलर से अखबार खरीदा। अखबार के फ्रंट पेज में प्रमुखता से खबर छपी थी सरोज दुबे इलाहाबद लोकसभा क्षेत्र से जनता दल प्रत्याशी घोषित। इसको पढ़ते ही सरोज दुबे की आंखों से आंसू निकलने लगे थे। इस दौरान जंक्शन पर सरोज दुबे जिंदाबाद के खूब नारे लगे। उस चुनाव में सरोज और भाजपा प्रत्याशी श्यामा चरण गुप्ता के बीच कड़ी टक्कर हुई। चुनाव में सरोज को जहां 114898 मत मिले, तो वहीं श्यामा चरण को 109702 मत मिले। इस चुनाव में सरोज दुबे महज पांच हजार वोट से ही जीत हासिल कर पायीं।

# राजमहल सीट की राह में डेमोग्राफी की चुनौती

कार्तिक कुमार

**राजमहल** संसदीय सीट झारखंड में भाजपा के क्लीन स्वीप के रास्ते की सबसे कमजोर कड़ी है। इसका कारण यहां की डेमोग्राफी है। मुस्लिम और इसाई वोटरों की आबादी झामुमो के लिए चुनावी वैतरणी को पार करना आसान बनाता रहा है। राजमहल संसदीय क्षेत्र में 37 फीसदी आदिवासी वोटर, पांच फीसदी अनुसूचित जाति, 29 फीसदी अल्पसंख्यक और 28 फीसदी सनातनी वोटर हैं।

राजमहल लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा और महेशपुर सुरक्षित सीट है। राजमहल और पाकुड़ सामान्य सीटें में आती हैं। राजमहल लोकसभा का मतदान केंद्र दुमका जिले के गोपीकांदर और गोड्डा जिले के बोआरीजोर, सुंदर पहाड़ी ब्लॉक में भी पड़ता है। 2019 में संपन्न लोकसभा चुनाव से अलग परिदृश्य इस बार के चुनाव में दिख रहा है। दल-बदल के कारण इस बार का चुनावी माहौल बदला-बदला सा दिख रहा है। भाजपा ने यहां से ताला मरांडी को उतारा है, जबकि झामुमो से सीटिंग सांसद विजय हांसदा ही प्रत्याशी होंगे। भाजपा कार्यकर्ता दबी जुबान से कह रहे हैं कि पार्टी ने दमदार कैंडिडेट नहीं दिया है, फिर भी हम लोग जीत के लिए दम लगायेंगे।

प्रत्याशी घोषित होने के बाद भाजपा के कई नेता इलाके से गायब हो गये थे, लेकिन अब उनमें से कई को चुनाव प्रचार में देखा जा रहा है। 2019 के चुनाव में हेमलाल मुर्मू भाजपा के प्रत्याशी थे। इस बार हेमलाल मुर्मू झामुमो में हैं और विजय हांसदा के लिए वोट मांग रहे हैं। हालांकि बोरियो से झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम बगावत कर मैदान में उतरने के लिए ताल ठोक रहे हैं, लेकिन समय बीतने के साथ उनका रुख भी नरम पड़ता जा रहा है।

भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी की चर्चा आदिवासी मतदाताओं के बीच तो है, साहिबगंज से बाहर पाकुड़ जिले में उनकी पहचान गांव तक कम है। इस वजह से उन्हें जीत के लिए काफी मशक्कत करने की जरूरत है। बाबूलाल मरांडी के लगातार दौरे से आदिवासियों के बीच भाजपा की स्थिति में सुधार हुआ है।

जहां तक झामुमो का सवाल है, तो आलमगीर आलम पाकुड़ में झामुमो को लीड दिलायेंगे, जबकि राजमहल विधानसभा क्षेत्र में एमटी राजा को आजसू से तोड़कर झामुमो में शामिल कराना झामुमो का मास्टर स्ट्रोक साबित होगा। ऐसी स्थिति में राजमहल की डेमोग्राफी को साधना ही जीत का एकमात्र रास्ता है, जो भाजपा के लिए कठिन दिख रहा है।

# तिरहुत की छह सीटों पर एनडीए का प्रचार तेज, महागठबंधन क्यों नहीं खोल रहा पत्ता

विद्यासागर

## बिहार का रणक्षेत्र

**एनडीए** ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अपने सभी प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है। तिरहुत क्षेत्र की मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चंपारण और पश्चिम चंपारण में प्रत्याशियों की घोषणा के बाद नेता और उनके समर्थक जनसंपर्क अभियान जोर शोर से चला रहे हैं। दूसरी ओर महागठबंधन में इन सीटों को लेकर खामोशी है। इनके संभावित या टिकट की चाहत रखने वाले उम्मीदवार सोशल मीडिया पर अपनी बात रखने से भी परहेज कर रहे हैं। एनडीए में मुजफ्फरपुर से राज भूषण चौधरी(बीजेपी), वैशाली से लोजपा आर के चिराग पासवान, सीतामढ़ी से जदयू के देवेश चंद्र ठाकु, शिवहर से आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद(जेडीयू), पूर्वी चंपारण से बीजेपी के राधा मोहन सिंह और पश्चिमी चंपारण से बीजेपी के संजय जायसावाल को टिकट दिया गया है। लेकिन महागठबंधन ने इन सीटों पर अभी तक उम्मीदवारों का नाम तय नहीं किया है। किसी नेता के पास इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं है कि कब तक टिकट का ऐलान होगा और किस सीट पर कौन नेता चुनाव लड़ेंगे। तस्वीर साफ नहीं होने की वजह से इन सीटों पर टिकट के दावेदार या संभावित उम्मीदवार क्षेत्र में जाने से बच रहे हैं। इतना ही नहीं सोशल मीडिया पर कुछ लिखने से भी कतरा रहे हैं।

हालांकि सियासी गलियारे में इन सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों की गुपचुप चर्चा हो रही है। मुजफ्फरपुर सीट के लिए कहा जा रहा है कि भाजपा छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन करने वाले मुजफ्फरपुर के निवर्तमान सांसद अजय निषाद कांग्रेस के उम्मीदवार हो सकते हैं। कहा जा रहा है की टिकट की डील फाइनल होने के बाद उन्होंने बीजेपी छोड़ा। लेकिन मुजफ्फरपुर के विधायक और कांग्रेस नेता विजेंद्र चौधरी दिल्ली में कैंप कर रहे हैं। इससे तस्वीर साफ नहीं हो रही है।

वैशाली के लिए राजद की ओर से मुन्ना शुक्ला का नाम सामने आया है। मुन्ना शुक्ला पिछले दिनों राबड़ी आवास पर लालू यादव से मिलने गए थे। लेकिन अभी तक टिकट फाइनल नहीं हुआ है। इस वजह से मुन्ना शुक्ला भी कुछ बताने से परहेज कर रहे हैं। शिवहर और सीतामढ़ी भी अभी तक सस्पेंस बना हुआ है। हालांकि। शिवहर में पूर्व सांसद रामा किशोर सिंह का नाम लिया जा रहा है लेकिन फाइनल नहीं है।

सीतामढ़ी में महागठबंधन से रितु जायसवाल के नाम की चर्चा है लेकिन अभी तक फाइनल नहीं है। पूर्वी चंपारण यानी मोतिहारी सीट गठबंधन के तहत राजद ने मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी को दे दिया है उन्हें भी उम्मीदवार की तलाश है। इस मामले में राजद के प्रदेश प्रवक्ता डॉ शमी इकबाल ने कहा है कि एक दोनों दो दिनों में सब कुछ फाइनल हो जायेगा। टिकट में देरी को लेकर उनका कहना है कि एनडीए उम्मीदवार को हराने वाले कैंडिडेट को उतारने की रणनीति पर काम हो रहा है। लेकिन जल्द उम्मीदवारों के चयन का काम पूरा कर लिया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 66,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 85,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 09 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


# निकाय चुनाव मामले में रोक लगाने से हाइकोर्ट का इनकार

## हाइकोर्ट ने तीन सप्ताह में नगर निकाय चुनाव कराने का दिया है निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हाइकोर्ट में तीन सप्ताह में राज्य में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने के 4 जनवरी 2024 के एकल पीठ के आदेश को रद्द करने को लेकर राज्य सरकार की अपील पर न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एकल पीठ के द्वारा पारित आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। साथ ही मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है।

मामले में पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की ओर से हाइकोर्ट में कैविएट दायर कर राज्य सरकार की अपील पर जल्द सुनवाई करने का आग्रह किया गया। वहीं सरकार की ओर से हस्तक्षेप याचिका दायर कर एकल पीठ के आदेश पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया गया था, जिसे कोर्ट ने नहीं माना।

अपील में राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि पिछड़ा आयोग को ही डेडिकेटेड कमीशन के रूप में नियुक्त कर दिया गया है। यह राज्य के जिलों में ओबीसी की आबादी का आकलन करेगा और इस संबंध में डाटा राज्य सरकार को उपलब्ध करायेगा। इसके आधार पर निकाय चुनाव में वार्डों में ओबीसी के लिए आरक्षण दिया जायेगा। इसलिए निकाय चुनाव पूरा करने के लिए समय दिया जाये।

राज्य सरकार ने एकल पीठ के आदेश पर तत्काल रोक लगाने एवं एकल पीठ के आदेश को रद्द करने का आग्रह हाइकोर्ट से किया है। अपील में राज्य सरकार ने झारखंड म्यूनिसिपल एक्ट के प्रोविजन का हवाला देते हुए नगर निगम में प्रशासक की नियुक्ति को सही ठहराया है।

# जेल में छापेमारी के नाम पर हो रहा है फोटो सेशन : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रविवार की देर रात होटवार जेल में पुलिस छापेमारी करने पहुंची थी। करीब तीन घंटे तक यह औचक निरीक्षण चला था, जिसमें एक-एक वार्ड की तलाशी ली गयी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे लेकर सवाल उठाया है। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया पर बकायदा पोस्ट भी किया है। उन्होंने पूछा है कि जेल में छापेमारी के नाम पर तलाशी की नौटंकी हो रही है या फोटो सेशन? फोटो शूट चल रहाबाबूलाल मरांडी ने आगे लिखा है कि मुझे लगता है, जेल से जिन कृत्यों को अंजाम दिया जा रहा है, उसपर पर्दा डालने और सब कुछ ठीक ठाक दिखाने के लिए औचक निरीक्षण का फोटोशूट किया जा रहा है। ऐसे गोरखधंधे में शामिल अधिकारियों से अनुरोध करूंगा कि वो इस साजिश एवं आपराधिक गतिविधियों पर पर्दा डालने एवं भ्रम फैलाने वाले टुलकिट का हिस्सा न बनें। गलत कामों में संलिप्त रहने वाले अधिकारियों का हश्र देखकर सबक लें।जनता सब देख रही

उन्होंने कहा है कि ह्लऐसी चीजों से पाप कम नहीं होते। और जब भांडा फूटता है तो बड़े से बड़े लोगों के होश ठिकाने लग जाते हैं। ध्यान रहे, जनता सब देख-समझ रही है। दरअसल रांची के होटवार जेल में रविवार की देर रात छापेमारी की गयी। यह छापेमारी रांची एसएसपी और डीसी के नेतृत्व में की गयी। छापेमारी करीब तीन घंटे तक चली लेकिन पुलिस को कुछ खास मिला नहीं। जेल में कुख्यात और अन्य कैदियों के वार्डों की तलाशी ली गयी, लेकिन हर बार की तरह सबकुछ सामान्य था।

# हिंदू नववर्ष, चैत्र प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 का अभिनंदन समारोह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद रांची इकाई द्वारा लालपुर स्थित हॉटेल सिटी पैलेस में हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 चैत्र प्रतिपदा एवं होली मिलन का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इसमें कवि कवित्रियों ने फगुवा चैती लोक गीतों की मधुमय फुहार बरसायी।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद झारखंड के महामंत्री विजय कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि हम सभी सनातनी बंधुओ का प्रयास यही होना चाहिए कि हम अपनी हिंदू संस्कृति के विरासत को नये रूप में परिभाषित करें एवं नयी पीढ़ी को अपनी महान उदार संस्कृति से परिचित कराएं। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पंकज वत्सल ने कहा कि ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में हमारे सामने हिंदू अस्मिता को लेकर कठिन चुनौती है। हमें किसी भी स्थिति में अपनी भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को किसी भी प्रकार के भ्रम एवं दुष्प्रचार से बचाए रखना होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएवी गांधी नगर के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में पंकज वत्सल, चंद्रिका ठाकुर देशदीप, रेणु झा रेणुका, कामेश्वर सिंह कामेश, अखिल भारतीय साहित्य परिषद झारखंड के उपाध्यक्ष प्रशांत कर्ण, वैधनाथ मिश्र, सदानंद सिंह यादव , पम्पा सेन एवं रजनी चंदा मौजूद थे। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित रचनाकारों ने काव्य पाठ किये इसमें पंकज पुष्कर, जितेंद्र तिवारी, मधुमिता साहा, अर्पणा सिंह, ऋतुराज वर्षा, गिरिजाशंकर पेड़ीवाल, नीता शेखर, सुनीता श्रीवास्तव, डॉ नंदिनी कुमारी शिवजा, सुनीता अग्रवाल, नीता शेखर, खुशबू बरनवाल, रेणुबाला धार, पूनम वर्मा, सिम्मी वर्मा, कवींद्र वर्मा, विनोद, अजित प्रसाद सहित अन्य शामिल थे। परिषद की रांची अध्यक्ष मनीषा सहाय सुमन के द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया। मंच संचालन सुनीता अग्रवाल एवं सरस्वती वंदना अर्पणा सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रतिमा त्रिपाठी ने किया।

# सनातन महापंचायत ने झंडा वितरित किया



**घर-घर में रखें तलवार लगायें तिलक: संजय सेठ**

**राम भक्तों का जोश सड़कों पर दिखेगा: सीपी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री सनातन महापंचायत की ओर से सभी अखाड़ेधारी के बीच झंडा वितरण दिगंबर जैन भवन हरमू रोड में सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह ने किया। संजय सेठ ने कहा कि इस बार की रामनवमी अत्यंत उत्साहपूर्ण है, क्योंकि अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि रांची के युवा जोश के साथ हनुमान पताका और हाथ में तलवार लेकर करतब दिखाते तपो मंदिर को भक्त पहुंचेंगे। मुख्य संयोजक ललित नारायण ओझा ने कहा कि तमाम अखाड़ाधारियों से अपील है कि वह बढ़-चढ़ कर रामनवमी को सफल बनायें।

संरक्षक संजय जयसवाल ने कहा कि इस बार रामलला का आगमन अनंत शुभकारी गौरवान्वित पल है। इसमें चैती दुर्गा पूजा के अध्यक्ष शंकर दुबे, उपाध्यक्ष गोपाल पारीक, संजय पोद्दार, पूनम सिंह, संजय मिनोचा, युवराज पासवान, अशोक यादव, पुरंदर सिंह, राणा रणधीर, अशोक पुरोहित, शशांक राज, राहुल कुमार दुबे, अटल पांडेय, बबन बैठा, संजय महतो, पूनम सिंह, अशोक पांडेय, आशीष शर्मा, रोहित पांडेय, शिवकुमार शर्मा उपस्थित थे।

## सेना की जमीन खरीद-बिक्री मामले में अमित और अफसर की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**रांची (आजाद सिपाही)।** सेना के कब्जे वाली जमीन और चेशायर होम रोड स्थित एक भूखंड की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल और अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर सोमवार को सुनवाई पूरी हो गयी। स्पेशल कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इडी ने इस संबंध में कांड संख्या 5-2023 दर्ज किया है। दरअसल लैंड स्कैम की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## विशेष लोक अदालत 27 को, बिजली-चेक बाउंस से जुड़े मामलों का होगा निष्पादन

**रांची (आजाद सिपाही)।** सिविल कोर्ट में 27 अप्रैल को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस लोक अदालत में बिजली से जुड़े वाद और चेक बाउंस से जुड़े मामलों का निष्पादन किया जायेगा। झालसा के निर्देश पर होने वाले इस लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन पर जोर दिया जायेगा। इसके लिए बेंच का गठन और मुकदमों को चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने पत्रकारों से बातचीत में सोमवार को बताया कि ज्यादा से ज्यादा पक्षकारों को नोटिस कर सुलहनीय प्रवृत्ति के केस खत्म किये जायेंगे।

## हत्यारे प्रेमी को उम्रकैद की सजा मिली

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रेम प्रसंग में महिला की हत्या करने के दोषी संजीव कुमार को अपर न्यायायुक्त एस बिरुआ की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दरअसल, हत्या का यह मामला वर्ष 2019 का है। आरोपी संजीव और मृतका के बीच प्रेम प्रसंग था, लेकिन आरोपी संजीव किसी दूसरी महिला से विवाह रचाने जा रहा था, जबकि उसकी प्रेमिका उस पर शादी के लिए दबाव पर बना रही थी। रास्ते से हटाने के लिए आरोपी संजीव ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर उसका शव रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था। हत्या की घटना को लेकर रांची सदर थाना में कांड संख्या 321-2019 दर्ज कराया गया था।

## धुर्वा इलाके के बाजारों का ठेकेदार नहीं वसूल पा रहा महसूल

**रांची (आजाद सिपाही)।** एचइसी प्रबंधन द्वारा धुर्वा बस स्टैंड डेली मार्केट, सेक्टर-3 शालीमार बाजार और सेक्टर-2 स्थित साप्ताहिक बाजार में महसूल वसूलने की जिम्मेदारी निभाने में राज फन 'एन' आर्ट नामक कंपनी के संचालक राघवेंद्र प्रसाद सिंह को बड़ी समस्या हो रही है। इस बाबत उन्होंने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि इलाके के कुछ अपराधी किस्म के लोग उनके काम में बाधा डाल रहे हैं। इसके अलावा फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह, आनंद मूर्ति, धीरज सिंह, उमेश यादव, संतोष कुमार, जयंती कुमारी आदि द्वारा बनाये गये एचइसी फुटपाथ विक्रेता संघ (पंजीयन सं-262/2019) के नाम से महसूल वसूली कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। बकौल राघवेंद्र सिंह, इस कारण वह एचइसी द्वारा निर्धारित राशि जमा करने में असमर्थ हैं और उन पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इसकी शिकायत 20 फरवरी को धुर्वा थाने में 73/2024 के तहत दर्ज करायी है, जिसमें उपरोक्त लोगों को नामजद किया गया है, लेकिन उनके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। इस कारण वह और उनका परिवार दहशत में है। इतना ही नहीं, ये लोग उनकी कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट और गाली-गलौज की जाती है।

# राज्य प्रशासनिक सेवा के नौ और गैर सेवा के छह अफसरों को मिलेगी आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा के नौ और गैर प्रशानिक सेवा के छह अफसरों को आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। केंद्र ने इस संवर्ग पर 15 पदों पर प्रोन्नति देने के लिए मंजूरी दे दी है। केंद्र से मंजूरी मिलने के बाद कार्मिक विभाग ने सभी विभागों से योग्य अफसरों का नाम मांगा है।

## यूपीएससी को कुल 45 नाम भेजे जायेंगे

राज्य प्रशासनिक सेवा के नौ अफसरों को आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति मिलेगी। इसके लिए यूपीएससी को 27 नाम भेजे जायेंगे। नियमतः एक पद के विरुद्ध तीन नाम भेजने का प्रावधान है। वहीं गैर प्रशासनिक सेवा के छह अफसरों को आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति दी जानी है। इसके लिए 18 नाम भेजे जायेंगे। गैर प्रशासनिक सेवा के अफसरों के नामों के लिए पथ निर्माण, नगर विकास, जल संसाधन, योजना विकास, ऊर्जा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों को पत्र लिखा गया है। अधिकारियों के नामों का पैनल चयन कर यूपीएससी को भेजा जायेगा।

# एफएसटी अपने क्षेत्रों में सक्रियता से करें भ्रमण: मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**वाहन का बेहतर प्रबंधन करें, ताकि परेशानी न हो**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि मतदान से एक भी मतदाता वंचित न रहे। जिनके नाम निर्वाचक सूची में शामिल नहीं हैं, उनका फॉर्म 6 में आवेदन प्राप्त कर नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी करें। साथ ही अब तक जितने भी फॉर्म 6 से नाम जोड़ने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनका शीघ्र निष्पादन करें। एफएसटी अपने क्षेत्रों में सक्रियता से भ्रमण करे और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर त्वरित कार्रवाई करे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उक्त दिशा निर्देश सोमवार को निर्वाचन सदन रांची से झारखंड के सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करते हुए दिये। उन्होंने कहा कि चुनाव में वाहनों का प्रबंधन इस तरह से करना सुनिश्चित करें, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने-अपने जिले के वाहन प्रबंधन की समीक्षा करें। के रवि कुमार ने कहा कि दिव्यांग-वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने और मतदान के उपरांत उनकी घर वापसी की पुख्ता व्यवस्था रखें। ऐसे मतदाताओं को उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराने हेतु जागरूकता अभियान चलायें, ताकि वे मतदान केंद्र तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मतगणना की भी तैयारी साथ-साथ पदाधिकारी सुनिश्चित कर लें।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से मेडिकल प्लान तैयार किये जाने से संबंधित जानकारी दी। बताया कि आकस्मिक स्थिति के लिए हेलीपैड बनाये जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर एयर एंबुलेंस की भी सुविधा की गयी है।

# 6021 गैर जमानतीय वारंट लंबित, चुनाव आयोग ने लिया संज्ञान, आज होगी बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गैर जमानतीय वारंट निष्पादित करने की गति धीमी हो गयी है। इसे लेकर चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है। इस मामले को लेकर चुनाव आयोग ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा है। लिखे पत्र में इसीआइ पोर्टल पर प्रस्तुत दैनिक कानून और व्यवस्था रिपोर्टों का उल्लेख करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें बताया गया है कि झारखंड में 1 अप्रैल तक सिर्फ 176 गैर जमानतीय वारंट निष्पादित किये गये हैं, जबकि 6021 गैर जमानतीय वारंट निष्पादन के लिए लंबित हैं। इस संबंध में गैर जमानतीय वारंट के निष्पादन में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है। क्योंकि बड़ी संख्या में एनबीडब्ल्यू निष्पादन के लिए लंबित है।

**वारंट के निष्पादन के लिए समीक्षा बैठक आज**

गैर जमानतीय वारंट के निष्पादन के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के द्वारा मंगलवार को समीक्षा बैठक बुलायी गयी है।

इस बैठक में जिले के डीसी और एसपी शामिल होंगे। सभी को निर्देश दिया गया है कि वारंट से संबंधित सभी मामले का विस्तृत विवरण के साथ बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे, ताकि लंबित मामलों के निष्पादन में त्वरित कार्रवाई हो सके।

# सीएमपीडीआइ ने गुणवत्ता नियंत्रण में सौ फीसदी दक्षता हासिल की

**पर्यावरण विभाग को निदेशक तकनीकी ने दी बधाई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सीएमपीडीआइ मुख्यालय पर्यावरण प्रयोगशाला ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए आयोजित 36वें विश्लेषणात्मक गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण कार्यक्रम के समग्र प्रदूषण मूल्यांकन में शत-प्रतिशत स्कोर हासिल किया। इस कार्यक्रम में देशभर के 200 से अधिक प्रयोगशालाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह परिणाम गुणवत्ता आश्वासन के प्रति सीएमपीडीआइ के अटूट समर्पण को दर्शाता है। सीएमपीडीआइ के निदेशक तकनीकी-सीआरडी शंकर नागाचारी ने इस उपलब्धि के लिए संस्थान के पर्यावरण विभाग को बधाई दी। सीपीसीबी नयी दिल्ली द्वारा उपलब्ध नमूनों पर सीएमपीडीआइ की ओर से विभिन्न मापदंडों जैसे बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड, टोटल डिसाल्व्ड सालिड्स, पीएचए कंडक्टिविटी आदि के परीक्षण परिणामों के आधार पर मूल्यांकन किया गया था।

पर्यावरण प्रयोगशाला को कुल 121 मापदंडों के लिए वायु, जल, घ्वनि और मिट्टी विश्लेषण में आइएसओ-आइइसी प्रबंधन प्रणाली के अनुसार एनएबीएल मान्यता प्राप्त सुविधा होने का गौरव प्राप्त है। इस प्रयोगशाला को इपीए अधिनियम 1986 के तहत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भी मान्यता प्राप्त है।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र से भाजपा में खलबली: राजेश ठाकुर

**कहा : वादों का दो जवाब, मेरे विकास का दो हिसाब**

**180 का आंकड़ा भी नहीं पा कर रही है भाजपा**

**दस साल का रिपोर्ट कार्ड दिखा कर वोट मांगने से डर रहे मोदी**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस घोषणा पत्र से भाजपा में खलबली मची है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बौखलाहट में हैं। भाजपा इस चुनाव में 180 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पा रही है। यह सर्वे उनकी खुद के एजेंसियों ने किया है, जिससे मोदी विचलित हैं। 10 साल सत्ता में रहने के बाद जब आज देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है, तब वह इन 10 सालों का अपना रिपोर्ट कार्ड दिखा कर वोट मांगने से डर रहे हैं। फिर से अपनी घिसी-पिटी हिंदू-मुसलमान की राग अलापने लगी है। राजेश ठाकुर सोमवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र कागज नहीं बल्कि न्याय पत्र है। यह हर उस समस्या का समाधान है, जो भाजपा ने अपने 10 वर्षों के शासनकाल में जनता पर लादा है। भाजपा देश पर अपनी सांप्रदायिक विचारधारा थोपना चाहती है। प्रधानमंत्री इतने बौखलाये हैं कि हार सामने देख कर अनर्गल बातें कर रहे हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में किसान, युवा, महिला सहित सभी वर्गों की छाप है। आज देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी से पूछ रही है कि जो जुमले पहले दिये थे, उनका दो जवाब, मेरे विकास का दो हिसाब।

## ...तो 30 लाख को नौकरी तुरंत: ज्योति

अखिल भारतीय कांग्रेस के प्रवक्ता ज्योति सिंह ने पांच न्याय 25 गारंटी पर बताया कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के पांच न्याय स्तंभ हैं, जिसमें युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, हिस्सेदारी न्याय शामिल है। इसके तहत खाली पड़ी 30 लाख नौकरियां में अविलंब भर्ती, अग्नि वीर योजना समाप्त करना समेत अन्य मसले शामिल हैं।

**इनकी रही मौजूदगी :** महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, प्रवक्ता सोनल शांति, कमल ठाकुर, रियाज अंसारी, ऋषिकेश सिंह उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने गावां प्रखंड के गावों में किया जनसंपर्क

# जनता की हर ख्वाहिश पूरी होगी: अन्नपूर्णा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**क्षेत्र में विकास का जिक्र हर की जुबां पर**

**अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही मेरे प्रयास से मिली सुविधा का जिक्र सबकी जुबान पर है। राज्य सरकार के क्रियाकलापों से लोगों में रोष है। हर जुबां पर भाकपा माले के समर्थन से चल रही कांग्रेस, झामुमो, राजद गठबंधन सरकार की लूट, धोखाधड़ी और झूठ की कोई न कोई कहानी है।**

**कोडरमा।** कोडरमा लोकसभा सीट से भाजपा की प्रत्याशी केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कोडरमा की जनता भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और जन कल्याणकारी योजनाओं से जीवन में आये सकारात्मक बदलाव की वजह से हर बूथ पर कमल खिलाने को तैयार है। यह अलग बात है कि विरोधी ताकतें झूठ बोलकर, लगातार भ्रम फैलाकर जनता को ठगने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन अब जनता इनके छलावे में नहीं आनेवाली है। अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गावां प्रखंड के पसनौर, महुवारी, गढ़कौर, पडरिया, पछियारीडीह, खरसान, हरिहरपुर, खेसनौर, पटना चौक, भेलवा, पुरनाडाबर, बगदेडीह, धरवेनावाडीह गावों में जनसंपर्क के दौरान ये बातें कहीं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र के एक-एक घर-आंगन से सीधा रिश्ता है। माताओं, बहनों ने तो हमेशा भरपूर स्नेह से मेरा आंचल भरा है। इस बार भी खूब स्नेह मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के भरोसे कह सकती हूं कि माताओं-बहनों की एक-एक ख्वाहिश पूरी होगी।

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जनता विरोधियों की साजिश भी समझ रही है। उन्हें पता है कि ढिबरा, पत्थर और बालू इन सब चीजों पर नियंत्रण गठबंधन वाली उसी सरकार का है, जिनके समर्थन से भाकपा माले चुनाव लड़ रहा है। दौरे के क्रम में सांसद के अलावा पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.8 °c | 20.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.06 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.34 बजे |

## महत्वपूर्ण खबरें

### एचइसीकर्मियों को मिलेगा डेढ़ माह का वेतन



रांची (आजाद सिपाही)। सासंद संजय सेठ, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा नेता विनय जयसवाल के नेतृत्व में निदेशक कार्मिक, निदेशक उत्पादन के साथ ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम शंकर पासवान, एचइसी मजदूर संघ के महामंत्री रमा शंकर प्रसाद और सप्लाई ठेका श्रमिक संघ के महामंत्री उदय शंकर के साथ वार्ता हुई। इसमें रामनवमी, ईद और सरहुल को देखते हुए सभी कर्मचारियों को डेढ़ महीने का वेतन और दो महीना का बैंक लोन देने पर सहमति बनी। इसके अलावा सप्लाई कर्मियों का बकाया बोनस जा रहा है। साथ ही साथ सप्लाई कर्मचारियों का टेंडर सात से 10 दिन के अंदर निकालने की बात कही गयी। मौके पर आरके द्विवेदी, पूर्णेंदु मिश्रा, सुभाष चंद्रा, अमित कुमार, शशि कुमार, रंजन नायक, रविकांत, सुनील कुमार पांडेय, सरोज कुमार, मनोज, संजय, प्रसाद गौतम, सुधीर कुमार, सुजीत झा, मोहम्मद असलम, सुमन सिंह, अनिल तिवारी, जॉन तिग्गा, जयनारण सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### जीएम ने किया सोनपुर मंडल चिकित्सालय का निरीक्षण



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश की ओर से सोनपुर मंडल चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने अस्पताल में उपलब्ध विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने मरीजों से मुलाकात कर चिकित्सा सेवा और अन्य सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद सहित अन्य उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी



रांची (आजाद सिपाही)। शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय परिसर से पिठौरिया चौक तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। प्राचार्य डॉ सपना त्रिपाठी ने कहा कि लोकतंत्र को सफल बनाने के लिए सभी लोगों को अपने मत का उपयोग अवश्य करना चाहिए।

### झारखंड की झोली में एक स्वर्ण-दो कांस्य पदक

रांची (आजाद सिपाही)। पटना के पाटलिपुत्र परिसर में चल रहे एसजीएफआइ 67वीं अंडर 17 राष्ट्रीय स्कूली खेल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 400 मीटर दौड़ में झारखंड के एथलीट साकेत मिंज ने 48.66 समय में दौड़ पूरी करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में झारखंड के ही एक और खिलाड़ी प्रतीक उरांव ने 49.30 समय के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। 100 मीटर फर्राटा दौड़ में झारखंड के प्रज्वल कुमार ने 10.85 समय के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। झारखंड की शानदार जीत पर शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, टीम के कोच ज्ञान प्रकाश ठाकुर, मैनेजर पवन कुमार राय, कोच सविता माल्टो और मैनेजर सुशांति ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### कोयला कारोबारी इजहार अंसारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में हुए पेश

रांची (आजाद सिपाही)। हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी सोमवार को इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट के समक्ष वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सोमवार को पेश हुए। मामले में दो अन्य चार्जशीटेट इश्तियाक अंसारी और इजहार अंसारी की एक और कंपनी से संबंध के बावजूद कोई कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ इडी की ओर से दायर चार्जशीट पर विशेष अदालत ने संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों की उपस्थिति के लिए आठ अप्रैल की तिथि निर्धारित की थी। इससे पूर्व इडी ने जांच में पाये गये तमाम साक्ष्यों के साथ 15 मार्च को अदालत में चार्जशीट दाखिल की। इडी ने जांच में पाये गये तमाम साक्ष्य के साथ आरोप पत्र दाखिल की थी। इडी ने कोर्ट को यह जानकारी दी थी कि इजहार कैसे कोयले के कारोबार में संलिप्त था और अवैध कोयले के कारोबार से कैसे अकूत संपत्ति अर्जित की। इजहार अंसारी कई शेल कंपनियों के संचालक हैं। वह शेल कंपनियों के जरिये काले धन का संचालन करता है। 16 जनवरी को इडी ने इजहार अंसारी के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी में 13 लाख कैश के साथ कई अहम दस्तावेज इडी ने बरामद किया था।

# रिकॉर्ड रूम में चोरी मामले का खुलासा जल्द : सिटी एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के रिकॉर्ड रूम से दस्तावेजों की चोरी मामले की जांच करने सोमवार को सिटी एसपी राजकुमार मेहता रिकॉर्ड रूम पहुंचे। इस दौरान सिटी एसपी ने घटनास्थल का बारीकी से जायजा लिया और कार्यालय में मौजूद कर्मियों से पूछताछ की। लगभग आधे घंटे तक जांच करने के बाद सिटी एसपी वहां से निकले। उन्होंने बताया कि चोरी मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जायेगा। मौके पर डीएसपी प्रकाश सोय और कोतवाली थाना प्रभारी भी मौजूद थे। बता दें कि 4 अप्रैल को जिला अभिलेखागार से जमीन के दस्तावेजों की चोरी हुई थी। इसके बाद रिकॉर्ड रूम इंचार्ज के लिखित आवेदन पर कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## डीसी-एसएसपी ने बिरसा मुंडा जेल को खंगाला

रांची (आजाद सिपाही)। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन सिन्हा के संयुक्त नेतृत्व में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण किया गया। रविवार देर रात अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान अलग-अलग 16 टीम बना कर सभी वार्ड, महिला वार्ड, सेल और अस्पताल आदि की जांच की गयी। निरीक्षण के क्रम में कोई भी आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय कारा के जेलर और जेल अधीक्षक उपस्थित रहे, जिनसे उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक ने केंद्रीय कारा की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अस्पताल की व्यवस्था, रसोई घर और कैदियों से मुलाकाती की व्यवस्था आदि की जानकारी ली। इस टीम में अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस उपाधीक्षक नगर केवी रमन, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 2 अरविंद कुमार, पुलिस उपाधीक्षक सदर संजीव कुमार बेसरा के अतिरिक्त छह थाना प्रभारी-सह-पुलिस निरीक्षक शामिल थे। सभी पदाधिकारियों के अतिरिक्त 140 पुरुष और 20 महिला आरक्षी भी शामिल थे।

## हाइकोर्ट ने डीजी को दिया हाजिर होने का दिया निर्देश

रांची (आजाद सिपाही)। हाइकोर्ट ने सीआइडी के डीजी अनिल पालटा को 18 अप्रैल को अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। अदालत ने जिस मामले में सीआइडी डीजी को उपस्थित होने का निर्देश दिया है, वह बच्चों की तस्करी से जुड़ा हुआ है। साहिबगंज जिले में चाइल्ड ट्रैफिकिंग के आरोपी कुलदीप शाह और अन्य की ओर से दायर याचिका की सुनवाई के दौरान अदालत ने यह निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ में हुई। पूर्व में अदालत चाइल्ड ट्रैफिकिंग के आरोपी कुलदीप शाह की जामनत याचिका खारिज कर चुका है। सोमवार की सुनवाई के दौरान केस के जांच अधिकारी ने गुमशुदा बच्चों से जुड़ी कई जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया, जिस पर अदालत ने कहा कि किसी की निजी जानकारी ऐसे साझा नहीं की जा सकती है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | संबंधों में सुधार में मधुरता आयेगी। स्वास्थ्य में गिरावट आयेगी। आर्थिक परेशानी। |
| वृष | मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बच्चों के रिश्ते आयेंगे। घर-परिवार में शांति का वातावरण रहेगा। |
| मिथुन | पराक्रम कम होगी। अप्रिय प्रसंगों की प्राप्ति होगी। लोग आपका फायदा उठायेंगे। काम में बाधा। |
| कर्क | ऊंचाई को छुयेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी। |
| सिंह | गुप्त शत्रुओं पर विजय मिलेगा। आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। आर्थिक लाभ। |
| कन्या | चिर-परिचित लोगों से मुलाकात होगी। धन व कार्य की प्राप्ति होगी। सूझबूझ से कार्य बना लेंगे। |
| तुला | नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता। संपर्क बढ़ेगा। |
| वृश्चिक | कोई शुभ समाचार मिलेगा। मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शुभ कार्य में व्यस्त रहेंगे। |
| धनु | सफलता दस्तक देगी। सरकारी कार्य में प्रगति होगी। हर्षदायक समाचार मिलेंगे। धनलाभ होगा। |
| मकर | मन उच्चाभिलाषी रहेगा। रोजगार संबंधी समस्याएं हल होंगी। नया कार्य की योजना सफल होगी। |
| कुंभ | नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त होगा। कोई शुभ कार्य संपन्न होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। |
| मीन | आजीविका में परिवर्तन। यात्रा के योग बन सकते हैं। परिवार में नये मेहमान का आगमन होगा। |

## राज्य की टीम ने स्कूलों की नब्ज टटोली

गुमला के 23 शिक्षकों को शो कॉज नोटिस

तीन दिन के अंदर जवाब देने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट के जमीनी कार्यान्वयन के लिए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के निर्देशानुसार गठित राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल की ओर से विभिन्न जिलों में सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया। 24 पदाधिकारियों के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय दल द्वारा लापरवाही बरतने वाले स्कूलों, शिक्षकों, एचएम के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है। सोमवार को राज्य के कई सरकारी स्कूलों में टीम द्वारा औचक निरीक्षण कर स्कूलों का हाल जाना गया। टीम ने गुमला के 23 शिक्षकों को इ-विद्यावाहिनी पोर्टल में नियमित बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं करने के मामले में शोकॉज नोटिस जारी किया है। इन शिक्षकों को तीन दिन के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया गया है।

### गुमला-पलामू के शिक्षकों का वेतन बंद

गुमला और गढ़वा निरीक्षण के लिए गये अनुश्रवण दल ने इन जिलों के एक-एक स्कूलों को लैब कार्यशील नहीं रहने और कम अटेंडेंस के मामले में दोषी पाया है। गुमला के कामडारा स्थित कुरकुरा राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय और पलामू के पाटन के राजकीयकृत प्लस टू हाइ स्कूल के शिक्षकों और प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इन दोनों स्कूलों के शिक्षकों और एचएम की सैलरी रोकने का आदेश दिया गया है।

### टीम ने जतायी नाराजगी

अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों ने गढ़वा के रमना स्थित आरके प्लस टू हाई स्कूल में बच्चों की कम उपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक को रिपोर्ट भेजी है। टीम ने पाया कि स्कूल में कुल बच्चों के अनुपात में प्रार्थना सभा में बच्चों की उपस्थिति बेहद कम थी। टीम ने स्कूल से इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा है।

## डिज्नीलैंड मेला का उद्घाटन

## फिश टनल अंडर वाटर शो पहली बार रांची में



आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। ड्रीम सिटी डिज्नीलैंड मेला शहीद मैदान धुर्वा में लग गया है। इसका विधिवत उद्घाटन सोमवार को किया गया। रांची में इंडिया का सबसे बड़ा इस डिज्नीलैंड मेला रांची में इंडिया का सबसे बड़ा फिश टनल अंडरवाटर का शो पेश किया जा रहा है, जो रांची शहर के लिए बिल्कुल नया है।

यह झारखंड में पहली बार हो रहा है। साथ ही मेला घूमने आये लोगों के खरीदारी के लिए 125 स्टॉल लगे हैं, जो पूरे देश के हर एक राज्य से है। यहां महिलाओं के सामान का पूरा ख्याल रखा गया है। मनोरंजन के लिए अलग-अलग प्रकार के झूले लगे हैं। बच्चों के लिए छोटे-छोटे झूले हैं। अंडरवाटर फिश टनल में अलग-अलग प्रकार के देसी-विदेशी मछलियां हैं।

फिश टनल के अंदर लोग सेल्फी भी ले सकते हैं। इसके लिए अलग से एक सेल्फी का बड़ा जॉन बनाया गया है, जो रांची शहर के लिए एकदम नया है। इस मौके पर संचालक कृष्ण कुमार शॉ और डिज्नीलैंड मेला के प्रबंधक अजीत कुमार झा मौजूद थे।

## प्रवीण टोप्पो को श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सह कार्मिक सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ महानिदेशक श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान झारखंड रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। प्रवीण टोप्पो सचिव उद्योग विभाग के भी अतिरिक्त प्रभार में हैं। बता दें कि 31 मार्च को ही श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक सुखदेव सिंह रिटायर हो गये थे। उसके बाद से यह पद रिक्त था। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभूषण विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है।

## आशीष अग्रवाल बने मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता




रांची। मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा की वार्षिक आम सभा संपन्न हुयी। इस सभा की अध्यक्षता कर रहे अमित चौधरी ने सभा में आये हुये सभी पूर्व अध्यक्षगण, राष्ट्रीय पदाधिकारीगण, प्रांतीय पदाधिकारीगण, विशेष आमंत्रित सदस्यगण एवं सभा में उपस्थित सभी युवा सदस्यों का स्वागत किया गया। सचिव विकास गोयल और कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़ के द्वारा साल भर के आय-व्यय का ब्यौरा सभा के समक्ष रखा गया। इसे सभा ने सर्वसम्मति से पारित किया। उसके बाद सभी संयोजकों को प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। चुनाव पदाधिकारी सुभाष पटवारी और मनीष लोधा के द्वारा चुनाव की जानकारी सभा के समक्ष रखी। इसके बाद दोपहर में चुनाव संपन्न कराया गया। इसमें कुल 253 सदस्यों ने अपने मतों का प्रयोग किया। आशीष अग्रवाल को 202 वोट और कन्हैयालाल भरतीया को 43 वोट मिले। और आठ वोट को रद्द किया गया। चुनाव पदाधिकारी सुभाष पटवारी एवं मनीष लोधा ने आशीष अग्रवाल को माल्यार्पण कर उन्हें विजय घोषित किया। सत्र 2024-25 के लिये उन्हें अध्यक्ष घोषित किया गया। इस चुनाव में सहयोगी के रूप में साउथ शाखा के सदस्यों ने अपनी सहभागिता दी। साउथ शाखा के अध्यक्ष राजीव केडिया ने अपनी टीम के साथ चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। इस सभा में पूर्व अध्यक्ष मुकेश काबरा, राजकुमार अग्रवाल, मुकेश जाजोदिया, सुभाष पटवारी, प्रभात साबु, मुकेश जालान, राहुल अग्रवाल, तुषार विजयवर्गीय, विशाल पाडिया, मनीष लोधा, दीपक गोयनका सहित समस्त कार्यकारिणी एवं समस्त सदस्यगण मौजूद थे।

## चैती नवरात्र आज से, 18 को विसर्जन

सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके...

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी समेत विभिन्न स्थानों में चैती नवरात्र 9 अप्रैल से शुरू होगी। चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि को कलश स्थापना और 18 अप्रैल को चैती नवरात्र का विसर्जन होगा। इस दौरान नवमी तक माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होगी। इन नौ दिनों के दौरान माता के विभिन्न स्वरूपों के पूजन उपरांत हवन करने से घर में सुख-शांति का वातावरण बन जाता है। समृद्धि आती है। पंडित रामदेव के अनुसार चैती नवरात्र के दौरान कई और पर्व मनाये जाते हैं। इस दौरान दुर्गापूजा, चैती छठ और भगवान राम का जन्मोत्सव रामनवमी मनायी जायेगी। सतुआन और हनुमान ध्वज स्थापना जैसे पर्व भी मनाये जायेंगे। पंचांग के अनुसार इस बार 14 मार्च से खरमास शुरू हो गयी है। इसका समापन 13 अप्रैल को होगा। इस दिन सूर्य देव मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। इसी के साथ खरमास की अवधि समाप्त होगी। इसके बाद मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे। शास्त्रों के अनुसार देवी इन नौ दिनों में पृथ्वी पर आकर अपने भक्तों के सभी कष्टों को दूरकर उन्हें सुख-सौभाग्य, विद्या, दीर्घायु प्रदान करती है, इसलिए नवरात्रि माता भगवती की साधना का श्रेष्ठ समय होता है।

## टीपीसी कमांडर बिनोद गोंझू को मिली जमानत

रांची (आजाद सिपाही)। टेरर फंडिंग केस के आरोपी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के कमांडर बिंदेश्वर गोंझू उर्फ बिनोद गोंझू को झारखंड हाइकोर्ट ने जमानत दे दी है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की बेंच में बिनोद गोंझू की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। चतरा जिले के टंडवा थाना में बिनोद गोंझू के खिलाफ वर्ष 2017 में कांड संख्या 2 दर्ज है, जिसे टेकओवर कर एनआइए ने जांच की है। बिनोद गोंझू पर एनआइए ने चार्जशीट दाखिल की है। जांच एजेंसी ने उसके ठिकानों से करीब 90 लाख से ज्यादा कैश बरामद किया था।

## सरहुल पर बना वीडियो सांग जिया हरसाय लांच

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। विधायक अंबा प्रसाद ने सोमवार को प्रेस क्लब में वीडियो सांग जिया हरसाय लांच किया। अंबा प्रसाद ने बताया कि सीमित संसाधन में यह गाना रिकॉर्ड किया गया है। यह प्रकृति पर्व सरहुल पर बनाया गया है। इस गाने में अंबा प्रसाद ने अपनी आवाज दी है। साथ ही इस वीडियो में बतौर कलाकार काम किया है। अंबा ने बताया कि इस गाने को एक घंटे में रिकॉर्ड किया गया है। वहीं इस वीडियो को गेतलसुद डैम में एक दिन में रिकॉर्ड किया गया है। इसमें स्थानीय कलाकारों ने काम किया है। इडी के समन के सवाल पर अंबा प्रसाद ने कहा कि कुछ किया ही नहीं है। इसलिए चेहरे पर सिकन नहीं है। इडी के जो भी सवाल होंगे, उसका जवाब देंगी।

## एटीआइ का नया भवन नवंबर में होगा तैयार

155 करोड़ की लागत से बन रहा एटीआइ

धीमी प्रगति पर मंत्री जता चुके हैं नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए बनाये जा रहे नये भवन का निर्माण कार्य नवंबर 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। एचइसी में ज्यूडिशियल एकेडमी के समीप ही बन रहे श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान, एटीआइ बिल्डिंग को हर हाल में समय पर पूरा करने का लक्ष्य भवन निर्माण विभाग ने इंजीनियरों और संवेदकों को दिया है। वर्तमान में एटीआइ मेयर्स रोड स्थित भवन से संचालित हो रहा है। इसे स्थानांतरित कर नये भवन से संचालित किये जाने की योजना है। 155.56 करोड़ की लागत से बन रहे इस भवन का काम चल रहा है।

विगत दिनों भवन मंत्री बसंत सोरेन ने इसकी समीक्षा की थी और काम धीमा होने पर कड़ी नाराजगी जतायी थी। यह बात सामने आयी थी कि एक साल में महज 10 फीसदी कार्य हुआ है। ऐसे में मंत्री ने कड़ी फटकार भी लगायी थी। काम में तेजी लाने का निर्देश दिया था। स्पष्ट कहा था कि काम में देरी होने से लागत बढ़ती है और सरकार को अतिरिक्त बोझ पड़ता है। ऐसे में हर हाल में काम में तेजी लाने को कहा गया था।

## 250 बेड का हॉस्पिटल, जेनरल वार्ड में 65 बेड है : डॉ अनंत

रांची में प्राइवेट सेक्टर का सबसे बड़ा अस्पताल

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। रोटरी क्लब रांची की बैठक सोमवार को नवनिर्मित देवनिका अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर तुपुदाना में हुई। इसमें अस्पताल के संचालक डॉ अनंत सिन्हा और डॉ विनीता सिन्हा उपस्थित थे। डॉ सिन्हा ने अस्पताल के बाबत बताया कि शहर के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर का यह अस्पताल 250 बेड का है। 65 बेड का जेनरल वार्ड, कार्डियक सर्जिकल, नेफरों, न्यूरो, 70 आइसीयू के साथ सुपर स्पेस्लिटी हॉस्पिटल की सुविधाएं हैं। आठ फुल नेटवर्क वाले मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, 34 क्रिटिकल केयर बेड होंगे। कार्डियक साइंस, बर्न यूनिट, प्लास्टिक सर्जरी, निफ्रोलोकेयर न्यूरोसाइंस, गैस्ट्रो साइंस, गुर्दा विज्ञान, हड्डी रोग और ट्रॉमा, प्रत्यारोपण, मदर एंड चाइल्ड केयर और इएनटी सर्जरी की सुविधा होगी। क्लब के अध्यक्ष डॉ ढानढनिया ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की उन्नति में मील का पत्थर साबित होगा। किसी भी अस्पताल का मिशन मरीजों की भलाई को प्राथमिकता देते हुए उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करना है। मौके पर सुमित अग्रवाल, रेखा सिंह, सुरेश साबू, भंडारी लाल, राजेश नाथ शाहदेव, प्रवीण राजगढ़िया, आदित्य मल्होत्रा, अमित अग्रवाल, पवन जयसवाल, अजय साबू, एनके मखीजा, चरणजीत सिंह वासू, गौरव प्रशांत, शिखा अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## प्रायोगिक कार्यशाला को अपग्रेड करने पर बल



डीएसपीएमयू में महत्वपूर्ण एकेडमिक बिंदुओं पर समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में सोमवार को कुलपति तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण एकेडमिक बिंदुओं पर बैठक की गयी। कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इसके लिए को-ऑर्डिनेशन कमेटी के अलावा उप कमेटी का भी गठन लाभकारी होगा। उन्होंने इस क्रम में विश्वविद्यालय की सभी प्रायोगिक कार्यशालाओं को अपग्रेड कर उसे विद्यार्थियों के लिए प्रासंगिक बनाने पर बल दिया। उन्होंने कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति को भी सुनिश्चित करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने विश्वविद्यालय को नियमित अंतराल पर संस्थागत विकास कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने की बात कही। इसी क्रम में उन्होंने सभी विभागों से एड ऑन कोर्स प्रारंभ करने की दिशा में इंडियन नॉलेज सिस्टम यानी भारतीय ज्ञान प्रणाली को बढ़ावा देने की बात पर विशेष जोर दिया। कुलसचिव नमिता सिंह, वित्त पदाधिकारी आनंद मिश्रा, पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद थे।


AFFIDAVIT



As per Affidavit Ref. No. 65 Dated 05.04.2024 I KISHORE SINGH, S/o. Late MAHAVIR SINGH Resident of Vill. & P.o- Tetri, P.s. Namkum Kharsidag, O.P) Dist. Ranchi Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as follows:

that NIDHANI SINGH is my daughter, which is mentioned in her aadhar card. that now I want to change the name of my said daughter as RAJNANDINI SINGH in place of NIDHANI SINGH. That from today, the name of my said Daughter will be Known as RAJNANDINI SINGH in Place of NIDHANI SINGH. That I swear this affidavit for change the name of said daughter in every where. That aforesaid contents are true to the best of my knowledge.

# मेदिनीपुर : भीड़ की अराजकता

पश्चिम बंगाल के ईस्ट मेदिनीपुर इलाके में शनिवार तड़के एनआइए अधिकारियों पर हुआ भीड़ का हमला बताता है कि हमारे प्रशासनिक और राजनीतिक तंत्र ने पिछले अनुभव से कोई सबक नहीं लिया है। इस घटना ने इसी जनवरी में हुए संदेशखाली प्रकरण की याद ताजा कर दी है, जिसमें भीड़ ने इडी (प्रवर्तन निदेशालय) की टीम को निशाना बनाया था। एक बार फिर दोनों पक्षों की ओर से राजनीतिक बयानबाजी का सिलसिला शुरू हो गया है, जो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की संभावना को धूमिल बनाता है। ऐसे में यह ज्यादा जरूरी हो जाता है कि राजनीतिक बयानों से हट कर पहले इस मामले से जुड़े ठोस तथ्यों पर गौर कर लिया जाए। पहली बात, इस मामले की जांच एनआइए कोलकाता हाइकोर्ट के निर्देश पर कर रहा है। दूसरी बात, मामला एक बम ब्लास्ट से जुड़ा है, जो दिसंबर 2022 में हुआ था। तीसरी, घटना भले दो साल पहले की हो, उसकी जांच हाइकोर्ट के निर्देश पर एनआइए को बाद में सौंपी गयी। चौथी, इन आरोपियों को पहले भी एनआइए की तरफ से समन किया गया था, जिसे इन लोगों ने अनदेखा कर दिया था। पांचवीं और आखिरी बात यह कि ठक्अ की टीम उपयुक्त वारंट के साथ गयी थी। किसी राज्य में सेंट्रल एजेंसी से जुड़े अधिकारियों के कामकाज में इस तरह बाधा डाला जाना बेहद खतरनाक और नुकसानदेह है। संदेशखाली वाले मामले में भी ऐसा ही हुआ था। हालांकि बाद में मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार हुआ, जो तृणमूल कांग्रेस का स्थानीय दबंग नेता माना जाता था। पार्टी ने उसे निलंबित भी कर दिया। लेकिन उस घटना ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल खड़े किये थे। हैरत की बात है कि पिछले अनुभव के बावजूद खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी परोक्ष रूप से एनआइए की कार्रवाई पर ही सवाल उठाया है। तृणमूल से जुड़े कई अन्य नेताओं ने भी आरोप लगाया है कि बीजेपी, तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेताओं में डर बैठाना चाहती है। उनका कहना है कि इस तरह से रात में टीम भेजकर आरोपियों को पकड़ने का मकसद यही है। इस खास मामले में प्राथमिक सूचनाओं के आधार पर निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी न की जाये तो भी यह साफ है कि चुनावी माहौल में अगर जांच एजेंसियां किसी एक पक्ष के खिलाफ कार्रवाई करती नजर आती हैं, तो उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठने के आसार होते हैं। ऐसे में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। कानून की तय प्रक्रिया का उन्हें ख्याल रखना चाहिए। कारण यह है कि चुनावी माहौल में उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठने से न केवल उनकी छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, बल्कि देश में चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर भी आंच आने का डर रहता है।

**चुनावी माहौल में अगर जांच एजेंसियां किसी एक पक्ष के खिलाफ कार्रवाई करती नजर आती हैं, तो उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठने के आसार होते हैं। ऐसे में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भाजपा ने इस बेहतरीन व पहले से ही अत्यंत सुविधाजनक सीट पर बॉलीवुड राजपूत अभिनेत्री कंगना रनौत को चुनावी जंग में उतार कर कई विवाद मोल ले लिये हैं। यूं तो भाजपा के लिए यह सीट इसलिए भी सुविधाजनक थी, क्योंकि मंडी जिले की 10 में से 9 विधानसभा सीटें भाजपा की झोली में पहले ही थीं और मंडी संसदीय सीट की बाकी विधानसभा सीटों पर वर्ष 2022 में भाजपा का वोट मतांतर बहुत ही कम था, लेकिन इस सीट से कंगना रनौत को उतार कर भाजपा ने चुनाव को रोमांचक बना दिया है। हालांकि कुछ नेता कंगना का विरोध भी कर रहे हैं।**

# हिमाचल की मंडी सीट पर सियासत का रंगमंच

डॉ रचना गुप्ता

देश के 18वें लोकसभा चुनावों में हिमाचल प्रदेश की एक सीट मंडी ने देश का ध्यानाकर्षित तो किया ही है, वहीं बॉलीवुड की राजनीति में धमाकेदार एंट्री से मंडी खूब खनक रहा है। जो मंडी कभी राजाओं की मंडी हुआ करती थी, वहां रंगमंच की सियासत नया गुल खिला रही है। भाजपा ने इस बेहतरीन और पहले से ही अत्यंत सुविधाजनक सीट पर बॉलीवुड राजपूत अभिनेत्री कंगना रनौत को चुनावी जंग में उतारा है। वहां चुनाव रोचक हो गया है। यूं तो भाजपा के लिए यह सीट इसलिए भी सुविधाजनक थी, क्योंकि मंडी जिले की 10 में से 9 विधानसभा सीटें भाजपा की झोली में पहले ही थीं और मंडी संसदीय सीट की बाकी विधानसभा सीटों पर वर्ष 2022 में भाजपा का वोट मतांतर बहुत ही कम था, लेकिन इस सीट से कंगना रनौत को उतार कर भाजपा ने चुनाव रोमाचक बना दिया है। हालांकि इसका विरोध भी हो रहा है। विरोध नेता कर रहे हैं। उनका कहना है कि सीधा बॉलीवुड से कंगना को उतारना ठीक नहीं है। सोशल मीडिया पर ट्रोल होती इस एक्ट्रैस व उम्मीदवार पर हिमाचल के देव समाज का सीधा असर दिखा है। यह दीगर बात है कि कंगना का सोशल मीडिया संरक्षक बराबर की टक्कर भी दे रहा है। बहरहाल चुनावी राह और सैलीब्रिटी सिलेबस, दोनों अपनी अपनी जगह हैं। लेकिन मंडी से अभी तक कांग्रेस ने अपने पत्ते उम्मीदवार को लेकर साफ नहीं किये हैं। ज्यों ही प्रत्याशी घोषित होगा या होगी, तब ही स्टार दौर नये स्वरूप में होगा।

**कंगना की तस्वीरों को लेकर हो या मुंहफट बयानबाजी या खान-पान को लेकर संघ व पार्टी विचारधारा के विपरीत पुराने मसले, इनकी मुश्किलें खड़ी करेंगे।**

हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट की सियासत विवादित भी रही है और दिलचस्प भी क्योंकि यहां से लड़ने वाले कभी भी सामान्य परिवेश से नहीं थे। राजसी घरानों से महेश्वर सिंह तीन बार, वीरभद्र सिंह 2 बार, उनकी पत्नी प्रतिभा सिंह दो बार, केंद्रीय मंत्री रहे पंडित सुखराम तीन बार सांसद रहे। वीरभद्र बुशहर रियासत के, महेश्वर कुल्लू के और सुखराम मंडी जिला से ताल्लुक रखते हैं और तो और यहां से जयराम ठाकुर भी हार गये थे, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने मंडी से ऐसी पकड़ बनायी कि संघ से जुड़े रामस्वरूप, बेहतरीन मतों से 2019 में जीत गये। परंतु जब उन्होंने दिल्ली में फंदा लगा कर आत्महत्या की तब फिर, प्रतिभा सिंह 49.23 प्रतिशत मत लेकर जीत गयीं। हालांकि तब प्रदेश में भाजपा की जयराम सरकार थी। कुल मिला कर मंडी सीट पर चुनाव हर बार नयी दिशा व दशा लेकर आता है। भाजपा ने सैलीब्रिटी कंगना पर दाव लगाया है। हालांकि कंगना की उम्मीदवारी घोषित होने से पहले ही प्रतिभा सिंह ने चुनाव न लड़ने का ऐलान कर दिया था। माना जा रहा था कि प्रतिभा, मोदी लहर के चलते आगे नहीं आना चाहती थी। इसीलिए उन्होंने मंडी से कार्यकर्ताओं की अपनी सरकार में अनदेखी की बात भी की।



**हालांकि कंगना की उम्मीदवारी घोषित होने से पहले ही प्रतिभा सिंह ने चुनाव न लड़ने का ऐलान कर दिया था। माना जा रहा था कि प्रतिभा, मोदी लहर के चलते आगे नहीं आना चाहती थी। इसीलिए उन्होंने मंडी से कार्यकर्ताओं की अपनी सरकार में अनदेखी की बात भी की। इसी बीच कंगना का दिल्ली से ऐलान होते ही सोशल मीडिया की कमेंट्री एवं धूम-धड़ाम के बीच मंडी की सीट सुपर हॉट बन गयी।**

इसी बीच कंगना का दिल्ली से ऐलान होते ही सोशल मीडिया की कमेंट्री एवं धूम-धड़ाम के बीच मंडी की सीट सुपर हॉट बन गयी। मंडी के कार्यकर्ता सुपर स्टार को साक्षात सामने देख सन्न थे, तो वहीं मंडी में पार्टी के वरिष्ठ नेता कंगना की छाया भर रह गये। तेज-तर्रार कंगना ने आरोपों का खंडन मंडयाली में किया तो सही, लेकिन सरकाघाटी एवं बिलासपुरी मिश्रित बोली से, पांगी, लाहौल, रामपुर, छतरी, सराज व मंडी स्थानीय बोली बोलने वाले वोटर अचरज थे क्योंकि कंगना की अगली चुनौती इन बोलियों को बोलना भी होगा। दरअसल मंडी संसदीय सीट में 17 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिसमें चार कुल्लू जिला के, चंबा, किन्नौर, लाहौल स्पीति व शिमला की एक-एक विधानसभा सीट है। मंडी की 9 सीटें हैं यानी मंडी संसदीय क्षेत्र में 6 जिले आते हैं और इन सभी 6 जिलों की बोलियां अलग-अलग हैं। इन 17 विधानसभा सीटों में दोनों दलों में कांटे की टक्कर है, परंतु सराज में जयराम की सीट, मंडी में अनिल शर्मा की सीट, भरमौर से जनकराज की सीट और सुंदरनगर से राकेश जमवाल की भाजपाई सीटों से पार्टी को बहुत बड़ा वोट शेयर मिलता है। मंडी जिला की इन्हीं सीटों से कंगना का वजन बढ़ता भी है, लेकिन मुश्किलें भी कम नहीं। ज्यों-ज्यों प्रचार परवान चढ़ेगा, कांग्रेस जम कर वार करेगी। कंगना की तस्वीरों को लेकर हो या मुंहफट बयानबाजी या खान-पान को लेकर संघ व पार्टी विचारधारा के विपरीत पुराने मसले, इनकी मुश्किलें खड़ी करेंगे। देखना यह है कि रनौत की सोशल मीडिया मैनेजमेंट व रंगमंच की हवाओं के बीच क्या लोग मंडी में मोदी लहर व चेहरे को जिंदा रख पायेंगे? या मंडी सैलीब्रिटी बॉलीवुड व विवादों को दर-किनार कर-के जयराम सरीखे साधारण नेता व मोदी के विकास को आत्मसात करेंगे?

## जमशेदपुर की खबरें

# पुलिस ने लाखों की मोबाइल चोरी का किया खुलासा,दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** बीते 9 मार्च को सरायकेला थाना अंतर्गत गैरेज चौक स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान से अज्ञात अपराधी द्वारा ताला तोड़कर लाखो रुपियों का मोबाइल चोरी करने मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष मिश्रा के नेतृत्व में टीम का गठन कर छापामारी की गयी। पुलिस ने 22 मार्च को नजीर अंसारी को गिरफ्तार का न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। उसके बाद से फरार अन्य व्यक्ति और मोबाइल की बरामदगी के लिए जगह जगह छापेमारी की जा रही थी। सोमवार को पुलिस टीम ने कुल 19 मोबाइल के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत पर भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी में चतरा का रहने वाला शाहबाज जावेद और बिहार का रहने वाला साहेब खान शामिल है। छापामारी टीम में शंभू प्रसाद गुप्ता सरायकेला अंचल, सरायकेला थाना प्रभारी हीरालाल कुमार, विपुल ओझा गम्हरिया थाना, सतीश बरनवाल सरायकेला थाना सहित तकनीकी शाखा एवं सशस्त्र बल मौजूद रहे।

# लौहनागरी के मानगो चौक से गाजे बाजे के साथ धूम धाम निकला हिन्दू नववर्ष यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर हिंदू उत्सव समिति के द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकाला गया। सोमवार को समिति द्वारा आयोजित शोभा यात्रा मानगो गोलचक्कर से प्रारंभ होकर साकची सुभाष मैदान (आम बगान) तक पहुच कर समाप्त हुई। मौके पर हिंदू समाज के लाखो युवा,महिला व बुजुर्ग शामिल होकर यात्रा को ऐतिहासिक बनाये। हिन्दू उत्सव समिति के शोभा यात्रा में विभिन्न संगठनों के लाखो हजारों युवाओं ने शिरकत कर कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने में सफल रहे। भगवा पताखा से सजे हुए सैकड़ों झाकियों ने इस शोभा यात्रा को अभूतपूर्व बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जय श्री राम के नारों ने यात्रा को एक अलग ही स्वरूप प्रदान किया गया। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह ने कहा संगठन द्वारा प्रारंभ की गई यह नववर्ष यात्रा आज जमशेदपुर की पहचान बन चुकी है। शहर का बच्चा बच्चा इस यात्रा में शामिल होकर गौरव की अनुभूति प्राप्त की। साथ ही अपने संस्कृति को बेहतर रूप से समझने का अवसर प्राप्त किया। मानगो चौक से निकले भव्य यात्रा में शहर विधायक सरयू राय,अमरप्रीत सिंह काले,पूर्व डीआईजी राजीव रंजन,जम्बू वाले बाबा,कविता परमार सहित सहित हजारों हजार लोग शामिल रहे। सभी ने यात्रा में शामिल होकर सुभाष मैदान पहुचे। जहा भारत माता कीआरती हुई। उसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर हिन्दू उत्सव समिति द्वारा अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाया गया। 200 से ज्यादा कार्यकर्ता यातायात नियम पालन करने के लिए जिम्मेदारी के साथ कार्य किया। वही रामगढ़ का डंका व झांकियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। यात्रा में उपेंद्र सिंह मस्तान,पप्पू सिंह, मृत्युंजय ,पवन,अक्षय कौड़ा ,पिंटू सिंह, अश्वनी, शुभम कुमार ,अमितरविप्रकाश सिंह, अमित शर्मा, चंदन चतुर्वेदी, शक्ति प्रामाणिक, धीरज सिंह,अभिमन्यु प्रताप सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने अहम भूमिका निभाई।

## छत्तीसगढ़ी समाज का बिरीह भिगोना संपन्न



**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। टुईलाडुंगरी श्री श्री शीतला माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि ज्वारां महोत्सव की प्रारंभिक विधि बिरीह भिगोन मंदिर परिसर में मनाया गया। सोमवार को माता शीतला के पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुरूप बिरीह भिगोना ज्योत प्रज्वलन के एक दिन पूर्व सात प्रकार के अनाज गैंहु, जौ, उड़द, चना, मटर, मूंग, मसूर का मिश्रण कर समाज के प्रमुख लोगो के द्वारा अपने हाथो से पांच पांच मुट्ठी एक मिट्टी के बड़े पात्र में पानी के साथ डाल कर भिगाया जाता है। दूसरे दिन सुबह खाद और मिट्टी के साथ उसका रोपण किया जाएगा। संध्या बेला में 21 अखंड ज्योत का प्रज्वलन किया जाएगा। मानना है भगवान ब्रह्मा और शिव भगवान ने इस विधि विधान की शुरूवात की गई थी। अनाज के मिश्रण से जो ज्वारा उत्पन्न होता है उसके रंगो से प्रगति का अनुमान लगाया जाता है। अगर ज्वारा सफेद और हरे रंग का होता है तो यह माना जाता है क्षेत्र और समाज की प्रगति और उन्नति निरंतर बनी रहेगी। अगर आधा हरा और आधा पीला ज्वारा होता है तो वर्ष का आधा वर्ष अमन चैन के साथ और आधा वर्ष कष्ट से बीतते है। बिरिह भिगोना के बाद मंदिर समिति के स्थानीय जश गायन मंडली के द्वारा जश गीत और भजन प्रस्तुत की गई। बिरिह भिगोना कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार, परमानंद कौशल, ऐश राम साहू, गिरधारी साहू, खलेश्वर साहू, चंद्रभूषण, त्रिवेणी कुमार, महावीर प्रसाद, मोतीलाल साहू, चंद्रिका निषाद, तुलसी राम निषाद, बिरेंद्र साहू, रामेश्वर साहू, वीर सिंह ठाकुर, साहू, पार्वती साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।**

# नव वर्ष शोभा यात्रा में शामिल हुए काले

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** हिंदू नव वर्ष के अवसर पर शहर में निकली शोभा यात्रा में भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल शामिल हुए। सोमवार को श्री काले ने शोभा यात्रा के दौरान शहर वासियों को हिंदू नव वर्ष की ढेर सारी बधाई और शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा है कि सबके प्यारा राष्ट्र हिंदुस्तान की इज्जत और गरिमा हमारे लिये सर्वोच्च प्राथमिकता रहती है। यहां की मिट्टी में पूरे विश्व के लोगों को गले लगाने की शक्ति और ताकत है। काले ने कहा भारत देश और सनातन धर्म ने कभी किसी के ऊपर अत्याचार नहीं किया। बल्कि हमेशा सद्भाव व भाईचारे व्यवहार के नाते दूसरे लोगों ने हमारे ऊपर जुल्म करने में कोई कसर नहीं छोड़ता, लेकिन आज देश जाग चुका है। युवा राष्ट्र को परम वैभव के शिखर पर स्थापित करने का सपना जो हमारे ऋषि मुनियों और गुरुओं ने देखा था उसे पूरा करने का संकल्प लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा आज पूरे उत्साह के साथ इस भव्य आयोजन में शामिल हुए। काले ने कहा नववर्ष हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत है। जिसे संजोए और बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है।

# जुगसलाई फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते दिनों जुगसलाई गरीब नवाज कॉलोनी में अफजल पर की गई फायरिंग के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने फायरिंग मामले में दो सगे भाइ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में जुगसलाई गौरी शंकर रोड के रहने वाले मोहम्मद सरफराज उर्फ तिल्ली और मोहम्मद हसन शामिल है। पूछताछ के दौरान पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त किये गए पिस्टल भी बरामद कर लिया। सोमवार को एसएसपी किशोर कौशल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया बीते दिनों जुगसलाई के गौरी शंकर रोड में मोहम्मद अफजल पर की गई फायरिंग के मामले में घायल के पत्नी की बयान पर मामला दर्ज की गयी थी। उन्होंने मोहम्मद हसन,मोहम्मद सरफराज उर्फ तिल्ली और उसके पिता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अनुसंधान के दौरान सरफराज के पिता का कोई संलिप्तता सामने नही आया। फिलहाल पुलिस फायरिंग मामले में शामिल दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत भेज दिया।

# कांड्रा क्षेत्र में चोरों का आतंक

**कांड्रा(आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के कांड्रा क्षेत्र में चोरों के हौंसले बुलंद हैं। बीते एक महीने से क्षेत्र में चोरों की सक्रियता बढ़ने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। रविवार देर रात एसकेजी कॉलोनी परिसर स्थित एचटी इंग्लिश स्कूल चोरी की नीयत से मुख्य द्वार का ताला चोरों ने तोड़ दिया। हालांकि चोर अपने उद्देश्य में सफल नहीं हो सका। बताया जारहा है बीते 20 दिन पूर्व भी चोरों ने चोरी का प्रयास किया था। उधर बढ़ते चोरी की घटनाओं से कॉलोनी के लोगो में चिंता व्याप्त है। पूर्व में लोगों ने कांड्रा पुलिस को सामूहिक रूप से आवेदन देते हुए चोरों पर नकेल कसने की मांग की थी। लेकिन पुलिस इसमें असफल रही है। कॉलोनी वासियों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए अब पुलिस अधिक्षक से मिलने की बात कही।**

# चैत्र नवरात्र के अवसर पर आज से रामकथा का भव्य आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़देवी मंदिर से कुछ ही दूर पर अवस्थित नरगीर आश्रम मे चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर लगातार तीसरे वर्ष दिन मंगलवार 9 अप्रैल से रामकथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

हिन्दू नववर्ष के प्रथम दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन नरगीर आश्रम से एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें सैकड़ों की संख्या महिला पुरुष कलश लेकर पी एच डी साहिजना घाट जाकर अयोध्या के महन्त पूज्य श्री बालस्वामी एवं पुरोहितों द्वारा अभिमंत्रित जल कलश मे भरेंगें।

नारगिर आश्रम कथा समिति के सदस्यों द्वारा कथा को दिव्य एवम भव्य बनाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहें हैं। प्रतिदिन सुबह से राम चरित मानस का नवाह पारायण का पाठ अयोध्या के विद्वानों द्वारा किया जाएगा। प्रतिपदा से लेकर अष्टमी तक प्रतिदिन संध्या 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्री प्रपन्नाचार्य जी महाराज के ओजस्वी वाणी मे रामकथा का संगीतमय प्रवचन होगा। नरगिर आश्रम रामकथा समिति के अध्यक्ष चंदन जायसवाल ने सभी सनातनी धर्मनिष्ठ अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे कलिकाल मे राम कथा का अमृतपान कर जीवन धन्य करें।

# साइंस ओलंपियाड परीक्षा में डीएवी भवनाथपुर का परचम

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** साइंस ओलंपियाड में डीएवी भवनाथपुर के छात्र छात्राओं का सराहनीय प्रदर्शन रहा। सोमवार को विद्यालय प्रांगण में बच्चों और उनके माता पिता के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री राजेंद्र सचदेवा ने सबको बधाई दी और साथ ही सर्टिफिकेट और मेडल्स प्रदान किया गया। कक्षा चतुर्थ से प्रथम स्थान आरुष कुमार दुबे, द्वितीय स्थान संस्कार कुमार गुप्ता, तृतीय स्थान विक्रम सिंह, कक्षा पंचम से प्रथम स्थान अभिजीत आनंद, द्वितीय स्थान नैतिक राज, तृतीय स्थान रिजवान अली कक्षा षष्ठ से प्रथम स्थान शयान खान द्वितीय स्थान सत्यम तिवारी, तृतीय स्थान स्पृहा यादव कक्षा सप्तम से प्रथम स्थान कुमारी प्रकृति द्वितीय स्थान वर्षा पांडे, तृतीय स्थान आदित्य राज और प्रिंस कुमार कक्षा अष्टम से प्रथम स्थान मयंक राज द्वितीय स्थान अंश राज, तृतीय स्थान नैतिक राज कक्षा नवम से प्रथम स्थान शुभादित्य द्वितीय स्थान ध्रुव कौशल तृतीय स्थान जय सिंह और कृतांशु कुशवाहा, कक्षा दशम से प्रथम स्थान दिव्यांश पांडे, द्वितीय स्थान शैलेश प्रजापति और तृतीय स्थान वैभव राज ने प्राप्त किया।

इस मौके पर शिक्षक जेएस तिवारी, अनिल द्विवेदी, संजय राय भट्ट, शौकत अली, सूरज सिंह, बीबी साहू, प्रवीण पांडेय, प्रमोद कुमार, राजीव कुमार, नंदकिशोर चौधरी, सुमंत दुबे आदि उपस्थित थे।

# आजाद नगर टोले के युवक ने की आत्महत्या


फाइल फोटो : रंजीत यादव

**हरिहरपुर।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां गांव के आजाद नगर टोले पर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मझिगावां गांव के आजाद नगर टोले पर रविवार की देर शाम रंजीत यादव 17 वर्ष पिता स्व. महेंद्र यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना मिलते ही हरिहरपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया, वहीं सोमवार की सुबह पुलिस ने शव की अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार पैतृक घर आकर सोन नदी में किया। मृतक के पिता महेंद्र यादव की वर्षों पहले सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी, तब से माता मोहरमनिया कुंवर मजदूरी कर चार बच्चों का परवरिश की। रंजीत यादव चार भाई - बहनों में सबसे छोटा भाई था। मृतक अपने पीछे माता सहित एक भाई और दो बहन छोड़ गया।

# तीन पंचायत को मूंग का बीज वितरण

**भंडारिया।** भंडरिया प्रखंड कार्यालय में भंडरिया प्रखंड के तीन पंचायत मदगडी, जनेवा और करचाली पंचायत में जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देश पर बिटीएम शशिकांत कुमार शर्मा के द्वारा भंडारिया प्रखंड में छः पंचायत है, लेकिन तीन पंचायत को मूंग का बीज वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में बिटियम शशिकांत कुमार शर्मा से पूछने पर उन्होंने कहा कि जिस पंचायत में इस भीषण गर्मी के देखते हुए पानी का लेयर ऊपर है उस पंचायत मे मूंग बीज का वितरण किया जा रहा है। पहले फकीराडीह व बिजका पंचायत में चना का बीज वितरण किया गया था और भंडारिया पंचायत में सरसों का बीज वितरण किया गया है। इसी को मध्य नजर देखते हुए इस तीन पंचायत को जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देश पर मूंग का बीज वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर मदगडी पंचायत के किसान उपस्थित मनोज मेहता नागेंद्र यादव, कपिल देव मेहता, धर्मेंद्र कुशवाहा, राकेश मेहता, विकास मेहता सहित करीब डेढ़ सौ किसानो को मूंग का बीज वितरण दिया गया है।

# थाना प्रभारी ने कोचिंग एकेडमी का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** प्रखंड मुख्यालय हरिगणेश मोड स्थित न्यू ब्रदर एकेडमी कोचिंग सेंटर का उद्घाटन थाना प्रभारी अशफाक आलम, झामुमो नेता ताहिर अंसारी,सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से पिता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी असफाक आलम ने कहा कि इस छोटे से जगह में इस तरह का कोचिंग सेंटर खुलना शुभ संकेत है। छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के बैगर आप एक सफल इंसान नही बन सकते। जिसे पूरी तनमयता के साथ लेने की जरूरत है। कहा की इसमें लापरवाही करना अपने परिवार नही बल्कि खुद को धोका देना होगा। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि जिंदगी का एक अहम हिस्सा है शिक्षा, इसके बगैर आज कई लोग अंधविश्वास व कुरुतिओ से लोग जूझ रहे हैं। उन्होंने कोचिंग संचालकों से पढ़ाई को सरल तरीका एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को भी अपने कोचिंग संस्थान में जगह देने की अपील की।

उन्होंने कहा आज कई इंजीनियरिंग, मेडिकल, आईएएस, आईपीएस को छोड़कर भी कई प्रकार के तकनीकी शिक्षा की जा रही है जो हम सभी को लेने की जरूरत है। वही कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, अनुज कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर राकेश कुमार पासवान, कोचिंग संचालक, हर्ष गुप्ता, अर्चना कमलापुरी, विजय कुमार गुप्ता, रौशन शुक्ला, अरविंद कुमार, सहित कई लोग मौजूद थे।

# प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर में आज से कलश यात्रा के साथ आयोजन प्रारंभ

**वार्षिकोत्सव पर लगेगा मेला, होगा रासलीला, महा भंडारा तथा दुगोला चैता**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर का वार्षिकोत्सव सह चैत्र नवरात्र धूमधाम से मनाया जायेगा। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है, मंदिर तथा यज्ञशाला सज धज कर तैयार हो गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय भगत ने बताया कि आयोजन को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। मंगलवार के प्रातः 8 जल यात्रा सह शोभायात्रा के साथ नवाह्न परायण महायज्ञ और अन्य 10 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ हो जायेगा। शाम 6 बजे से मानस मंडली गढ़वा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ तथा रात्रि 8 बजे से 17 अप्रैल तक प्रतिदिन वृंदावन धाम के कलाकारों द्वारा श्री कृष्ण लीला का जीवन प्रस्तुति दी जायेगी। 17 अप्रैल को पूणार्हुति के बाद महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया जायेगा। 18 अप्रैल की रात्रि में प्रसिद्ध लोक गायक परदेसी प्रद्युम्न तथा रौशन राज के बीच चैता दुगोला का महामुकाबला होगा। श्री भगत ने श्रद्धालु भक्तों से सभी आयोजनों में शामिल होने का आग्रह किया है। मौके पर आयोजन समिति के सचिव कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, मुखिया रामसागर महतो, रामेश्वर विश्वकर्मा, मनोज जायसवाल, विजय प्रसाद, बलराम कृष्ण शर्मा, महेंद्र प्रसाद, रुपू महतो, राजेंद्र प्रसाद सहित कई अन्य लोग थे।

# अखाड़ा समितियों के साथ सामूहिक बैठक



**मझिआंव(गढ़वा)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मारुतिनंदन सोनी जी का कार्यालय में 07 मई को शाम 08:00 बजे मंझिआंव प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के अखाड़ा समितियों साथ एक सामूहिक बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता मरूतिनंदन सोनी ने किया। इस बैठक के माध्यम से श्री रामनवमी पूजा महासमिति (जेनरल) के पदाधिकारियों का सामूहिक चयन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष - मरूतिनंदन सोनी, सचिव - विवेक सोनी, उपाध्यक्ष - मथुरा प्रसाद गुप्ता और संजय कमलापुरी, पवन कुमार जयसवाल, कोषाध्यक्ष - सत्यम जयसवाल, संगठन मंत्री - अमित कुमार मेहता और रमेश जयसवाल मीडिया प्रभारी - राहुल जयसवाल और सक्रिय सदस्य के लिए विभिन्न पूजा समिति या अखाड़ों के अध्यक्ष और दो सचिव को मनोनीत किया गया, जिसमें श्रीराम जानकी अखाडा से अध्यक्ष मनीष गुप्ता,सचिव-टुकु कमलापुरी, दीपक माली, महाकाल अखाड़ा शिव मंदिर से अध्यक्ष - संजीव सिंह, सचिव-अभिमन्यु सिंह, श्री राम मंदिर पूजा समिति से अध्यक्ष शनि चंद्रवंशी, सचिव - चिंटू चंद्रवंशी, श्री हनुमान अखाड़ा अखौरी तहले से अध्यक्ष दीपक चंद्रवंशी, सचिव -ओम प्रकाश विश्वकर्मा,का नाम शामिल है। वहीं रामनवमी के दिन श्री रामनवमी पूजा महासमिति (जेनरल) के बैनर तले मंच के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों से आये पूजा समितियों, अखाड़ों के अध्यक्षों को ससम्मान पुरस्कृत करने, प्रशासनिक पदाधिकारियों, और क्षेत्र के अलग अलग मठ मंदिरों के महंतो, पुजारियों (संरक्षकों) को सम्मानित करने का कार्य करेंगी।

# रामनवमी और ईद को लेकर गढ़वा के अलग-अलग इलाको में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

## रामनवमी का त्योहार शांति का प्रतीक है : एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** थाना परिसर में रामनवमी एवं ईद को लेकर एसडीपीओ की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें एसडीपीओ नीरज कुमार ने सभी अखाड़ा के अध्यक्षों से अपील करते हुए कहा कि समय पर शोभा यात्रा निकालें। कहीं पर कोई असमाजिक तत्वों का उपद्रव दिखे तो तुरंत सूचना दें। उन्होंने कहा कि रामनवमी का त्योहार शांति का प्रतीक है। आप सभी एक बेहतर सामंजस स्थापित करते हुए समय सीमा पर अखाड़े को रामलला मंदिर तक ले जाये। समय से अपने-अपने अखाड़े का लाइसेंस ले लें। जो लोग लाइसेंस नहीं लिए हैं, वे तत्काल थाना से संपर्क स्थापित करते हुए लाइसेंस लेना सुनिश्चित करें।

बैठक में महावीर मंडल के अध्यक्ष कंचन साहू ने कहा कि 16 को मंगलवारी जुलूस और 17 को रामनवमी का जुलूस होगा। उसके साथ ही 18 अप्रैल को मूर्ति विसर्जन का कार्य किया जायेगा। उन्होंने जिला प्रशासन और सभी अखाड़ों के अध्यक्षों से कहा कि लगातार तीन दिनों तक शाम के समय बिजली बाधित रहेगी। गर्मी को देखते हुए लोगों को परेशानी ना हो इसे लेकर 17 तारीख को आप सब समय पर जुलूस निकाले और निर्धारित समय पर रामलला मंदिर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि 16 को मंगलवारी जुलूस में 1:00 से लेकर 6:00 बजे तक गढ़वा में यातायात प्रशासन को बंद रखना होगा। तभी हम लोग शांतिपूर्ण व्यवस्था में जुलूस निकाल सकेंगे। वहीं रामनवमी को भी 1:00 बजे से लेकर रात्रि के 12:00 बजे तक यातायात को पूरी तरह से बंद करते हुए अलग रूट निर्धारित करना होगा। बैठक में प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी कुमार, थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर केके साहू, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, सुषमा मेहता, समाजसेवी राकेश पाल, कंचन साहू, डॉ मुरली गुप्ता, मुरली सोनी, उमेश कश्यप, दौलत सोनी, डॉ यासीन अंसारी, सुजल अहमद, अवधेश कुशवाहा, चंदन जायसवाल, सुरेंद्र यादव, श्रीकांत दुबे, अजय ठाकुर तथा पुजैल अहमद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## त्योहार को शांति और सौहार्द्रपूर्ण मनायें : अमित

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना परिसर में सरहुल, ईद और रामनवमी पर्व को लेकर किया प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी समुदाय के गन्यमान्य समेत बुद्धिजीवी लोग उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने उपस्थित लोगों को पर्व से पूर्व अग्रिम बधाई देते हुए लोगों से कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगा हुआ है, उनके प्रोटोकॉल को मानते हुए सभी तीनों त्योहार को शांति और सौहार्द पूर्ण मनाना है। बैठक में मुख्य रूप से निरंजन जायसवाल, निर्मल ठाकुर, हरिदास तिर्की, अशोक प्रसाद देवानंद कुमार, विनोद, मनोज, मुमताज आदि समेत दर्जनों की संख्या में लोग थे।

## मझिआंव के सभी अखाड़ा परिषद थाना में आवेदन जमा करवा दें : संजय



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** रामनवमी और ईद त्योहार के मद्देनजर मझिआंव थाना परिसर में गणमान्य लोगों के साथ शांति समिति की बैठक हुई। इसमे पदाधिकारियों द्वारा दोनों समुदायों से ईद और रामनवमी का त्योहार सरकार के गाइड लाइन के अनुसार शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। मझिआंव थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में रामनवमी का जुलूस निर्धारित रूट पर निकालने की आम सहमति बनी। थाना के अवर निरीक्षक संजय सिंह मुंडा ने कहा कि रामनवमी त्योहार में जितने भी अखाड़ा परिषद मझिआंव में हैं, सभी एक एक आवेदन थाना में जमा करवा दें, ताकि प्रशासन को इसकी जानकारी प्राप्त हो और किसी भी घटना को सोसल मीडिया पर नही देकर पहले थाना को सूचना दें। बीडीओ सतीश भगत ने कहा कि त्योहार में किसी भी भड़काऊ पोस्ट के बारे में तत्काल प्रशासन को सूचना दें। वहीं इस बैठक में उपस्थित बैठक में राधाकृष्ण मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, युवा समाजसेवी मारुतिनंदन सोनी, अशोक कमलापुरी, विवेक सोनी, मुखिया महताब आलम, मुखिया प्रतिनिधि इंदल सिंह और बिजय राम, प्रकाश यादव, मसिउदिन खान, थाना के अवर निरीक्षक संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## भगवान राम के आदर्शों को व्यक्ति को अपने जीवन में उतारना चाहिए: राजीव



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** श्रीरामनवमी और ईद का त्योहार को शांति और सद्भाव के साथ मनाने को लेकर सोमवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे इंस्पेक्टर राजीव कुमार वीर ने कहा कि हिंदुओं का पर्व रामनवमी में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि भगवान राम के आदर्शों को व्यक्ति को अपने जीवन में उतारना चाहिए। किसी प्रकार की कोई गलत अफवाह या भ्रमित करने वाली सूचना मिलती है तो उसकी जानकारी दें। इस मौके पर एएसआई उदय शर्मा, नारायण प्रसाद यादव, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी सहित काफी संख्या में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## पर्व को लेकर प्रशासन सजग : संदीप



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** विशुनपुरा थाना परिसर में रामनवमी पूजा और ईद उल फितर पर्व को लेकर सोमवार को अंचल अधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में थाना क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों और दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में पर्व के दौरान दुसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखने, निर्धारित रूट पर अखाड़ा जुलूस निकालने, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने और स्थानीय लोगों का सहयोग लेने, हुड़दंगियों पर नजर रखने आदि पर विमर्श किया गया।

इस मौके पर अंचल अधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया ने कहा कि चुनाव में सभी लोग बढ़ चढ़ कर मतदान करेंगे। लोकतंत्र में वोट का बहुत बड़ी महत्व है। उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर प्रशासन सजग रहेगी। सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ शांति पूर्ण त्योहार मनाये। रामनवमी जुलूस के दौरान कमिटी के सभी सदस्य को एक कलर का टी शर्ट दिया जाये, ताकि उन कमिटी के लोगों का पहचान की जा सके। वहीं थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने कहा कि ईद पर्व में शांति व्यवस्था को लेकर जगह-जगह फोर्स लगा दिया जायेगा। रामनवमी जुलूस के दौरान अखड़ा के लोगों को समय का ध्यान रखने का अपील किया है। इस मौके पर जिला धमाचार्य राधेश्याम पांडेय, विहिप प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव, जिप सदस्य शंभूराम चन्द्रवंशी, सांसद प्रतिनिधी पुलस्त्य शुक्ल, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्म, व्यवसायी संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पर्व को सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारगी के साथ मनायें : थाना प्रभारी



**डंडई (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में सोमवार को थाना प्रभारी जनार्दन राउत के अध्यक्षता में रामनवमी व ईद का त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ गांव के दोनों समुदाय के प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। बैठक में शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारगी के साथ रामनवमी व ईद का त्यौहार मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने कहा रामनवमी पूजा व ईद का त्योहार आपसी भाईचारगी के साथ मनायें। बैठक को जिप सदस्य मोहन पासवान, जितेंद्र कुमार ठाकुर, 20सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन, उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, पूर्व जिप सदस्य रामनाथ पासवान सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि घूरबिगन बैठा, बीडीसी प्रतिनिधि अखिलेश प्रसाद, अखिलेश पासवान, लवाही बच्चालाल गुप्ता, झोत्तर मुखिया प्रतिनिधि विष्णु यादव, महेंद्र चौधरी, झामुमो अध्यक्ष राजेश मेहता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हिंदू और मुस्लिम समुदाय ने शांति पूर्वक त्योहार मनाने का निर्णय लिया



**रंका (आजाद सिपाही)।** श्रीरामनवमी पूजा और ईद की त्योहार को लेकर सोमवार को रंका थाना परिसर में थाना प्रभारी अनिल नायक की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दोनों समुदायों (हिन्दू और मुस्लिम) के बीच एक ही दिन श्रीरामनवमी पूजा, प्रवचन, अखंड पाठ और क्व्वाली, जलसा वगैरह होने के कारण आपस में समन्वय स्थापित करते हुए शांतिपूर्वक त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में 20 सूत्रि प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, समिनुद्दीन खलीफा, हाजी इकरामुद्दीन खलीफा, सुरेश पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, बीस सूत्रि प्रखंड उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, ने विचार रखे। मंच का संचालन संजय सिन्हा ने किया। मौके पर पूर्व जिपस उमा देवी, सुनिल माली, पूर्व मुखिया मालती देवी, उतम पांडेय, किशोर शौण्डिक, अशोक सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पर्व को शांति और सौहार्द्र से मनायें : थाना प्रभारी



**कांडी (आजाद सिपाही)।** रामनवमी व ईद पर्व को लेकर सोमवार को कांडी थाना में हिंदू व मुस्लिम धर्मावलंबियों के साथ शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने की। बैठक में मुख्य रूप से शराब, मांस व अंडे की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गयी। किंतु मुस्लिम धर्मावलंबियों की ईद पर्व को लेकर आपत्ति के बाद अंडा, मांस व शराब खुले में नहीं बेचने की हिदायत दी गयी। थाना प्रभारी ने कहा कि एक ही साथ चार पर्व मनाया जाना है। नवरात्र, रामनवमी, चैती छठ व ईद ये सभी आपसी सौहार्द व स्वच्छता का पर्व है। मौके पर सीआई जगरनाथ मांझी, एएस आई प्रबल कुमार महतो, विद्यासागर, जिप पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलला दुबे, विधायक प्रतिनिधि एजय सिंह, मुतुर्जा अंसारी, कांडी मुखिया विजय राम, राणाडीह मुखिया ललित बैठा, पूर्व मुखिया कांडी विनोद प्रसाद सहित दोनो समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## नाबालिग के अपहरण के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में नामजद प्रभाकर मुंडा को किया गिरफ्तार, भेजा जेल। थाना प्रभारी गोविंद कुमार से मिली जानकारी के अनुसार लोहरदग्गा के चिरी बड़काटोली निवासी 22 वर्षीय प्रभाकर मुंडा नामजद अभियुक्त है। उसके ऊपर मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र से ही नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने व अपहरण करने का आरोप है। इस बाबत लड़की के परिजनों ने मैकलुस्कीगंज थाना में पांच अप्रैल को लिखित आवेदन देकर नामजद मामला दर्ज कराया था। प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नामजद अभियुक्त को इसी थाना क्षेत्र के हेसालौंग साप्ताहिक बाजार से गिरफ्तार कर लिया, साथ में अपहृत लड़की को भी बरामद किया गया। आवश्यक कार्रवाई करते हुए नाबालिग लकड़ी को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। प्रभाकर मुंडा को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### भाजपा ने खूंटी में वरिष्ठ जनसम्मेलन का किया आयोजन

# हेमंत सोरेन निर्दोष हैं, तो अदालत जमानत क्यों नहीं दे रही : लक्ष्मीकांत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि हेमंत सोरेन कहते हैं कि आदिवासी होने के चलते मुझे फंसाया जा रहा है। सच्चाई यह है कि हेमंत सोरेन के है लुटेरे गैंग में हेमंत के अलावा कोई भी आदिवासी नहीं है। विपक्षी पार्टियों कहती है केंद्र सरकार इडी के माध्यम से हमें डराया जा रहा है। इसमें अगर सच्चाई होती और वे निर्दोष हैं, तो कोर्ट उन्हें जमानत क्यों नहीं दे रही है। वाजपेयी सोमवार को भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित वरिष्ठ जन सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथ संबोधित कर रहे थे। वाजपेयी ने कहा कि आदिवासियों के हित की बात करने वाली ये पार्टियां ही आदिवासियों को ही ठग रही हैं।




सोरेन ने राज्य के बेरोजगारों को भत्ता देने की और महिलाओं को प्रतिमाह दो हजार रुपये चूल्हा खर्च देने का वादा किया था, लेकिन यह पूरी तरह झूठा निकला। लोकसभा प्रभारी डॉ रविंद्र राय ने कहा कि अपने चार वर्ष के कार्यकाल में हेमंत सोरेन ने झारखंड को लूटखंड में बदलने की कोशिश की। वह सभी घोटालों-शराब घोटाले, भूमि घोटाले और खनन घोटाले के राजा हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने हेमंत सरकार के चार साल के कामकाज को राज्य की अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार करार दिया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने बीते चार सालों में युवा, किसान, मजदूर, दलित, आदिवासी, महिला, पिछड़ा सहित समाज के सभी वर्गों को धोखा दिया है। खूंटी लोकसभा के संयोजक और तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से झारखंड के लोगों को न्याय मिला है। कोई भी कानून से ऊपर नहीं है, चाहे राजा हो या रंक, कानून के सामने हर कोई बराबर है। बैठक को पूर्व सांसद सह पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा, जिला प्रभारी सत्य नारायण सिंह एवं प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष कांशी नाथ महतो ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता और ने किया खूंटी विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश कश्यप ने किया। कार्यक्रम का संचालन बिनोद नाग ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, कैलाश राम, बिष्णु सोनी, संतोश जयसवाल, तुलसी भगत, जिला महामंत्री शशांक शेखर राय, मंत्री मंजू देवी, आदि उपस्थित थे।

## खूंटी लोकसभा का तमाड़ विधानसभा ही जीत-हार तय करेगा, पिछले चुनाव में 1345 वोट से जीती थी भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि खुटी लोकसभा क्षेत्र के तमाड़ विधानसभा में नामांकन के पहले ही चुनावी गर्मी चरम पर पहुंच गयी है पिछले चुनाव में कांग्रेस मात्र 1345 वोट से हार गयी थी और जीत का शेहरा भाजपा के अर्जुन मुंडा के सर बंधी थी इस बार भी कांग्रेस व भाजपा में सीधी टक्कर है दोनों ही उम्मीदवार भाजपा के अर्जुन मुंडा व कांग्रेस के कालीचरण मुंडा तमाड़ विधानसभा के गांव गांव में जाकर वोट मांग रहे हैं जेएमएम के तमाड़ विधायक विकास मुंडा इन्डिया गठबंधन के तहत कांग्रेस का साथ निभा रहे हैं तमाड़ विधानसभा के मतदाताओं ने ही पिछले चुनाव में जीत का सेहरा भाजपा को पहनाया था खुटी लोकसभा के छह विधानसभा क्षेत्र मे मिले वोट का आकलन इस तरह है तमाड़ विधानसभा में भाजपा 86352 व कांग्रेस को 44871 मत मिले खरसावां विधानसभा क्षेत्र मे



भाजपा को 88852 व कांग्रेस को 55971 मत मिले वहीं तोरपा विधानसभा क्षेत्र मे भाजपा को 43964 व कांग्रेस को 65122 मत मिले वहीं खुटी विधानसभा में भाजपा को 51410 व कांग्रेस को 72812 वोट मिले सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र मे भाजपा को 66122 वोट मिले वहीं कांग्रेस को 71894 मत मिले वहीं कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 44866 वोट मिले वहीं कांग्रेस को 69798 मत प्राप्त हुआ वहीं कांग्रेस तोरपा खुटी सिमडेगा व कोलेबिरा विधानसभा में बढ़त बनाई थी सिर्फ तमाड़ व खरसावां विधानसभा में पिछड़ गयी थी भाजपा को कुल वोट 3 लाख 82 हजार 5 सौ 38 मत मिले वहीं कांग्रेस को 3 लाख 81हजार 1सौ 93 वोट प्राप्त हुए जीत का अतर 1345 था इस बार फिर आमने-सामने लड़ाई है पिछले पांच सालों का लेखा जोखा मतदाता देख रहे हैं पिछले बार भाजपा से सांसद बने अर्जुन मुंडा जनजाति मामले के केंद्रीय मंत्री बने उनके द्वारा किए गए कार्यों को जनता देख रही है मतदाता खामोश है चर्चाओं का बाजार गर्म है धीरे-धीरे चुनाव नजदीक आते आते पता चल जायेगा कि उंट किस करवट बैठेगी।

### पिपरवार के बचरा में सरहुल पूर्व संध्या मिलन समारोह का आयोजन

# प्रकृति की रक्षा का लिया संकल्प, मादंर की थाप पर झूमे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र बचरा श्रमिक क्लब में सोमवार को सरहुल पूर्व संध्या मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि अशोक परियोजना के खान प्रबधंक संजय कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि मे कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग, अनुप भगत, मनीष कुजूर, रवि रंजन कुजुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम मे सभी अतिथियो का स्वागत बुके एंव अंग वस्त्र देकर किया गया। जिसके बाद अतिथियों ने सामूहिक रुप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह की अध्यक्षता आनन्द मुंडा और संचालन उमेश उरांव ने किया। कार्यक्रम मे प्राकृतिक पर्व सरहुल पर प्रकाश डाला गया। अतिथियो ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। पूर्वजो से चलती आ रही पर्व



त्योहार आज भी हमलोग उत्साह के साथ मनाते आ रहे है। प्राकृतिक पर्व सरहूल राज्य की प्रमुख त्योहार है जिसे आज भी हम सभी उत्साह के साथ मनाते आ रहे है। आज सभी को प्राकृतिक की रक्षा के लिए संकल्प लेने की जरूरत है। सरहुल पर्व झारखंड की संस्कृति है और झारखंड की संस्कृति हमारी पहचान। इसे कायम रखने के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान मादंर की थाप पर अतिथियो द्वारा पारंपरिक नृत्य किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के आनंद मुंडा, जीतू तिर्की, राजकिशोर मिस्त्री, धनेश करमाली, जूलियस टोपनो, रमेश भगत, प्रकाश तिर्की, जयप्रकाश तिग्गा, उमेश उरांव, मुनेश्वर उरांव, सदानंद टोप्पो, सुनिल मुंडा, ब्रह्मदेव उरांव, मनीष कुजूर, हिमांशु चाटर, सुनील मुंडा, दीपक उरांव, उमेश उरांव, सुजीत देवहरी, धनंजय मुंडा, रामपति मुंडा, अजेश मुंडा, मंगू उरांव, भोला मुंडा, गौरव हेंब्रम, विक्रांत मुंडा, मनोहर उरांव, राजेंद्र भगत, सेवा उरांव मौजूद थे।

# उड़नदस्ता और स्थैतिक निगरानी टीम को कार्य और दायित्व से कराया गया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में सोमवार को उड़न दस्ता टीम एवं स्थैतिक निगरानी टीम के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उक्त टीमों को उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही सी-वीजील एप्प के माध्यम से आन लाइन रिर्पोटिंग का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं स्वच्छ चुनाव संपन्न कराने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। चुनाव कार्यों के सफल संचालन में आप लोगों की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने उक्त टीमों के कार्य व दायित्वों की चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि कार्य शैली में बदलाव लाकर



सघन वाहन जांच चलाया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि उड़न दस्ता एवं स्थैतिक निगरानी टीम नकदी का अवैध अदान-प्रदान, शराब वितरण या अन्य कोई संदेहास्पद वस्तुएं जो मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए प्रयोग में लाई जा रही हो, उसका पता लगाकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। जांच की समस्त प्रकिया का वीडियो ग्राफी कराकर कृत कार्रवाई को सीवीजील पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने निर्देश दिया कि मॉडल कोड आफ कंडक्ट के तहत सार्वजनिक स्थलों एवं व्यक्तिगत दीवारों पर राजनैतिक दलों से संबंधित पोस्टर, बैनर, दीवार लेखन व लगाए गए झंडों के अनुमति पत्र का अवलोकन कर सत्यापन आवश्यक रुप से करें। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी व्यक्ति के पास 50 हजार से अधिक की राशि पाये जाने पर सीज कर लें और संबंधित रिपोर्ट को जिला स्क्रिनिंग कमिटि को प्रेषित करें, जो जब्त राशि की प्रवृति का पता लगाकर कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

## भाजपा बूथ मंडल समिति के सदस्यों की बैठक



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय के अध्यक्षता में भाजपा बुथ मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकारी समिति के सदस्यों के साथ सोमवार को कुशवाहा भवन ताऊ मे बैठक किया गया बैठक में भाजपा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को विजय बनाने को लेकर चर्चा की गयी साथ ही कार्यकर्ताओं को चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की बात कही गयी। मतदाता को अपने घर से बूथ तक लाने की कमान दिया गया मौके पर कर्म वीर सिंह जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो रांची जिला ग्रामीण प्रभारी विनोद सिंह महेंद्र नाथ कपिल महतो रीता देवी रंजीत लहरी अनूप कुमार जायसवाल आलोक दास धीरेन महतो राजकुमार महतो सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चिपड़ी गांव में मनाया गया सरहुल



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चिपड़ी तिरुलडीह गांव में सोमबार को धूमधाम से प्रकृति का पर्व सरहूल महोत्सव मनाया गया। गांव के पाहन जनक सिंह मुंडा द्वारा विधिवत रूप से पूजा पाठ करके सरहूल पर्व का शुभारम्भ किया गया। सरहूल नृत्य में तमाड़ प्रखंड के बुढ़दादीरी और डिमरा के टीम के द्वारा भव्य सरहूल नृत्य प्रस्तुत किया किया। आयोजन समिति के सदस्य सह वार्ड सदस्य बबलू सिंह मुंडा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चिपड़ी तिरुलडीह गांव में प्रकृति का पर्व सरहूल महोत्सव मनाया गया। मौके पर लम्बोदर सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान मकुल सिंह मुंडा, समाजसेवी सीता राम सिंह मुंडा, प्रदीप सिंह मुंडा, गुलाब सिंह मुंडा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# कई लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के कनक लोया गांव में कांग्रेस कार्यकताओं की हुई बैठक में कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लोकसभा चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने लिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप से खूंटी जिलाअध्यक्ष रवि मिश्रा, अल्पसंख्यक प्रदेश महासचिव कैसर खान, आदिवासी सेल प्रदेश उपाध्यक्ष विल्सन टोपनो, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष इमरान खान उपस्थित थे। राहुल गांधी के विचारों से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी का दामन थामने वालों में विनोद कुमार गुप्ता रामबरन नायक, रंथू मांझी, बृजेश

**राहुल गांधी पर जताई आस्था**



सिंह, सेबे भेंगरा, देवेंद्र महतो, दुगार्नंद पांडेय, परशुराम दास, लादू मुंडा, माथु मुंडा जय मसीह सुरीन, वंदना मुंडा, गणेश साहू, हरिश्चंद्र सिंह, हीरा सिंह आदि शामिल हैं। नये कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, कैसर खान, सुरेंद्र गुप्ता, विल्सन टोपनो, नमन टोपनो और अजय गुप्ता ने माला पहनाकर और पर्ट्टी कीं पट्टी देकर उनका स्वागत किया। मौके पर जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि इस चुनावी माहौल में भाजपा द्वारा तरह-तरह की अफवाह फैलाई जायेगी और जाति, धर्म, मंदिर-मस्जिद के नाम पर बरगलाया जाएगा, लेकिन उनकी बातों को नहीं सुनना है और कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को ही चुनना है। प्रदेश महासचिव कैसर खान ने कहा कि विगत पांच वर्षों से खूंटी लोकसभा के सांसद द्वारा एक भी विकास का काम नहीं किया गया है और जनता को ठगने के लिए आचार संहिता लगने के दो दिन पहले खूंटी में बाइपास रोड का शिलान्यास कराया गया।

# ईद-सरहुल और रामनवमी को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखंड मुख्यालय सभागार में सोमवार को ईद, सरहुल, रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ट ने किया । बैठक में खलारी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय सिंह, जिप सदस्य सरस्वती देवी, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह सहित सभी पंचायत के मुखिया, वार्ड, राजनीतिक दलों प्रतिनिधिगण और ग्रामीण उपस्थित थे। ईद, सरहुल, रामनवमी पूजा को लेकर कई बातों पर चर्चा हुई। इस दौरान उपस्थित सरहुल और रामनवमी पूजा समिति के लोगों ने अपनी कई समस्याओं और किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। वहीं बैठक में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने सरहुल पूजा, ईद एवं रामनवमी




पूजा समितियों से कार्यक्रम की जानकारी ली। साथ ही से अपील किया कि सरहुल, रामनवमी आखाड़े के संचालन कमेटी बीस बीस वैसे सदस्यों का आई-कार्ड बनवाकर मोबाइल नंबर के साथ थाने में जुलूस से तीन दिन पूर्व जमा करे ताकि शोभा यात्रा एवं रामनवमी जुलूस में सहयोग मिल सके। साथ ही सभी जुलूस का समय निर्धारित, रुट निर्धारण कर एक आवेदन थाना को दे। वहीं जुलूस के दौरान मर्यादित एवं पर्व से जुड़े गानों को नियंत्रित आवाज में बजाने को कहा ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने सोशल मीडिया के फेक और भड़काऊ मैसेज भेजने से बचने को कहा। साथ ही उन्होन अपील किया कि इस तरह की घटना होने पर तत्काल इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दे। वहीं सीओ प्रणव अम्बष्ट ने कहा कि अचार सहिंता का समय है किसी भी तरह का राजनीति से संबंधित कार्य न करें, किसी पार्टी का झंडा या बैनर का इस्तेमाल न करें, अगर करते हैं तो इसकी इजाजत लेनी होगी। कहा कि समितियां जो भी झंडा लगांएगी वो त्योहार खत्म हो जाने पर हटा लेंगे।

## रामचरितमानस कथा पाठ कार्यक्रम का समापन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड स्थित ताऊ बालाडींग ग्राम के नवनिर्मित श्री राम मंदिर के परिसर में चल रहे तीन दिवसीय रामचरित्र कथा मानस पाठ प्रवचन कार्यक्रम का सोमवार को समापन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में भक्तजन भाग लिए। इस मौके सीतानाथ महतो, कुलेश्वर महतो, दिलेश्वर महतो, अजय कुमार, प्रशिक्षित महतो, रोहित महतो सहित ग्रामीण काफी संख्या भक्तजन मौजूद थे।

## रोजगार सेवक और स्वयं सेवक को बदलने के खिलाफ बीडीओ को ज्ञापन

**मुरी (आजाद सिपाही)।** हाकेदाग पंचायत समिति सदस्य और वार्ड मेंबरों ने लिखित रूप से बीडीओ के नाम पर पंचायत सेवक और स्वयं सेवक को बदलने के संबंध में ज्ञापन दिया है। रोजगार सेवक के संबंध में कहा गया है कि पंचायत के अंदर जो भी काम होता है उनमें डिमांड पेपर बिना मेट और बिना वार्ड मेंबरों को पूछे पर कार्य करते हैं। वहीं स्वयंसेवक विष्णु चरण महतो पर प्रधानमंत्री आवास और अबुआ आवास पर जिओ टेक के बाद पैसा लेने का आरोप लगाया है। उनके इस कार्य को ही लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने बीडीओ से बदलने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। पंचायत समिति सदस्य नीति देवी, वार्ड मेंबर आशा देवी, सरस्वती देवी, लखीमनी देवी, सुनीता देवी है।

## रक्तदान महादान टीम खलारी को बिहार के मिथिलांचल में किया गया सम्मानित



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रक्तदान के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही खलारी कोयलांचल की संस्था रक्तदान महादान टीम को बिहार में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान बिहार के मिथिलांचल की धरती झंझारपुर में अखंड भारत सेवा सम्मान से नवाजा गया। इस राष्ट्रीय सम्मान समारोह में देश एवम विदेश के सामाजिक संस्थाओं को आमंत्रित कर यह समान दिया गया। कार्यक्रम में रक्तदान महादान टीम खलारी के सदस्यों को मिथिला के अतिथि सम्मान के रूप में सिर पर पाग पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सम्राट अशोक रक्तसेवा समिति मधुबनी झंझारपुर के द्वारा किया गया था। रक्तदान महादान टीम को यह सम्मान झंझारपुर रक्त सेवा समिति के सचिव आचार्य ललित शास्त्री जी के द्वारा दिया गया। मौके पर रक्तदान टीम खलारी से मुन्नु शर्मा, आलोक कुमार, दीपक चौहान, अभिषेक चौहान ने संस्था के आचार्य ललित शास्त्री जी का आभार ब्यक्त किया है। सम्मान मिलने पर खलारी के मोहन नगर पूजा समिती के अध्यक्ष कृष्णा चौहान नंदनलाल चौहान, असरफी राम शैलेन्द्र शर्मा, अभिषेक चौहान, बुटन चौहान, अजय चौहान मिथिलेश प्रजापति रणविजय सिंह रमेश चौहान मोहन नगर वासियों ने हर्ष ब्यक्त किया है।

# मतदान केंद्र पर पीठासीन पदाधिकारी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण : लोकेश मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** आसन्न लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रशिक्षण कोषांग खूंटी द्वारा सोमवार को बिरसा कॉलेज खूंटी के तीन भवनों के अलग-अलग कमरों में 1027 पीठासीन पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने प्रशिक्षण स्थल पर प्रशिक्षण का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि मतदान को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराने में मतदान केंद्र पर पीठासीन पदाधिकारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने पीठासीन पदाधिकारियों को



मतदान कार्य से संबंधित सभी बिंदुओं की अच्छी तरह से जानकारी प्राप्त करने की अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन को पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने कार्य एवं दायित्वों को दक्षता के साथ निष्पादित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आपलोगों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने चुनाव कार्य में उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों की चर्चा करते हुए कहा कि उन प्रपत्रों को भरने के दौरान विशेष सावधानी की जरुरत होती है। आप सभी पूर्ण रुप से प्रशिक्षित होकर उत्साह के साथ निर्वाचन कार्य में भाग लें। जिला प्रशासन मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुरक्षा एवं सुविधाओं की व्यवस्था के कार्य में लगी है। इस दौरान पीठासीन पदाधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन की प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। उन्हें मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति एवं पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया।

पीठासीन पदाधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम, वीवीपैट द्वारा मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराने के पश्चात ईवीएम, वीवीपैट का हैंडस आन कराया गया। साथ ही प्रश्नोतरी के माध्यम से उनकी जानकारी की परीक्षा ली गई। पीठासीन पदाधिकारियों को 30 मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया।

## मतदाताओं को किया गया जागरूक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के सभी प्रखंडों में सोमवार को विशेष मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी, जिसमें संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय कर्मी सहित बीएलओ एवं सखी मंडल की दीदियां शामिल हुईं। इसके साथ ही मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। लोकतंत्र के इस महापर्व में हर एक मतदाता को उनके दायित्वों की दिशा दिखाने का लगातार प्रयास चल रहा है। मतदाताओं को बताया जा रहा है कि लोकतंत्र में चुनाव का महत्व सर्वोपरि है, इसे लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की रीढ़ कहा गया है। मतदाताओं को जागरूक करने के क्रम में बताया गया कि 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोग पंजीकरण कराएं और जागरूक मतदाता बनें। हम सभी को अपने स्तर से मतदाता जागरूकता के इस महाभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। इसके साथ ही मतदाताओं को अपने मताधिकार की महत्ता से अवगत कराने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए मानव श्रृंखला बनाकर इस चुनाव में एक भी मतदाता न छूटे का संदेश प्रेषित किया गया।

## सरना झंडा फाड़े जाने से आदिवासी समाज में आक्रोश

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर महावीर नगर सरना स्थल पर लगाया गया झंडा को किसी असामाजिक तत्वों के द्वारा फाड़े जाने के बाद सोमवार की सुबह आदिवासी समुदाय में गुस्सा देखा गया। झंडा फाड़े जाने की सूचना पर सैकड़ो की संख्या में लोग महावीर नगर सरना स्थल के पास जुट गये और इस घटना की निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे।

## ईद, सरहुल व रामनवमी त्योहार को लेकर जगह-जगह आयोजित हुई शांति समिति बैठक

# धार्मिक कार्यक्रम राजनीतिक आयोजन में तब्दील न हो, इसका ख्याल रखें : रणवीर

**विभिन्न अखाड़ों के लिए लाइसेंस नवीकरण और शांतिपूर्ण जुलूस व झांकी निकालने का निर्णय**

आजाद सिपाही टीम

**अनगड़ा/पिठोरिया।** ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को लेकर सोमवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सिल्ली डीएसपी रणवीर सिंह और संचालन थाना प्रभारी चमरा मिंज ने किया। बैठक में प्रमुख दीपा उरांव, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, केंद्रीय शांति समिति के डॉ रिझु नायक, मुस्तफा अंसारी, जैलेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर हंसा उरांव आदि उपस्थित थे। बैठक में ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को लेकर समीक्षा की गई। बताया गया कि 11 अप्रैल को थाना क्षेत्र के अनगड़ा, जोन्हा, गेतलसूद, बरवादाग आदि इलाकों में सरहुल पूजा को लेकर सरना समुदाय के लोगों का महाजुटान होगा और भव्य सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं, ईद को लेकर क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में



त्योहारों को लेकर सिल्ली डीएसपी की अगुवाई में आयोजित बैठक में उपस्थित लोग।

ईद की नमाज अदा करने के समय की जानकारी लेते हुए समस्याओं पर विचार विर्मश किया गया। जबकि रामनवमी पर चर्चा के दौरान विभिन्न अखाड़ों के लिए लाइसेंस नवीकरण कराने और शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस व झांकी निकालने का निर्णय लिया गया। मुस्तफा अंसारी ने कहा कि अनगड़ा प्रखंड आपसी भाईचारगी की मिशाल रहा है। पर अनगड़ा अंचल कार्यालय की बदनियति के कारण जमीन संबंधी विवाद में हमेशा क्षेत्र में शांति भंग होने की आशंका बनी रहती है। वहीं, डीएसपी सिल्ली रणवीर सिंह ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू है। आयोजित धार्मिक कार्यक्रम कहीं राजनीतिक आयोजन में तब्दील ना हो जाए इसका विशेष ख्याल रखने की जरूरत है। आगामी कुछ दिनों में हमें सभी धर्मों का त्योहार मनाने का मौका मिल रहा है। इसलिए सभी लोग मिलकर आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनायें। इस बात का भी ध्यान रखें कि डीजे, लाउड स्पीकर का नियमानुसार उपयोग हो। बैठक में अब्दुल इमाम अंसारी, ज्योतिष महतो, रामपोदो महतो, मधुसूदन मुण्डा, कृष्णा मुण्डा, बुधराम

## असामाजिक तत्व पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर : प्रशिक्षु आइपीएस

**रातू(आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में सोमवार को ईद, सरहुल और रामनवमी त्योहार के लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख संगीता देवी ने की। बैठक में थाना त्योहारों को लेकर सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया गया। प्रशिक्षु आइपीएस मोहम्मद याकूब ने कहा कि लोग एक-दूसरे के धर्म को आदर और सम्मान करते हुए त्योहारों को शांति पूर्वक मनाये। ईद, सरहुल और रामनवमी का पर्व आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए मनाएं। उन्होंने कहा कि



हुड़दंगियों व शांति व्यवस्था को भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। वहीं, थाना प्रभारी शशि भूषण चौधरी ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों को चिन्हित किया जायेगा। उन्होंने विधि व्यवस्था भंग होने की आशंका होने पर तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को देने की अपील की। वहीं, लोगों ने शराब की बिक्री पर पाबंदी लगाने, पुलिस गस्ती तेज करने व नशा के कारोबार करने वालो के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

बेदिया, विरेन्द्र सिंह भोगता, अजय महतो, सिकंदर अंसारी, दुर्गा पहान, रब्बानी राज, सलीम अंसारी आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, ***पिठोरिया*** थाना परिसर में भी ईद, सरहुल, रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पिठोरिया थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने किया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि सभी त्योहारों को मिलजुल कर मनाया जाएगा। वहीं, पुलिस ने अपील की कि अफवाह फैलाने वालों की सूचना तुरंत थाना प्रभारी को दें। जुलूस के दौरान पुलिस को भी सहयोग करने की बात कही गई। वहीं, समाजसेवी अनिल केसरी ने कहा कि हमें सभी धर्मो का सम्मान करना चाहिए। बैठक में मधु साहू, रामानंद प्रसाद, एइनुल हक अंसारी, भोला खान, फिरदौस अंसारी, पिठोरिया मुखिया मुन्नी मुंडा, लाला उरांव आदि मौजूद थे।

## ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर इटकी में शांति समिति की हुई बैठक



**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में सोमवार को ईद, सरहुल और रामनवमी त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ विजय कुमार ने किया। तीनों त्योहारों को सौपार्द व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर कई प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें नशापान और उपद्रवियों पर कड़ी निगाह रखने, शोभा यात्रा के दौरान सड़कों पर वाहन सहित अन्य व्यवधानों को रास्ते से हटाने, शांति व्यवस्था बनाये रखे के लिए अतिरिक्त महिला और पुरुष बल की तैनाती आदि शामिल था। साथ ही त्योहार के दौरान इटकी बाजार परिसर को सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में रखने की सहमती बनी। जिसकी निगरानी थाना प्रभारी के हाथों में रहेगी। बैठक में बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग, केंद्रीय हिंदु जागरण समिति के संरक्षक लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, सलीम अंसारी, कृष्णा राम तिवारी,नन्दलाल महतो, सरना समिति अध्यक्ष बिरा उरांव, बलराम गोप, लाला खान, अनुपम कुमार, बिन्दे भगत, सुका उरांव, कार्तिक महतो आदि उपस्थित थे।

## इटकी के कुंदी खेल मैदान में आज होगा सरहुल पूजा की पूर्व संध्या का आयोजन

**इटकी (आजाद सिपाही)।** कुंदी खेल मैदान में मंगलवार को सरहुल पूजा समिति के तत्वाधान में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी पूजा समिति के अध्यक्ष डब्बू केरकेट्टा ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बेड़ो, रातू, मांडर सहित इटकी के कई गांवों के सरना समाज से जुड़े लोग भाग लेंगे और अपने-अपने खोड़हा में पारंपरिक वेशभूषा धारण कर सरहूल पूजा से जुड़े नाच गान करेंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खोड़हा को समिति द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। इसमें बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

## महावीर मंडल समिति गोंदलीपोखर के दूसरी बार अध्यक्ष बने ज्योतिष महतो

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** महावीर मंडल समिति गोंदलीपोखर की बैठक सोमवार को शिव मंदिर परिसर में हुई, जिसकी अध्यक्षता ज्योतिष महतो ने की। बैठक में रामनवमी त्योहार धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही 17 अप्रैल को गोंदलीपोखर में आयोजित रामनवमी सह झंडा मिलन समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में महावीर मंडल समिति गोंदलीपोखर का पुर्नगठन भी किया गया। पूजा समिति के कार्यकाल को तीन वर्ष तक बरकरार रखने का प्रस्ताव पारित करते हुए सर्वसम्मति से ज्योतिष महतो दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए। वहीं उपाध्यक्ष विक्की सोनी, अगमलाल महतो, राजेंद्र महतो, रामसाय मुंडा, नरेश साहू, महासचिव राजेन्द्र मुण्डा, रामपोदो महतो, सचिव राजू महतो, विरेंद्र सिंह भोगता, उपसचिव सुप्रेस महतो, संगठन मंत्री रंजीत केशरी सोनू, जलेश्वर महतो मार्शल, कोषाध्यक्ष विक्की गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, आदि बनाए गए हैं।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर करमचंद भगत महाविद्यालय सभागार में सोमवार को सीओ सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी प्रताप मिंज के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को मतदान से जुड़े सभी पहलुओं और विषयों की जानकारी दी गई। उन्होंने 18 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों को कॉलेज के चयनित दो छात्र कैंपस एंबेसडर हर्षनाथ टंडन व रितिक उरांव से मिलकर मतदान से संबंधित जानकारी प्राप्त करने और मतदान करने की अपील की। वहीं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी प्रताप मिंज ने विद्यार्थियों को मतदान को लेकर शपथ भी दिलाया। मौके पर महाविद्यालय की शिक्षकों में मीना पूर्ति,आशा लकड़ा,पूनम कुमारी,सहजाद खान, शिवशंकर साहू, आशीष भारतेंदु समेत सैकड़ों विद्यार्थियों ने सराहनीय योगदान दिया।

# सरहुल और रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती होगी

**बेड़ो व मांडर में सरहुल, ईद व रामनवमी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो/मांडर।** बेड़ो थाना परिसर में सोमवार को प्रकृति पर्व सरहुल, ईद व महा रामनवमी पर्व सह शोभायात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीएसपी अखिल नितीश कुजूर ने की। जिसमें तीनों त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में 10, 12 व 13 अप्रैल को सरहुल पूर्व संध्या, पूजा व शोभायात्रा में लोगों का महजुटान महादानी मैदान में होगी। पारंपरिक ढोल नगाड़ों व मांदर की थाप पर जुलूस रांची-गुमला मुख्य मार्ग होते हुए बड़ा सरना स्थल में पूजा अर्चना के साथ आयोजित की जाएगी। वहीं



ईद को लेकर थाना क्षेत्र के विभिन्न ईदगाहों में नमाज अदा करने की समय की जानकारी लेते हुए समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। वहीं, रामनवमी पर्व पर चर्चा के दौरान निकलने वाले जुलूस में लोगों की संख्या, रूट चार्ट, जुलूस में इस्तेमाल होने वाले पारंपरिक हथियार सहित अन्य जरूरी जानकारी ली गयी। डीएसपी ने कहा कि सरहुल व रामनवमी की शोभायात्रा व जुलूस के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो इसको लेकर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया जायेगा। वहीं दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही वीडियो कैमरा, सीसीटीवी और सादे लिवास में पुलिस निगरानी रखेगी। वहीं, थाना प्रभारी नकुल साह ने कहा कि त्योहार के दौरान उपद्रवियों, अपराधियों व गलत अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की सादे लिवास में पैनी नजर रहेगी। शराब पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। बैठक में राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, मोददसिर हक, जगरनाथ भगत, जुगेश उरांव, भीखा उरांव, सुका उरांव, मुन्ना बड़ाइक आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, मांडर थाना परिसर में भी ईद, सरहुल, रामनवमी और चैती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने की। थाना प्रभारी राहुल ने कहा कि सभी त्योहारों को मिलजुल कर मनाए। अफवाहें पर ध्यान ना दें। पुलिस को सहयोग करें। साथ ही कहीं कोई घटना हो जाए तो पुलिस को सूचित करें। कानून को अपने हाथ में ना लें। डीजे में विवादित गाना ना बजाया जाय। इस मौके पर समाजसेवी आबिद अंसारी, सुका पाहन, साकिर इस्लाही, नुरुल्लाह हबीब नदवी, बिरसा उरांव आदि थे।

# अफवाहों पर ध्यान न दें : थाना प्रभारी

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सरहुल, रामनवमी और ईद को लेकर सोमवार को टाटीसिलवे थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता टाटीसिलवे थाना प्रभारी मनोज कुमार ने की। जिसमें सरहुल और रामनवमी पर आयोजित जुलूस में शांति बहाल करने पर चर्चा की गई। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि सरहुल, रामनवमी और ईद शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन



तत्पर है। उन्होंने लोगों से अफवाह पर ध्यान नही देने एवं किसी प्रकार की सूचना मिलने पर पुलिस को सूचित करने की अपील की, ताकि किसी अप्रिय घटना घटने से पूर्व प्रशासन उस पर अंकुश लगा सके। बैठक में राजन साहू, अमित नारायण तिवारी, अमित मिश्रा, गिरिधर मिश्र, नूतन पाहन, रामचरण पाहन, माधुरी देवी, बिगना महतो, ब्रजेश सिंह, सोहन मुंडा आदि उपस्थित थे। वहीं, सरहुल पूजा समिति नामकुम की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बिरसा पाहन ने की। इसमें धूमधाम से सरहुल पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर अशोक मुंडा, किरण सांगा, श्याम मुंडा, अनिल मुंडा, देवचंद्र कौरियार, बलराम कौरियार, रामभजन सिंह मुंडा, रवि महतो, बादल सांगा आदि उपस्थित थे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर क्लीनिंग थेरेपी शिविर का आयोजन

# स्वस्थ रहने के लिए सही भोजन, योग, व्यायाम, अच्छी नींद और प्राकृतिक उपचार विधि सर्वोत्तम: राजीव कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्राकृतिक उपचार केंद्र 'अक्षत आरोग्यम' की ओर से लोगों में प्राकृतिक चिकित्सा एवं क्लींजिंग थेरेपी की जागरूकता, अनुभव एवं उपचार के लिए दो दिवसीय आवासीय क्लींजिंग थेरेपी कैंप का आयोजन किया गया। जिसका सोमवार को समापन हुआ। इसमें झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ से आए कुल 28 लोगों ने वाराणसी के प्राकृतिक चिकित्सक डॉ संतोष पांडे और रांची के डॉ शिवशंकर मुर्मू व तीन थेरेपिस्ट सुधींद्र कुमार,



हेमंत किशोर एवं अवनिंद्र सिंह के निर्देशन में प्रशिक्षण एवं उपचार प्राप्त किया। शिविर का शुभारंभ झारखंड के पूर्व डीजीपी राजीव कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि जीवन का सही आनंद लेने के लिए सबसे आवश्यक स्वस्थ रहना है। पुलिस सेवा में रहते हुए उन्हें इसके लिए प्रशिक्षण मिला। कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सही भोजन, योग, व्यायाम, अच्छी नींद और प्राकृतिक उपचार विधि सर्वोत्तम है। इस दौरान सभी प्रशिक्षुओं की विभिन्न मशीनों से स्वास्थ्य जांच की गई। जिन्हें समस्या थी उसका निदान उपचार किया गया। जेपी सिंह और अवनींद्र सिंह ने सही स्वास्थ्य एवं उपचार में संगीत के महत्व पर चर्चा की। शिविर के सह आयोजक ब्रह्मर्षि एजुकेशन फाउंडेशन के निदेशक अवनींद्र सिंह ने बताया कि इस थैरेपी के जनक और प्रचारक डॉक्टर पीयूष सक्सेना के अनुसार संसार में ज्ञात 90 फीसदी बीमारियों का शत प्रतिशत इलाज क्लीनिंग थेरेपी से ही संभव है। समापन कार्यक्रम में कैंप के सहभागी संजय कुमार सिंह, इंडियन बैंक डॉ माया कुमार निदेशक चिरंजीवी पब्लिक स्कूल, श्रीहरि माधव प्रशाखा पदाधिकारी, जागो चौधरी अवर सचिव, बिनोद अग्रवाल कैलाश स्टेशनर्स, मनीष आदि ने अपने विचार रखे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## नामकुम के सैन्य छावनी में जवान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सेना के जवान ने खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली है। घटना जिले के नामकुम थाना क्षेत्र के खोजाटोली स्थित सैन्य छावनी में रविवार देर शाम घटित हुई। हालांकि इसकी जानकारी सोमवार को सामने आयी। पता चला है कि 386 अरमॉर्ड रेजीमेंट के जवान ने खुद को गोली मार ली। आनन-फानन में उसे मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक जवान रेजीमेंट का कोर्ट इंचार्ज था। फिलहाल आत्महत्या के पीछे के असल कारणों का पता नहीं चल सका है।

## नगड़ी टोल प्लाजा के नजदीक हथियार के साथ तीन अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

**नगड़ी (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के नगड़ी स्थित टोल प्लाजा के पास घटना को अंजाम देने से पहले तीन अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़ गये। उनकी पहचान नगड़ी थाना क्षेत्र के मुस्लिम मोहल्ला निवासी मो कैफ अंसारी, नुरुल अंसारी और रेयाज अंसारी के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा और कार भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार रांची-गुमला एनएच 43 मुख्य सड़क पर टोल प्लाजा के नजदीक कुछ अपराधी हथियार के साथ किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। नगड़ी थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापामारी दल जैसे ही रांची-गुमला मुख्य मार्ग में टोल प्लाजा से करीब 3 से 4 मीटर पहले पहुंचा, तो देखा कि सड़क के किनारे एक स्विफ्ट डिजायर कार खड़ी है। गाड़ी खड़ी देख छापामारी टीम उक्त कार के सामने पहुंची। पुलिस की गाड़ी को अपनी गाड़ी के सामने खडा देख उक्त कार से तीन युवक बाहर निकले और भागने का प्रयास करने लगे। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस बल ने भाग रहे आरोपी को दौड़ा कर दबोच लिया। उनके पास से देसी कट्टा बरामद हुआ।

## नामकुम के कई पंचायत में चलाया जनसंपर्क अभियान



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कई पंचायतों में सोमवार को आजसू की ओर से जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व ग्राम प्रभारी होवांगहातु पंचायत एवं सिद्रोल पंचायत के प्रखंड अध्यक्ष रतनलाल सिंह होण्डा ने किया। इस दौरान ग्राम प्रभारी और चूल्हा प्रमुख का चुनाव किया गया। इसमें मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने अपने संबोधन में दोनों ही पंचायतों के ग्राम प्रभारीयों को पार्टी की नीति और सिद्धांतों से अवगत कराया। सात ही 15 अप्रैल तक चूल्हा प्रमुख बना कर सूची पत्र उपल्ब्ध कराने का निर्देश दिया। कहा कि आजसू सरकार में रहे या बाहर रहे, झारखंड की जनभावनाओं को मुखर होकर रखते आ रही है। अगर राज्य की जनता आजसू को मौका देती है तो निश्चित रूप से राज्य का विकास होगा। बैठक में केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, नामकुम प्रखंड प्रवक्ता विवेक कुमार गोप, प्रखंड उपाध्यक्ष दिलीप महतो, संजय बैठा, शिबू मुंडा, राकेश सिंह मुंडा, मूर्तमणी देवी आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस के अधिकारियों व पुलिसकर्मियों की टीम ने सघन छापामारी अभियान चलाकर फरार चल रहे चार वारंटियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटियों में बेड़ो थाना क्षेत्र के केशा गांव निवासी वसीम खान उर्फ कादिर उर्फ बोना,टेरो गांव निवासी संजय उरांव उर्फ चरकु उरांव चचकोपी गांव निवासी राजेंद्र मिंज तथा जरिया गांव निवासी संतोष उरांव का नाम शामिल हैं। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि पांच थानों के वारंटी वसीम खान के विरुद्ध पिठोरिया थाना में दो, तमाड़ थाना में दो,डेली मार्केट थाना में दो,चान्हो थाना में एक व बेड़ो थाना में एक संगीन मामला दर्ज है?। बेड़ो पुलिस को इसकी लंबे अर्से से तलाश थी। वहीं इस छापामारी अभियान में थाना प्रभारी नकुल साह,एस आई रौशन कुमार,एस आई अनिल टोप्पो व एएसआई लाल मोहर पाण्डेय व सशत्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## रातू फुटकलटोली में जमीन विवाद में हमला दो घायल, महिला सहित पांच लोग गिरफ्तार

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के फुटकलटोली में जमीन विवाद को लेकर हरवे हथियार से लैस एक पक्ष के लोगों ने जमीन में बाउंड्री का काम करा रहे सीमलिया निवासी नुरुल होदा व उसके भाई समसुल होदा पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। जहां समसुल की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची व त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना को अंजाम देकर भाग रहे पांच लोगों को खदेड़कर पकड़ लिया। हमलावरों की संख्या सौ से अधिक बताई जा रही है। जिसमे महिलाओं की संख्या अधिक थी। पुलिस ने मारपीट करने व बाउंड्री तोड़ने की आरोपित चार महिला समेत पांच लोगो को गिरफ्तार कर थाना ले आयी है। मामले को लेकर जमीन मालिक सीमलिया निवासी इशाक अंसारी ने रातू थाने में 16 नामजद व 100 से अधिक अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक सीमलिया रिंग रोड के नजदीक मां पार्वती अस्पताल के समीप फुटकलटोली मौजा के खाता संख्या 69 रकबा 6.85 एकड़ जमीन में कई वर्षों से विवाद चल रहा है। उक्त जमीन को इशहाक अंसारी ने रातू रोड मधुकम राँची के रहने वाले राकेश रंजन उर्फ मुकेश पांडेय व सुखदेव नगर रांची के रहने वाले जगदीश प्रसाद को बेच दिया। जमीन खरीदने के बाद मुकेश व जगदीश ने जमीन पर बाउंड्री करा लिया। पर रवि स्टील पंडरा के रहने वाले दो भाई अनिल सिंह व सुनील सिंह और फुटकलटोली के कमरुल हक जमीन में विवाद करते थे। आरोप है कि इनके द्वारा करीब डेढ़ करोड़ रुपया की मांग किया जा रहा था। रुपये नही देने पर बाउंड्री तुड़वाने व जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। वहीं, पकड़े गए लोगों के नाम सोनी देवी, उषादेवी, पम्मी देवी, विष्णु राय राजा उलआतु नामकुम, हिरा मनी देवी बुतुरु करमाली कोकर और जुमन अंसारी इटकी बारीडीह है। घटना को लेकर जमीन मालिक ने रातू थाने में 16 नामजद व सैकड़ो अज्ञात लोगो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहिं पब्लिक स्कूल में नये सत्र का हुआ शुभारंभ

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुरियो गांव स्थित संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल में सोमवार को नए सत्र में पठन पाठन की शुरूआत की गई। विद्यालय में माता सरस्वती की पूजा कर महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी शामिल हुए। बच्चों के बीच प्रसाद व मिठाइयों का वितरण किया गया। वहीं, प्राचार्य संदीप राज ने कहा कि बच्चों को पठन पाठन के साथ शारीरिक व मानसिक विकास पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं, समस्त कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हुसैनाबाद पुलिस और उत्पाद विभाग की छापामारी में 59 पेटी अवैध शराब जब्त

# अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

### शराब तैयार कर बिहार और झारखंड के विभिन्न जिलों में की जा रही थी बिक्री

**एसडीपीओ ने ग्रामीणों से अवैध शराब कारोबारियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर ररही है। इसी क्रम में हुसैनाबाद एसडीओ, एसडीपीओ, हुसैनाबाद थाना और उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। हुसैनाबाद थाना परिसर में सोमवार को एसडीपीओ मनोज कुमार महतो व थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के झरगड़ा पंचायत के बघमनवा टोला में छापामारी कर 59 पेटी अवैध शराब और 280 लीटर कच्चा स्प्रिट जब्त किया है। साथ ही अवैध शराब निर्माण में लगे चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। उनकी पहचान मुकेश कुमार, ललन कुमार, राजकुमार और सुजीत रजवार के रूप में हुई है। बताया कि कई नामी कंपनियों के लेबल लगे अवैध शराब की बिक्री की जा रही थी। शराब तैयार कर उसकी बिक्री बिहार और झारखंड के विभिन्न जिलों में की जा रही थी। उन्होंने गांव के प्रबुद्ध लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वह भी अवैध शराब के कारोबार पर नजर रखें और उसकी सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा। वहीं, छापामारी टीम में उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार, एसडीओ पीयूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश महतो, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, एसआई तंजीमुल मनान और ललित सोरेन आदि शामिल थे।



प्रेस वार्ता कर आरोपितों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

# लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान बेहद जरूरी: डीसी

### स्वीप कार्यक्रम के तहत कोयल रिवर फ्रंट पर दीपोत्सव का आयोजन

**आतिशबाजी कर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार की शाम स्वीप कार्यक्रम के तहत कोयल रिवर फ्रंट पर दीपोत्सव का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ,उप विकास आयुक्त रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, प्रशिक्षु आइएएस सह स्वीप के नोडल पदाधिकारी रवि कुमार व उप निर्वाचन पदाधिकारी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में शत प्रतिशत मतदाताओं के बीच जागरूकता का प्रसार कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है। कहा कि कई लोग सोचते हैं कि मेरे एक वोट से क्या होगा, जबकि चुनाव में हरेक वोट का अपना महत्व होता है। ऐसे में आप सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सरकार बनाने में सहभागिता निभाएं। सरकार की बनाई गई योजना से जब आप लाभान्वित होंगे तब आपको यह गर्व महसूस होगा कि इस सरकार को मैंने ही चुना है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों से दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही। कहा कि जैसे दिये को जलाने में तेल की आवश्यकता है ठीक उसी तरह लोकतंत्र को मजबूत बनाने में आपका वोट जरूरी है। इसलिए मतदान जरूर करें। वहीं, दीपोत्सव के आयोजन से पूरा कोयल रिवर फ्रंट पर मेला जैसा माहौल रहा। कोयल रिवर फ्रंट के घाटों पर जेएसएलपीएस की दीदीयों व आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं की ओर से हजारों दीप जलाये गये। जबकि विभिन्न स्कूली बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के जरिये लोगों से 13 व 20 मई को मतदान करने की अपील की गयी। इस मौके पर सदर एसडीओ अनुराग तिवारी, स्वीप कोषांग की प्रभारी पदाधिकारी रश्मि रंजन, एनडीसी विक्रम आनंद आदि थे।



दीपोत्सव का शुभारंभ करते डीसी शशि रंजन व अन्य पदाधिकारी।

## प्यार में फांस कर किया यौन शोषण गर्भपात करवाकर शादी से इंकार

**प्रेमिका की शिकायत पर आरोपी प्रेमी गिरफ्तार, भेजा गया जेल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** युवती ने अपने प्रेमी पर शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने और गर्भवती होने पर गर्भपात कराकर शादी करने से इन्कार करने का आरोप लगाया है। जिस पर कार्रवाई करते हुए महुदा पुलिस ने सोमवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर धनबाद जेल भेज दियाष साथ ही युवती को मेडिकल जांच के साथ ही 164 के तहत बयान दर्जके लिए भेज दिया हैं। बतातें चलें कि महुदा पुलिस ने प्रेमी को उस वक्त गिरफ्तार किया जब समझौता के लिए युवती ने उसे बुलाया था। पर युवक को उसके परिजनों ने रविवार को युवती व पंचायत के समक्ष पेश किया। इससे युवती आगबबूला हो गई और युवक को मारने पीटने पर उतारू हो गयी। काफी हो हंगामा होते देख लोगों की भीड़ जुटने लगी। इस बीच शोरगुल सुनकर महुदा पुलिस भी पहुंच गई और युवक को पकड़ कर थाने ले आई। इससे पूर्व भी धोखा मिलने के बाद प्रेमिका इतने गुस्से में थी कि प्रेमी के घर में घुसकर तोड़ फोड़ करने लगी थी। हाथों में लोहे का साबल लेकर लड़की ने एक कमरे में जमकर तोड़ फोड़ की थी। गुस्से वाली प्रेमिका को देख प्रेमी के घर वाले उस वक्त डर से कुछ नहीं बोल पाए। मामले को लेकर पीड़ित युवती एवं प्रेमी के घरवाले एक दूसरे के विरुद्ध लिखित शिकायत भी किया था। गौरतलब हो कि पीड़िता ने पुलिस को बताया कि डीएस कॉलोनी रेलवे महुदा बाजार निवासी स्व नंद किशोर चौधरी के पुत्र सुधीर चौधरी (20) ने उसे शादी का प्रलोभन देकर प्रेम जाल में फंसाया और छह साल तक यौन शोषण करता रहा। इस बीच जब वह गर्भवती हो गई और शादी का दबाव डालने लगी तो प्रेमी ने फिर बहका दिया और शर्त रख दिया कि गर्भपात करवाओ तब शादी होगी। इस तरह उसने तीन बार गर्भपात करवाया।

## हत्या के आरोपी की इलाज के दौरान मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड में 26 मार्च को मनोज चौधरी नामक नामक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। मनोज चौधरी अपने गोतिया-परिवार के साथ होली के दिन बैठकर शराब पी रहा था। तभी अपने चचेरे भाई अजय चौधरी के साथ उसकी बहस हो गई थी। आरोप है कि इसी बहस के दौरान अजय ने मनोज को गोलि मार दी थी। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अजय को 28 मार्च को मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में पलामू सेंट्रल जेल भेज दिया गया था। इसी बीच तबीयत खराब होने के बाद उसे इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां इलाज के क्रम में रविवार की रात उसकी मौत हो गई।




## 501 कलश लेकर निकली भव्य शोभा यात्रा, शामिल हुए वीडी राम



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला में श्रीरामचरित मानस नवाहप्रयाण महायज्ञ सह 18वां मानस महाअधिवेशन को लेकर सोमवार को 501 कलश के साथ भव्य शोभायात्रा निकली गयी। जिसकी शुरूआत रेहला (गढ़वा रोड) स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा योगीबीर देव स्थल प्रांगण से हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पलामू संसद वीडी राम के अलावा भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, एसएस सतीश कुमार, वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, कथावाचक स्वामी कृष्णानंद शास्त्री जी महाराज, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित व महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम चंद्रवंशी शामिल हुए और संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिखा कर रवाना किया। विभिन्न रास्तों से होते हुए कलश यात्रा कोयल नदी तट पहुंचा, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। इसके बाद वापस योगिबिर बाबा यज्ञशाला परिसर पहुंचा। जहां पूरे विधि विधान से कलश की स्थापना करायी गयी। कलश शोभा यात्रा में राजद लोस प्रत्याशी ममता भुइयां, डॉ बीपी शुक्ला, खैरा विकाश मंच के संस्थापक अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय, डॉ डीपी शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, यज्ञ कमेटी के संरक्षक नरेंद्र सिंह, समाजसेवी ज्वाला गुप्ता, पंकज मिश्रा आदि थे।

## नवाह परायण यज्ञ को लेकर महावीर मंदिर समिति ने निकाली कलश यात्रा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्री महावीर मंदिर प्रबंधन समिति के नेतृत्व में रामचरित मानस नवाह परायण यज्ञ को लेकर सोमवार को कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा शहर के अंबेडकर, चौक मधुशाला रोड, पुरानी बाजार, रविदास नगर, गांधी चौक होते हुए सोनभद्र नदी से जलभरी कर पुनः महाबीर जी भवन पहुंचा। यज्ञ आचार्य देवव्रत पांडे एवं मंदिर पुजारी गोपाल पाठक ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ सभी कलश धारियों को विधिवत्त पूजा अर्चना कराया। मंगलवार चैत शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन कलश स्थापना कर 9 दिनों के लिए मानस पाठ का प्रारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, डॉ शिव प्रसाद मेहता, मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी, कामाख्या नारायण सिंह और सनी चंदेल आदि शामिल थे।

## बेटा-बहू को जलाकर मारने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनातू/पलामू।** मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डुमरी के भुईया टोला में एक व्यक्ति द्वारा अपने ही बेटे और बहू को जलाकर मारने का प्रयास किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार रामजी राम रविवार की रात नशे में धुत होकर अपने बेटे के घर पहुंचा। जहां बेटा और बहू नींद में सो रहे थे। इसी बीच रामजी ने घर में आग लगा दिया। हालांकि आग की लपटे तेज होते ही उनकी नींद खुल गई और वे लोग जान बचाकर घर से बाहर निकल आए। ग्रामीणों के अनुसार रामजी राम को अपने बेटे और बहू से हमेशा अनबन रहता है। इसी कारण बेटा अपने पिता से अलग मकान में रहा करता था। जबकि रामजी राम अपनी बेटी के साथ दूसरे मकान में रहा था। इस संबंध में जानकारी मिलने पर मनातू प्रशासन मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।



# पलामू लोकसभा क्षेत्र को पूर्ण विकसित करना ही है मुख्य उद्देश्य : ममता भुइयां

**राजद लोस प्रत्याशी ममता भुइयां ने शुरू किया जनसंपर्क**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** राजद की पलामू लोकसभा प्रत्याशी ममता भुइयां ने सोमवार से अपना जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया। इस दिन विश्रामपुर नप मुख्यालय में ममता भुइयां का कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान ममता भुइंया ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की। जिसमें लोस चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में शामिल गठबंधन के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने ममता भुइंया को जिताने का संकल्प लिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ ममता भुइयां ने नगर भ्रमण कर लोगों से समर्थन मांगा। कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र को पूर्ण विकसित करने के उद्देश्य से चुनावी मैदान में उतरी हैं। जनता का आशीर्वाद मिला तो पलामू क तस्वीर बदलने का प्रयास करूंगी। मौके पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, वरीय राजद नेता ओमप्रकाश गुप्ता गुड्डू, राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यदाव, नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, जिला महासचिव रमेश चौबे, सोना देवी आदि मौजूद थे।



### यादव महासभा ने दिया ममता को समर्थन

गुरी-पिपरा गांव में यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष नंददेव यादव ने समर्थकों के साथ गठबंधन की लोस प्रत्याशी ममता भुइंया का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने ममता भुइयां को समर्थन देने की भी घोषणा भी की। दावा किया कि इस बार पलामू की जनता बदलाव के पक्ष में मतदान करेगी। क्षेत्र के लोग दामाद को नकारते हुए पलामू की बेटी को अपना समर्थन देंगे। मौके पर हलकानी भुइया, मधुसूदन सिंह, विजय यादव, रामचंद्र गुप्ता, प्रवेश भुईया, विनोद भुईया, पार्वती देवी आदि उपस्थित थे।

## रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी छतरपुर सर्किल इंस्पेक्टर द्वारिका राम और थाना प्रभारी बीमल कुमार की उपस्थिति में रामनवमी और ईद सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने पर बल दिया गया। बैठक में एसआइ नकुल शर्मा, जिला परिषद सदस्य ददन पासवान, प्रमुख विक्रम सिंह यादव, एनसीपी जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, भाजपा नेता लाल बहादुर सिंह, बसपा नेता राजकुमार गौतम आदि मौजूद थे।

## सिगसिगी में ग्रामीणों ने की बैठक, रामनवमी पूजा को लेकर कमेटी गठित, पंकज बने अध्यक्ष

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सिगसिगी ग्राम पंचायत में सोमवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें रामनवमी पूजा महोत्सव के आयोजन, रामनवमी जुलूस निकालने और आकर्षक झांकी प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। रामनवमी पूजा के सफल संचालन को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पंकज कुमार कुशवाहा को बनाया गया। इसके अलावा राहुल गुप्ता, रविंद्र विश्वकर्मा, राजमुनि चौधरी व राम अयोध्या तिवारी को उपाध्यक्ष, अनुज चौधरी को सचिव, दिनेश गुप्ता को उपसचिव, सुधांशु कुमार को कोषाध्यक्ष और धीरज प्रसाद गुप्ता को उप कोषाध्याय मनोनित किया गया। इसके अलावा 51 सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया।

## प्रधानाध्यापक व शिक्षक नामुदाग ग्राम में घर-घर जाकर बच्चों व उनके माता-पिता से मिले



**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के नामुदाग ग्राम में स्थित श्याम बिहारी सिंह उच्च विद्यालय नामुदाग में सोमवार को एक भी बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे। इस पर उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजीत कुमार सहित सभी शिक्षक नामुदाग ग्राम में घर-घर जाकर बच्चों व उनके माता-पिता से मिले। बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। प्रधानध्यापक ने बच्चों के अभिभावकों से मिलकर स्कूल नहीं आने का कारण पूछा। पता चला कि स्कूल बंद है। इस पर प्रधानाध्यापक ने बताया कि स्कूल खुला है सुबह 7 बजे से 1 बजे तक विधालय का समय है। जबकि स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे स्कूल में ना जाकर मोबाइल में गेम खेलते रहते हैं। इस पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि नामुदाग श्याम बिहारी सिंह 10+2 उच्च विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है। विद्यालय में 18 शिक्षक है। विद्यालय में सभी विषयों के शिक्षक मौजूद है। बच्चों के लिए कंप्यूटर लैब है। वहीं, नामुदाग मुखिया जितेंद्र पासवान ने भी बच्चों के माता-पिता से बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजना की अपील की।

## पुलिस की कार्रवाई, 3 क्विंटल जावा महुआ व शराब नष्ट

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज थाना अंतर्गत कुलहिया पंचायत के पहाड़ी क्षेत्र के तरहती में अवैध महुआ निर्मित शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाकर पुलिस ने तीन भट्ठी को ध्वस्त करते हुए तीन क्विंटल जावा महुआ और 50 लीटर शराब जब्त किया। इस संबंध में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि तीन शराब भट्ठी से 8 प्लास्टिक का ड्राम, तीन क्विंटल जावा महुआ, 50 लीटर निर्मित शराब और बनाने के उपकरण को जब्त कर मौके पर ही विनिष्ट किया गया है। कारोबारी की भी जानकारी ली जा रही है। अभियान में एसआइ सोनू गुप्ता, नंदलाल साहनी, एएसआई संजय सिंह आदि शामिल थे।

# स्पोर्ट्स




भारत के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सुमित नागर 42 साल बाद रोलेक्स मौंटे कार्लो मास्टर्स के मुख्य ड्रा में पहुंचने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले साल 1982 में रमेश कृष्णन ने सिंगल्स इवेंट के मुख्य ड्रा में अपनी जगह बनाई थी।

## मोंटे कार्लो मास्टर्स में 42 साल बाद भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल ने सिंगल्स के मेन ड्रॉ में जगह बनायी

**आज इटली के खिलाड़ी से होगा मुकाबला**



**नई दिल्ली एजेंसी)।** भारत के नंबर-1 टेनिस प्लेयर सुमित नागल 42 साल बाद रोलेक्स मोंटे कार्लो मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में पहुंचने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 1982 में रमेश कृष्णन ने सिंगल्स इवेंट के मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह बनाई थी। रविवार को सुमित ने आखिरी क्वॉलिफाइंग दौर में अर्जेंटीना के 55वीं रैंकिंग वाले फेसुंडो डियाज अकोस्टा को 7-5 2-6 6-2 से हराकर टूर्नामेंट में अपना स्थान पक्का किया। वहीं, इससे पहले शनिवार को उन्होंने पहले क्वालीफाइंग राउंड में 63वीं रैंकिंग के इटली के फ्लेवियो कोबोली को हराया था। अकोस्टा के खिलाफ पहले सेट में 2-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सुमित ने पहला सेट जीता। उसके बाद दूसरे सेट में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वहीं नागल ने फिर वापसी करते हुए तीसरे सेट को जीत कर मैच को जीत लिया। दूसरी ओर, नागल को बुधवार को माराकेच ओपन के क्वार्टर फाइनल में मेंस सिंगल्स में हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय खिलाड़ी को इटली के लोरेंजो सोनेगो 6-1, 3-6, 4-6 से हराया था। नागल ने इस मैच में जोरदार शुरूआत की थी और बढ़त बनाने के बावजूद अंत तक अपनी प्रदर्शन को बरकरार नहीं रख पाए थे, जिससे उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

### क्या है मोंटे कार्लो मास्टर्स

मोंटे-कार्लो मास्टर्स मेंस प्रोफेशनल प्लेयर्स का टेनिस टूर्नामेंट है, फ्रांस के रोकेब्रून-कैप-मार्टिन में आयोजित किया जाता है। यह मोंटे कार्लो कंट्री क्लब में क्ले कोर्ट पर खेला जाता है और अप्रैल होता है। इसका आयोजन हर साल होता है। यह टूर्नामेंट एटीपी टूर पर नौ एटीपी टूर मास्टर्स 1000 इवेंट्स का हिस्सा है।

### सुमित का प्रदर्शन इस साल रहा बेहतर

सुमित नागल का इस साल प्रदर्शन बेहतर रहा है। उन्होंने साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर जीत के साथ शुरूआती की थी। इसके बाद, उन्होंने चेन्नई ओपन में जीत हासिल की और एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई। इस सप्ताह की शुरूआत में नागल ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की थी। सुमित के अलावा इस टूर्नामेंट में साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के डबल्स जीतने वाले रोहन बोपन्ना भी अपने ऑस्ट्रेलियाई पार्टनर मैथ्यू एबडेन के साथ खेलते हुए नजर आएंगे।

## चुनावी गतिविधि : युवा एकता दल ने गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी का किया स्वागत

# विकास कार्यों पर रहेगा पूरा ध्यानः चंद्रप्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता


सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का स्वागत करते युवा एकता दल के प्रतिनिधि।

**महुदा।** गिरिडीह लोकसभा केंद्र से एनडीए प्रत्यासी सह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने सोमवार को महुदा क्षेत्र के राधनगर में जन संपर्क अभियान चलाया। वे पूर्व जिला परिषद सदस्य सह युवा एकता दल के सुप्रीमो की ओर से आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संतोष महतो ने सांसद को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बताते चले कि उम्मीदवार की घोषणा के बाद से ही सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी अपने लोकसभा क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं। वे गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सभी पंचायत क्षेत्रों का इन दिनों भ्रमण करते हुए आमजनों से मुलाकात कर क्षेत्रों में पूर्ण एवं अपूर्ण विकास कार्यों से अवगत हो रहे हैं। साथ ही अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने का भरोसा दिलाया हैं। हालांकि इस दौरान कहीं-कहीं जनता व भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध-नाराजगी का भी सामना करना पड़ रहा है। इस बीच चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने संबोधन में आरोप लगाया कि विपक्ष के नेताओं के बहकावे में कुछ लोग उनका विरोध कर रहे हैं। पर वे इससे घबराने वाले नहीं हैं। बताया कि हमने स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल व आवागमन जैसे क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ काम कराया हैं। लोगों के सुख-दुख में भागीदार रहें हैं। बिना किसी भेदभाव के काम करने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि आगे भी जनसेवा की भावना से जनता की उम्मीदें पूरी करूंगा। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लिया। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्य के पूववर्ती हेमंत सरकार को झारखंड के विकास के लिए हमेशा फंड दिया। लेकिन तत्कालिन हेमंत सरकार ने हमेशा राज्य की विकास कार्य को रोके रखा। हेमंत सरकार में हुए भ्रष्टाचार को राज्य की जनता ने देखा और सुना हैं। यह किसी से छिपी नहीं हैं। हेमंत सरकार ने हमेशा जनता विरोधी होने का परिचय प्रदेशवासियों को दिया है। कहा कि देश व राज्य की प्रगति कैसे हो यह भाजपा की प्राथमिकता में है। उन्होंने राज्य की वर्तमान राज्य की सरकार मूलभूत सुविधाओं के खोखला सौंदर्यीकरण पर काम करना करार दिया हैं। कहा कि हमें मिलकर मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है, ताकि देश की विकास लगातार प्रगति की राह पर चलता रहे। वहीं, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो ने कहा कि उनलोगों ने जिन समस्याओं को सांसद के पास रखा हैं, उसका निराकरण करने के लिए उन्होंने अथक परिश्रम किया है। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिप सदस्य संतोष महतो ने कहा कि क्षेत्र में जन सुविधाओं के विकास के लिए सांसद ने जो काम किया हैं, यह किसी से छिपी नहीं हैं। इन्होंने केंद्र सरकार के सभी विभाग के मंत्रियों से मिलकर क्षेत्र में कई विकास कार्य में किये हैं। उन विकास कार्यों को भी जनता को देखना चाहिये। कहा कि युवा एकता दल का एक-एक कार्यकर्ता चंद्र प्रकाश चौधरी जी के साथ खड़ा हैं।

# अपर समाहर्ता ने किया बलियापुर प्रखंड के लिए प्रस्तावित इंटरमीडिएट वज्रगृह का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर सोमवार को अपर समाहर्ता सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी विनोद कुमार ने लोकसभा चुनाव के निमित्त बलियापुर प्रखंड के लिए प्रस्तावित इंटरमीडिएट वज्रगृह का निरीक्षण किया गया। उन्होंने उत्क्रमित उच्च विद्यालय करमाटांड़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांदकुईया, उर्दू मध्य विद्यालय सिंगियाटांड़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोदीडीह एवं डीएवी पब्लिक स्कूल रंगामाटी के चिन्हित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा भी साथ थे। सहायक निवार्ची पदाधिकारी विनोद कुमार ने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में भवन में उपलब्ध कमरों की संख्या, शौचालय, जलापूर्ति, विद्युत, सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# चिरकुंडा नगर परिषद ने घर-घर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चिरकुंडा नगर परिषद की ओर से वार्ड संख्या 7 में सोमवार को घर-घर जाकर जागरूक किया गया। इसकि जानकारी देते हुए नगर परिषद के सहायक अभियंता अंकित पराशर ने कहा कि वार्ड संख्या 7 में विभाग के पदाधिकारी व सुपरवाइजर द्वारा घर-घर जाकर बताया गया कि मतदान करना क्यों जरूरी है। लोगों से अपील की गई कि अपने मताधिकार का प्रयोग किसी राजनितिक दल व नेता के दबाव में ना करें। निर्भय होकर स्वेच्छा से ही मतदान करें। लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग

### हजारीबाग पुलिस की नागरिकों से अपील
### चुनाव को प्रभावित करने वाले

1. हजारीबाग पुलिस आप सभी जिलावासियों से अपिल करती है कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर किसी भी प्रकार से चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से आम जन मानस की भावनाओं को भड़काने/ठेस पहँचाने वाले किसी भी प्रकार के संदेश/अप्रमाणिक जानकारी/भ्रामक मैसेज/तस्वीर/विडियो इत्यादि सोशल मिडिया यथा Facebook/ Twitter /WhatsApp/ Instagram/ Youtube आदि पर अपलोड/शेयर न करे, जिससे शान्ति व्यवस्था/विधि–व्यवसस्था भंग होने की संभावना हो।
2. हजारीबाग पुलिस सोशल मिडिया पर पैनी नजर रखे हुए है, उल्लंघन करने वाले लोगों के विरूद्व विधि–सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
3. हजारीबाग जिला में सौदर्य एवं शान्ति–व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला प्रशासन का सहयोग करे। किसी भी प्रकार का अफवाहों पर ध्यान न दें, तथा अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना अविलम्ब कंट्रोल रूम के मोबाईल/वॉट्सऐप नंबर 8002529349 पर दें अथवा डायल 100/112 पर संपर्क कर सूचना साझा कर सकते हैं।
4. सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।
5. समाज में शांति–व्यवस्था बनाये रखने के लिए हजारीबाग पुलिस आपसे सहयोग की अपेक्षा रखती है।

!! हजारीबाग पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर !!

| | | |
|---|---|---|
| DY SP (C.C.R) | - | 9471701252 |
| DY.SP.HEADQUARTER | - | 9431140990 |
| SDPO SADAR | - | 9431706298 |
| SDPO BISHNUGARH | - | 9430165633 |
| SDPO BARHI | - | 9431706299 |
| SDPO BARKAGAON | - | 9430336100 |
| Media Cell Nodal Officer | - | 8448636314 |

निवेदक,
ह0/–
पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 323662 Police (24-25)_D


## महत्वपूर्ण न्यूज

### अयोध्या में रामोत्सव राष्ट्रीय चित्रकार शिविर में रोशन मिश्रा ने किया झारखंड का प्रतिनिधित्व




बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड की प्रतिभाएं राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा की छाप छोड़कर राज्य का मान बढ़ाती रही हैं। एक ऐसे ही प्रतिभावान चित्रकार हैं रोशन मिश्रा। राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कला शिविरों में शिरकत कर चुके और कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कई बार सम्मानित हो चुके धनबाद जिले के टुंडी प्रखंड निवासी रोशन मिश्रा वर्तमान में बोकारो दिल्ली पब्लिक स्कूल में कला शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। रोशन मिश्रा ने हाल ही में अयोध्या में आयोजित रामोत्सव राष्ट्रीय चित्रकार शिविर में झारखंड का प्रतिनिधित्व किया। इन्हें शिविर में सम्मानित भी किया गया। इस राष्ट्रीय शिविर में भाग लेने के लिए देशभर से 51 कलाकारों को आमंत्रित किया गया था। राम जन्मभूमि अयोध्या में संस्कार भारती, उत्तर प्रदेश व राज्य ललित कला अकादमी (संस्कृति विभाग), उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रामोत्सव राष्ट्रीय चित्रकार शिविर में झारखंड से चयनित एकमात्र कलाकार रोशन मिश्रा ने दो पेंटिंग बनाई। उन्होंने बताया कि आज तक हम लोगों ने सिर्फ श्रीरामचंद्र जी के संघर्षमय जीवन को ही देखा है। कभी कल्पना में भी नहीं सोचा है कि उनकी भी तो अपनी इच्छा होगी, वह भी तो चाहते होंगे कि सभी परिवार (लव-कुश के साथ) एक साथ बैठें। पर इसी खुशी के लिए वह जीवन भर तरसते रह गए। इसी कल्पना को उन्होंने अपनी पेंटिंग के माध्यम से दर्शाया है। उन्होंने बताया कि उनकी चित्रों को राज्य ललित कला अकादमी के संग्रह में रखा गया है।

### गैर संकार्य क्षेत्र में ठेका मजदूरों के लिए बायोमेट्रिक आरएफ आइडी कार्ड की सुविधा का हुआ शुभारंभ



बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक हरि मोहन झा और जनरल हॉस्पिटल मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीबी करुणामय द्वारा सोमवार को गैर-संकार्य क्षेत्र में ठेका मजदूरों के लिए बायोमेट्रिक आरएफ आईडी कार्ड सुविधा का शुभारंभ किया गया। अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद के मार्गदर्शन में की जा रही इस पहल के प्रथम चरण में बोकारो जनरल अस्पताल के ठेका श्रमिकों के बीच इस कार्ड का वितरण किया जाएगा। इसके बाद अन्य विभागों के ठेका श्रमिकों को भी इस कार्ड की सुविधा दी जाएगी। बोकारो स्टील प्लांट में ठेका मजदूरों की सुविधाओं को पुख्ता बनाने के उद्देश्य से की गई एक महत्वपूर्ण शुरूआत है।

### होटल में छापामारी, शराब का स्टॉक जब्त



गिरिडीह (आजाद सिपाही)। होटलों और रेस्तरां में अवैध तरीके से शराब परोसने को लेकर गिरिडीह पुलिस सख्ती बरते हुए है। इसी क्रम में एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ नीरज सिंह ने जमुआ थाना क्षेत्र के चरघरा गांव स्थित एक होटल में छापामारी किया। उक्त होटल को उसी गांव के महेंद्र वर्मा और उसके भतीजे राजेश वर्मा चला रहे थे। दोनों चाचा-भतीजा अपने होटल में अवैध रुप से शराब भी परोस रहे थे। पुलिस ने होटल बियर-शराब का स्टॉक जब्त किया। साथ ही भतीजा राजेश वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि चाचा महेंद्र वर्मा मौके से फरार होने में सफल रहा। उसकी तलाश की जा रही है।

### दो वांछित गिरफ्तार, भेजे गये जेल

एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। चिरकुंडा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए स्थाई वारंटी व कुर्की जब्ती के मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार कर धनबाद जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी इंस्पेक्टर सह प्रभारी सुनिल कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पुराने मामले में पुलिस ने स्थाई वारंटी कुमारधुबी कोलियरी निवासी अंगद सिंह और चिरकुंडा निचे बाजार के कुर्की जब्ती के वारंटी शौकत अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# गिरिडीह के विकास के लिए आइएनडीआइए प्रत्याशी की जीत बेहद जरूरी हैः मथुरा महतो

**जदयू नेता ने थामा झामुमो का दामन, मथुरा महतो ने किया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** जदयू नेता अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ झामुमो में शामिल हो गए। सोमवार को आइएनडीआइए के प्रत्याशी झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो को पार्टी में शामिल करवाया। भेलाटांड स्थित पेमिया श्रृषीकेश स्कूल के प्रांगण में मथुरा प्रसाद महतो से मुलाकात कर निर्मल रवानी ने गुलदस्ता भेंट किया और कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मथुरा प्रसाद महतो को लोकसभा चुनाव में तन-मन-धन से मदद कर भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। कहा कि एनडीए प्रत्याशी की निष्कृयता से गिरिडीह सांसदिय क्षेत्र का विकास अवरूद्ध हो गया है। इसे गति देने के लिए आइएनडीआइए प्रत्यासी का जीतना जरूरी हो गया हैं। मौके पर अब्दुल अंसारी, भागीरथ रवानी, धीरज रवानी, निताई रवानी, प्रदीप सिंह, सुनील रवानी, आदि उपस्थित थे।

# डीसी ने किया मटेरियल कोषांग का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त गोल्फ ग्राउंड के समीप विवाह भवन में स्थित मटेरियल कोषांग का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने मटेरियल कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार को युद्ध स्तर पर कार्य जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्य सिस्टमैटिक तौर पर करें एवं सामग्री कोषांग में जिस भी सामग्री की कमी है उसे अविलंब निर्वाचन शाखा से मांग करते हुए प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि हर हफ्ते वह मटेरियल कोषांग का निरीक्षण किया जाएगा। इसलिए कार्य में किसी भी प्रकार की कोई कोताही एवं लापरवाही नहीं बरतेंगे। मौके पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार, कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी मौजूद थे।1

## रामनवमी व ईद को लेकर बेरमो थाना में शांति समिति की बैठक

# त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो थाना परिसर में सोमवार को रामनवमी, चैत्र नवरात्र एवं ईद-उल-फितर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता फुसरो नप के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार ने किया। इस बाबत लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र की हालात व क्रियाकलापों से प्रशाशनिक अधिकारियों को अवगत कराया और शांतिपूर्ण त्योहार मनाने के लिए पर्याप्त सुरक्षाबल व संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती, शरारती तत्वों पर विशेष ध्यान देने की अपील की। फुसरो नप के कार्यपालक पदाधिकारी कुंभकार ने कहा कि त्योहारों को देखते हुए युद्ध स्तर पर साफ सफाई करायी जा रही है। झांकी निकालते समय ध्यान रखना है कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो और अखाड़ा कमेटी के पदाधिकारी पर्याप्त मात्रा में वॉलेंटियर तैनात करें, ताकि लोगों की देखरेख करने में सुविधा हो सके। बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि असमाजिक तत्वो पर कार्रवाई की जाएगी। न सिर्फ शांति और सौहार्द पूर्वक रामनवमी मनाएं, बल्कि इस दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता का भी अनुपालन करें। वैसे शरारती तत्वों की पहचान करें, जो त्योहार में खलल डाल शांति व्यवस्था को भंग कर सकते हैं। कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। शांति भंग करने वाले असमाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। इस बार रामनवमी पर्व चुनावी आचार संहिता के दौरान होने के कारण पूरे प्रशासनिक महकमा की विशेष नजर रहेगी। साथ ही जिस रूट पर जुलूस निकलना तय है, उन रूटों का पुलिस प्रशासन निरीक्षण करेगा। बैठक में फुसरो नप के पूर्व नप उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, कांग्रेस के वरीय नेता महेंद्र विश्वकर्मा, उतम सिंह, रामदेव रवि, परवेज अख्तर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, युवा व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष वैभव चौरसिया, बेरमो चेंबर के अध्यक्ष आर उनेश, पूर्व पार्षद जसीम रजा उर्फ गुड्डू, झामुमो के मदन महतो, मो रईश आलम, रमेश स्वर्णकार, ललन रवानी और एएसआई लक्ष्मण चौधरी आदि मौजूद थे।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV
पंचायती राज

## झारखण्ड सरकार
## जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)-सह-उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ
## ( पंचायती राज शाखा )
दूरभाष : 06553-261555 (कार्यालय) ई-मेल : dc-ramgarh@gov.in

– :: आम सूचना :: –

त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन, 2022 में जिला परिषद् सदस्य पद के अभ्यर्थी, जिनके द्वारा अबतक निर्वाचन व्यय का लेखा जमा नही किया गया है, रामगढ़ जिला अन्तर्गत ऐसे 15 (पंद्रह) जिला परिषद् सदस्य पद के अभ्यर्थियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नोटिस निर्गत किया गया है, जिन्हें सम्बन्धित प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम् से सभी 15 (पंद्रह) अभ्यर्थियों से नोटिस तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है।

अब तक निम्नलिखित 03 जिला परिषद् सदस्य पद के अभ्यर्थियों द्वारा लेखा व्यय विवरणी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम् से प्राप्त है –

| क्र.सं. | अभ्यर्थी का नाम एवं पता | निर्वाचन क्षेत्र | नोटिस संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | जयन्त कुमार तूरी, ग्राम+पोस्ट– सौन्दा डी, थाना– पतरातू, जिला– रामगढ | XVI रामगढ़/06/पतरातू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 06 / 2023 |
| 2 | डोली देवी, ग्राम– रसदा, पोस्ट– बलकुदरा, थाना– बासल, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/06/पतरातू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 08 / 2023 |
| 3 | राजेश, ग्राम–सौन्दा बस्ती, पोस्ट सौन्दा डी, थाना– भुरकुण्डा, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/06/पतरातू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 09 / 2023 |

निम्नलिखित 12 जिला परिषद् सदस्य पद के अभ्यर्थियों द्वारा अबतक निर्वाचन व्यय का लेखा जमा नही किया गया है –

| क्र.सं. | अभ्यर्थी का नाम एवं पता | निर्वाचन क्षेत्र | नोटिस संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | सविता देवी, ग्राम– हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, पोस्ट–केदला, थाना–माण्डू, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/02/माण्डू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 01 / 2023 |
| 2 | सुमती देवी, ग्राम– आरा, पोस्ट– सारूबेड़ा, थाना– माण्डू, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/02/माण्डू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 02 / 2023 |
| 3 | मिथिलेश महतो, ग्राम– बड़की डुण्डी, पोस्ट–करमा, थाना–माण्डू, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/04/माण्डू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 03 / 2023 |
| 4 | त्रिभुवन प्रसाद, ग्राम– चैनपुर, पोस्ट– चैनपुर, थाना– माण्डू, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/04/माण्डू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 04 / 2023 |
| क्र.सं. | अभ्यर्थी का नाम एवं पता | निर्वाचन क्षेत्र | नोटिस संख्या |
| 5 | खुशबू देवी, ग्राम– बलकुदरा, पोस्ट– बलकुदरा, थाना– पतरातू, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/06/पतरातू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 05 / 2023 |
| 6 | झरी मुण्डा, ग्राम– बलकुदरा, पोस्ट– बलकुदरा, थाना– पतरातू, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/06/पतरातू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 07 / 2023 |
| 7 | रंजीत कुमार यादव, ग्राम– लबगा, पोस्ट–बलकुदरा, थाना–बासल, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/06/पतरातू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 10 / 2023 |
| 8 | रामफल बेदिया, ग्राम– निम्मी, पोस्ट–पाली, थाना–पतरातू, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/08/पतरातू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 11 / 2023 |
| 9 | अमन कुमार, ग्राम– बारघुटू, पोस्ट– कुम्हरदगा (साड़म), थाना– गोला, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/14/गोला | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 12 / 2023 |
| 10 | तबरेज आलम, ग्राम– बनतारा, पोस्ट– कुम्हरदगा, थाना– गोला, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/14/गोला | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 13 / 2023 |
| 11 | उषा देवी, ग्राम– पतरातू, पोस्ट–बेटुलकला, थाना– गोला, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/15/गोला | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 14 / 2023 |
| 12 | अरविन्द कुमार, ग्राम– सोनडीहा, पोस्ट– चैनपुर, थाना– माण्डू, जिला– रामगढ़ | XVI रामगढ़/04/माण्डू | XVI / पं० / जि०प०स० / 2022 – 15 / 2023 |

अवर सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 03 नि०/पं०– 02/2021 रा०नि०आ०– 339 राँची दिनांक 12/03/2024 द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन, 2022 के उपरोक्त जिला परिषद् सदस्य पद के अभ्यर्थियों का नोटिस तामिला एवं विहित प्रपत्र में अनुपूरक प्रतिवेदन की माँग की गई है।

बजरिये नोटिस उपरोक्त 12 (बारह) जिला परिषद् सदस्य पद के अभ्यर्थियों, जिनके द्वारा अबतक त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन, 2022 का व्यय लेखा जमा नही किया गया है, को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15/04/2024 तक अपने निर्वाचन व्यय का लेखा पंजी, अभिश्रव सहित जिला पंचायत राज कार्यालय, रामगढ़ में स्वयं उपस्थित होकर समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि तक निर्वाचन व्यय का लेखा समर्पित नही करने की स्थिति में झारखण्ड पंचायत राज अधिनियम, 2001 की धारा 65 "क" "क" निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नही किये जाने पर अनर्हता प्रावधान् के आलोक में विहित प्रपत्र में अयोग्य घोषित (निरहर्रित) करने हेतु राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची को प्रतिवेदन भेज दिया जायेगा।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
–सह–उपायुक्त, रामगढ़।

PR.NO.323655 District(24-25):D

# बीजेडी का आरोप : भाजपा नेता फोन पर अधिकारियों को दे रहे हैं धमकी

**यह बहुत दुखद है कि ओड़िशा भाजपा के नेता चुनाव आयोग का नाम बदनाम कर रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बीजेडी के राज्यसभा सदस्य सस्मित पात्र ने भाजपा पर निशाना साधा। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सस्मित ने कहा, भाजपा की ओड़िशा यूनिट में एक व्यावहारिक त्रुटि है। ओड़िशा भाजपा सरकारी अधिकारियों के खिलाफ तब बोलती है जब वे चुनाव में हार महसूस करते हैं। 2019 में, यह जानते हुए कि हार निश्चित थी, ओड़िशा भाजपा ने सरकारी अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। 2024 के चुनावों में भी इसी तरह की घटना देखी गयी है। जैसे ही हर चुनाव में हार का डर सताता है, ओड़िशा बीजेपी सरकारी अधिकारियों का विरोध करने लगती है। 2024 में, उन्होंने विरोध करना और सरकारी अधिकारियों को फोन पर धमकी देना शुरू कर दिया। 2024 से पहले वे सिर्फ विरोध कर रहे थे, लेकिन अब उन्हें सीधे धमकी दी जा रही है। उन्होंने बीडीओ, तहसीलदार, पुलिस आईआईसी, डीएसपी को फोन किया और कहा कि सपोर्ट करें नहीं तो अन्यथा परेशानी होगी। ओड़िशा बीजेपी के ऐसे रुख को लेकर बीजेडी की ओर से मुख्य चुनाव अधिकारी को एक याचिका भेजी गयी है। याचिका में कहा गया है कि ओडिशा बीजेपी नेतृत्व और उनके उम्मीदवार चुनाव आयोग को बदनाम कर रहे हैं। ओड़िशा बीजेपी के नेता सीधे तौर पर धमकी दे रहे हैं कि अगर उन्होंने इसका समर्थन नहीं किया तो वे चुनाव आयोग से कहकर इसे बदल दिया जायेगा। बीजेडी चुनाव अधिकारियों का सम्मान करता है। वे अपने प्रदर्शन में विश्वास करते हैं। यह बहुत दुखद है कि ओड़िशा भाजपा के नेता चुनाव आयोग का नाम बदनाम कर रहे हैं और सरकारी अधिकारियों को धमकी दे रहे हैं।

ओड़िशा ने इस तरह की निम्न स्तर की राजनीति कभी नहीं देखी। हमने चुनाव आयोग से इस पर गौर करने और कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। ओड़िशा के लोगों को यह जानने की जरूरत है कि ओड़िशा भाजपा किस निम्न स्तर की राजनीति कर रही है।

**चुनाव को प्रभावित करने की बीजेडी की नापाक साजिश के खिलाफ राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से शिकायत**

# सीएम कार्यालय में 9 वर्षों से कार्यरत अधिकारी डी एस कुट्टे को तुरंत दूसरे राज्य में स्थानांतरित किया जाना चाहिए : समीर महंती

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** यह स्पष्ट हो गया है कि ओड़िशा में आगामी आम चुनाव में बीजेडी की हार होगी। बीजेडी चुनाव को प्रभावित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों का इस्तेमाल कर रही है। कई वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद, उन्होंने अन्याय, अनैतिकता, व्यभिचार और अपनी पार्टी द्वारा बार-बार आदर्श आचार संहिता के घोर उल्लंघन को अपनाया है। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य चुनाव अधिकारी से मुलाकात की और सत्तारूढ़ बीजेडी के चुनावों को प्रभावित करने के नापाक मंसूबों के खिलाफ तथ्यों और सबूतों पर चर्चा की। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य के आठ वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को उनकी संदिग्ध और पक्षपातपूर्ण गतिविधियों के कारण वर्तमान आम चुनाव के संचालन के प्रभार से हटने का निर्देश दिया है। लेकिन वरिष्ठ अधिकारी डी एस कुट्टे 9 वर्षों से मुख्यमंत्री कार्यालय में तीसरी मंजिल पर एडिशनल डीजी के पद पर तैनात हैं। कुट्टे नियमित रूप से विभिन्न जिलों में एसपी, आईआईसी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को सत्तारूढ़ बीजेडी के पक्ष में काम करने के लिए धमकी दे रहे हैं। चुनाव के दौरान वे असद तरीके से बीजेडी के लिए बड़ी मात्रा में पैसे बांटने को कह रहे हैं। उनके उकसावे पर भी भाजपा सहित अन्य विपक्षी दलों की एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है। जबकि सत्तारूढ़ दल बीजेडी के स्वार्थ के आरोपों के आधार पर पुलिस प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर रहा है। सत्ताधारी बीजेडी अन्य सरकारी अधिकारियों को धमकाकर बीजू जनता दल के पक्ष में वोट करने की भी धमकी दे रही है। यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 129 का घोर उल्लंघन है। कुट्टे धमकी देकर और धमकाकर सत्तारूढ़ बीजेडी के पक्ष में चुनाव को प्रभावित कर रहे हैं, जैसा कि उनके फोन कॉल के विवरण से स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। जिसे उनके फोन कॉल रिकॉर्ड की अनुध्यान और जांच से स्पष्ट रूप से साबित किया जा सकता है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य समीर महांति ने दावा किया है कि इस मामले की शिकायत भारत निर्वाचन आयोग से की गयी है और राज्य निर्वाचन पदाधिकारियों को भी ऐसी संवेदनशील घटना की जानकारी दी गयी है। महांति ने राज्य निर्वाचन अधिकारी से कुट्टे सहित सभी पक्षपाती सरकारी अधिकारियों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई शुरू करने और इस चुनाव को स्वतंत्र, मुक्त और निष्पक्ष बनाने के लिए उन्हें अन्य राज्यों में स्थानांतरित करने की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश प्रवक्ता सत्यब्रत पंडा, दिलीप मल्लिक, पूर्व सांसद और दिगपहंडी विधायक प्रत्याशी सिद्धांत महापात्र, प्रदेश मीडिया समन्वयक सुजीत कुमार दास, प्रदेश चुनाव सेल संयोजक जयंत जेना, अरिंदम राय प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## मोजाम्बीक में नाव डूबी, 96 की मौत

**मोजाम्बीक (एजेंसी)।** इस्ट अफ्रीकी देश मोजाम्बीक में रविवार देर रात एक नाव समुद्र में डूब गयी। हादसे में 96 लोगों की मौत हो गयी। इनमें कई बच्चे हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका जतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक मछली पकड़ने वाली नाव पर 130 लोग सवार थे, जो इसकी क्षमता से ज्यादा थे। 5 लोगों को बचाया जा सका, जबकि कई लापता हैं। इनकी तलाश जारी है। नाव नामपुला प्रांत स्थित मोजाम्बीक आईलैंड के पास समुद्र में डूबी। नामपुला के सेक्रेटरी जैमे नेटो ने बताया कि नाव मोसुरिल से निकलकर मोजाम्बीक आइलैंड जा रही थी। इस पर सवार सभी लोग हैजा की बीमारी से बचने के लिए पलायन कर रहे थे। सोशल मीडिया पर घटना से जुड़े वीडियो वायरल हो रहे हैं, इनमें लोगों को रेस्क्यू करते और समुद्र के किनारे कई लाशों को देखा जा सकता है।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.in

## बदले दो जिलों के एसपी : अश्विनी को खुर्दा और सार्थक को ब्रह्मपुर की जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता


ELECTION COMMISSION OF INDIA

**भुवनेश्वर।** आम चुनाव से पहले बदले दो जिलों के एसपी। चुनाव आयुक्त ने खोरधा और ब्रह्मपुर के पुलिस अधीक्षकों का तबादला किया गया।

अब ब्रह्मपुर के नये एसपी के रूप में आईपीएस सार्थक षडंगी को कार्यभार सौंपा गया है। इसी तरह आईपीएस अधिकारी अश्विनी कुमार को खुर्दा जिले का नया एसपी नियुक्त किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी गयी है।

## द्वारशुनी घाटी में यात्री बस दुर्घटना, चालक की हालत गंभीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बांगीरिपोशी से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 49 के द्वारशुनी घाट पर दुर्घटना। यात्री बस एक बड़ी चट्टान से टकराने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और 30 से अधिक श्रमिक घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक विष्णु नामक बस देवगड जिले से श्रमिकों को लेकर मुर्शिदाबाद जा रही थी। अचानक बस द्वारशुनी घाटी रोड पर एक पत्थर से टकरा गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। बस में सवार लगभग 80 श्रमिकों में से 30 से अधिक घायल हो गये जब चालक गाडिके भीतर फंस गया। बांगीरिपोशी पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को बचाया और उन्हें बांगीरिपोशी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इस बीच, गंभीर हालत में श्रमिकों को बारीपदा के पीआरएम अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## न्यूज रील्स

### बीजेडी के पूर्व सांसद प्रभास सिंह ने पार्टी से दिया इस्तीफा



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व सांसद और बरगड जिला अध्यक्ष प्रभास सिंह ने बीजेडी से इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने जिला अध्यक्ष और प्राथमिक सदस्य के पद से इस्तीफा दे दिया है। सोमवार को नवीन आवास पर आकार उन्होंने अपना इस्तीफा सौंप दिया। 2014 से 2019 तक प्रभास सिंह बरगड के सांसद रहे। इस बार वह टिकट के दावेदार थे। पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। इस्तीफा देने के बाद प्रभास सिंह ने कहा कि उन्होंने पार्टी द्वारा दी गयी जिम्मेदारियों को बहुत अच्छी तरह से निभाया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि अब पार्टी में उनकी कोई आवश्यकता नहीं है और उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में वह अपने समर्थकों के साथ चर्चा करने के बाद तय करेंगे कि वह किस पार्टी में शामिल होंगे या उनकी रणनीति क्या होगी।

### चित्र स्मरण प्रतीयोगिता



**भुवनेश्वर।** मंडल कार्यालय के सभाग में चित्र स्मरण प्रतीयोगिता का आयोजन मंडल प्रमुख डा आलोक रंजन सेनापति की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सदस्य कार्यालयों से कुल 25 प्रतिभागियों द्वारा सहभागिता की गयी। कार्यक्रम में अन्य सदस्यों में शामिल थे डा बन बिहारी साहू मुख्य प्रबंधक राजभाषा एवं सदस्य सचिव नराकास, आनंद बिहारी साव वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा, प्रिंस लकी सिंह कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, राजनारायण पात्रों वरिष्ठ अनुवादक, प्रतिभा बहिधर प्रबंधक राजभाषा उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक अजयंती भाजपा में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता


सांसद अपराजिता षड़ंगी ने पार्टी मुख्यालय में नये सदस्यों का स्वागत किया।

**भुवनेश्वर।** आज प्रदेश कार्यालय में आयोजित विलय उत्सव में जी उदयगिरि की पूर्व विधायक अजयंती प्रधान ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी छोड़ कर आधिकारिक तौर पर भाजपा में शामिल हुए। इसी तरह प्रतिष्ठित शिक्षाविद् और ओयूएटी प्रोफेसर डॉ आशुतोष सामंतराय और बीजेबी कॉलेज के पूर्व अधक्ष सुरेंद्र नाथ महांति भी भाजपा में शामिल हो गये हैं। राजधानी भुवनेश्वर के कई बुद्धिजीवी, व्यवसायी और प्रमुख हस्तियां भाजपा में शामिल हो गयी हैं। इस अवसर पर देवस्मिता महांति, डॉ लिता महापात्र, प्रसन्न पात्र, नमिता शतपथी, ज्योर्तिवित मधुस्मिता दास, अभिप्सा दास, चंदन नायक, राजेश कुमार पटांगी, राजेंद्र भतीया, अनिता अग्रवाल, राज सांतुका, सागरिका राउत, पवित्र बारिक, बिष्णुप्रिया मित्र, दुष्मंत रावतराय प्रमुख औपचारिक रूप से बीजेपी में शामिल हो गये। सांसद अपराजिता षड़ंगी ने राज्य कार्यालय में आयोजित विलय समारोह में नए सदस्यों का स्वागत किया।

# बिना फैसले के मामलों को रिजर्व रखना गलत : सीजेआइ चंद्रचूड़

**महीनों बाद सुनवाई पर मौखिक दलीलें मायने नहीं रखतीं, जज भी भूल जाते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआइ) डीवाई चंद्रचूड़ ने अदालती मामलों को महीनों रिजर्व रखने के जजों के रवैये पर नाराजगी जतायी है। सीजेआइ ने सोमवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि जज बिना फैसला सुनाये किसी केस को 10 महीनों से ज्यादा समय तक रिजर्व रखते हैं। यह चिंता का विषय है। इतने लंबे समय के बाद केस पर दोबारा सुनवाई हो तो पिछली सुनवाई के दौरान रखी गयी मौखिक दलीलें मायने नहीं रखतीं। जज भी कई बातें भूल जाते हैं। सीजेआइ ने बताया कि उन्होंने इस मामले को लेकर सभी हाइकोर्ट को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि पत्र के बाद मैंने देखा कि कई जज केवल मामलों को डी-रिजर्व करते हैं, लिस्टिंग करते हैं और फिर आंशिक सुनवाई करते हैं। हमें उम्मीद है कि देश के अधिकतर हाइकोर्ट में यह चलन नहीं है। सीजेआइ चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने हाइकोर्ट से कहा कि मामले को जल्दी निपटाएं और पहले संक्षिप्त सुनवाई के लिए मामले को दोबारा लिस्टेड करें। हम आपके (हाईकोर्ट्स) के बोझ को समझते हैं।

# विवाह के लिए कन्यादान जरूरी नहीं: हाइकोर्ट

**शादी से जुड़े केस की सुनवाई करते हुए की टिप्पणी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** हिंदू विवाह अधिनियम के तहत हिंदू शादियों के लिए कन्यादान जरूरी नहीं है। यह टिप्पणी इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने की है। दरअसल आशुतोष यादव द्वारा दायर एक पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ये बातें कही। कोर्ट ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा सात का भी जिक्र किया। कहा कि इस अधिनियम के प्रविधानों के मुताबिक सिर्फ सप्तपदी (सात फेरे) ही ऐसी परंपरा है, जो हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए आवश्यक है। कन्या दान हुआ है कि नहीं यह कोई मायने नहीं रखता है। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने आशुतोष यादव की ओर से दाखिल एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर यह टिप्पणी की है। याची की ओर से शादी के विवाद के संबंध में चल रहे आपराधिक मामले में दो गवाहों को पुनः समन किये जाने की प्रार्थना की गयी थी। ट्रायल कोर्ट ने याची की प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया, इस पर उसने 6 मार्च को हाइकोर्ट की शरण ली। याची की तरफ से दलील दी गयी कि उसकी पत्नी का कन्यादान हुआ था अथवा नहीं, यह स्थापित करने के लिए अभियोजन के गवाहों जिसमें वादी भी शामिल है, को पुनः समन किया जाना आवश्यक है। इस पर कोर्ट ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा सात का उल्लेख किया, जिसके तहत हिंदू विवाह के लिए सात फेरे को ही अनिवार्य परंपरा माना गया है। कोर्ट ने कहा कि उक्त प्रविधान को देखते हुए, कन्यादान हुआ था अथवा नहीं, यह प्रश्न प्रासंगिक ही नहीं है, लिहाजा गवाहों को पुनः समन किये जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। यह टिप्पणी देकर कोर्ट ने दोबारा समन की याचिका खारिज कर दी।

अदालत ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम की धारा सात इस प्रकार है। हिंदू विवाह के लिए समारोह- (1) एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के प्रथागत संस्कारों और समारोहों के अनुसार मनाया जा सकता है। (2) ऐसे संस्कारों और समारोहों में सप्तपदी (यानी दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के समक्ष संयुक्त रूप से सात फेरे लेना) शामिल है। सातवां फेरा लेने पर विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है।

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION

Franchise Benefit
☑ All Computer Courses
☑ Vocational Courses
☑ Authorization Letter
☑ Authorization Certificate
☑ Web Login ID & Password
☑ Study Material Support
☑ PDF Certificate in 24 Hrs
☑ Hard Copy Certificate & Mark sheet
☑ Students Placement Support
☑ Marketing Support
☑ Online & Offline Certificate
☑ Yearly Career Guidance
☑ Seminar in your City

FREE FRANCHISE

Certified with

For More Details Visit Now
Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

आवश्यकता
रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है
संपर्क करें -
मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहसीन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**